वर्ष 19 | अंक 116 | पृष्ठ 12
देवघर
सोमवार, 28 अक्टूबर 2024
मूल्य ₹ 3/-

हिन्दी दैनिक
# श्वेत पत्र
आपकी बात सच के साथ



पेज 12 : पीएम ने अर्जुन ....

www.shwetpatra.co.in
देवघर व रांची से प्रकाशित एवं पूरे झारखंड, बिहार तथा बंगाल में प्रसारित
E-mail : shwetpatra10@gmail.com

## चंद्रमा पर खोज के लिए अंतरिक्ष स्टेशन पर बनेगा लॉन्चिंग पैड



### इसरो के चेयरमैन ने भारत के लैंडर तकनीक में महारत हासिल करने की घोषणा की


**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत जल्द ही लैंडर टेक्नोलॉजी में महारत हासिल कर लेगा, साथ ही भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन को चंद्रमा पर खोज के लिए लॉन्चिंग प्वाइंट बनाने की भी तैयारी है।

यह बात भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो के चेयरमैन डॉ. एस सोमनाथ ने कही। वह नई दिल्ली के रंग भवन में आकाशवाणी द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित सरदार पटेल स्मारक व्याख्यान 2024 में 'भारतीय अंतरिक्ष यात्रा' नई सीमाओं की खोज' विषय पर व्याख्यान दे रहे थे। अपने व्याख्यान में, प्रतिष्ठित वैज्ञानिक सोमनाथ ने भारत के अंतरिक्ष विजन 2047 के बारे में जानकारी प्रदान की। उन्होंने चंद्रमा पर भारतीय लैंडिंग के मिशन के बारे में भी विस्तार से बाताया। डॉ. सोमनाथ ने चंद्रमा पर खोज के लिए लॉन्चिंग पॉइंट के रूप में भारतीय अंतरिक्ष अंतरिक्ष स्टेशन की अवधारणा को पेश करते हुए कहा, इसरो ने लैंडर तकनीक में महत्वपूर्ण सुधार किए हैं। उन्होंने रियूजेबल रॉकेट के विकास के बारे में भी विस्तार से बात की और भविष्य की खोज की योजनाओं के बारे में बताया। इसमें चंद्रमा और मंगल पर सफल मिशनों के बाद शुक्र की कक्षा, सतह का अध्ययन करने के लिए मिशन शामिल थे। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष मिशनों के अलावा, इसरो प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन और नेविगेशन में देश की अनुप्रयोग आवश्यकताओं को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित करता है।

## संक्षिप्त समाचार

### लॉरेंस के भाई ने रची बाबा सिद्दीकी हत्याकांड की साजिश

मुंबई (एजेंसी)। एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या की साजिश गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के कनाडा में बैठे भाई अनमोल ने रची। रिपोर्ट के मुताबिक मुंबई क्राइम ब्रांच ने बताया, हत्याकांड के आरोपी रामफूल कंजोइया और नितिन सप्रे से पूछताछ के दौरान अनमोल की



साजिश रचने वाली बात सामने आई। अनमोल ने एक अन्य आरोपी सुजीत सुशील सिंह उर्फ डब्बू के जरिए हमले को अंजाम दिया। उसे शुक्रवार को लुधियाना से गिरफ्तार किया गया था। उसके पास से हथियार भी जब्त किया गया है। डब्बू ही अनमोल और शूटर्स के बीच का लिंक था। उसने राजस्थान से हथियारों का इंतजाम किया था।

### इजरायल ने एक ही हमले में तोड़ी ईरानी सेना की कमर

तेल अवीव (एजेंसी)। इजरायल और हमास के बीच तनाव बढ़ा हुआ है। यह तनाव शनिवार को तब और भी ज्यादा बढ़ गया जब इजरायल की ओर से ईरान पर हमला बोला गया। इस हमले में ईरानी एयर डिफेंस के चार सैनिक मारे गए। इसके बावजूद ईरान इजरायल के हमले को कम करके दिखाने में लगा है लेकिन अब रिपोर्ट आई है कि इजरायल ने अपने हमले के



जरिए ईरान की बैलिस्टिक मिसाइल प्रोग्राम को बड़ा झटका दिया है। इजरायली वायुसेना ने एक दर्जन ऐसे ठिकानों पर हमला किया, जहां ईरान की बैलिस्टिक मिसाइलों के लिए ठोस ईंधन बनता था। इन्हीं मिसाइलों के जरिए ईरान इजरायल पर हमला करता है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि आने वाले समय में इससे ईरान की मिसाइल उत्पादन क्षमता सीमित हो जाएगा।

### झारखंड के बाद महाराष्ट्र में भी कांग्रेस की बढ़ी टेंशन

नई दिल्ली (एजेंसी)। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर एक तरफ जहां महाविकास अघाड़ी में सीट शेयरिंग को लेकर भारी माथापच्ची हो रही है, तो दूसरी ओर सीटें कम होने के चलते कांग्रेस में टिकट बंटवारे से लेकर आंतरिक बगावत होने की संभावनाएं बढ़ गई है। यह कांग्रेस के लिए टेंशन इसलिए भी क्योंकि पार्टी के एक प्रत्याशी ने अपना



टिकट ही वापस कर दिया है। दरअसल, महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर विपक्षी गठबंधन एमवीए के तहत एनसीपी, कांग्रेस और शिवसेना उद्धव गुट के बीच 85-85 सीटों का फॉर्म्यूला बना है और कांग्रेस पार्टी अब तक 3 लिस्ट जारी कर चुकी है, जिसमें कुल 87 नाम है। मतलब साफ है कि पार्टी अपने कोटे के सभी प्रत्याशी घोषित कर चुकी है।

## कोई सरकारी एजेंसी नहीं करती है वीडियो कॉल

### 'डिजिटल अरेस्ट' पर पीएम मोदी ने देश को किया आगाह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में डिजिटल अरेस्ट के मामले इन दिनों तेजी से बढ़ रहे हैं। डिजिटल अरेस्ट के जरिए साइबर ठग आसानी से लोगों को अपना शिकार बना लेते हैं। कई लोग इसमें फंसकर अपने मेहनत





की कमाई गंवा भी चुके हैं। हालांकि, पुलिस और सरकार की ओर से लगातार डिजिटल अरेस्ट से बचने को लेकर कई सुझाव सामने आते रहते हैं। फिर भी इन मामलों में लगाम लगती नहीं दिख रही। ऐसे में अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों को इस संबंध में आगाह किया। उन्होंने एक वीडियो क्लिप के जरिए बताया कि कैसे साइबर अपराधी डिजिटल अरेस्ट के जरिए लोगों को ठगते हैं। पीएम मोदी ने अपने रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 115वें संस्करण में लोगों को 'डिजिटल अरेस्ट' के नाम पर होने वाले धोखाधड़ी के प्रति आगाह किया। पीएम मोदी ने बताया कि जांच एजेंसियां इस मुद्दे से निपटने के लिए राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम कर रही हैं। 'डिजिटल अरेस्ट' के शिकार लोगों में हर वर्ग और हर उम्र के लोग शामिल हैं। डर के कारण लोगों ने अपनी मेहनत से कमाए लाखों रुपए गंवा दिए हैं। अगर आपके पास भी कभी ऐसा कोई फोन आए तो आपको डरना नहीं चाहिए। पीएम मोदी ने लोगों को आगाह करते हुए कहा कि आपको पता होना चाहिए कि कोई भी जांच एजेंसी कभी भी फोन कॉल या वीडियो कॉल पर इस तरह की पूछताछ नहीं करती है। पीएम मोदी ने रविवार को 'मन की बात' के 115वें एपिसोड में बताया कि कैसे डिजिटल अरेस्ट से बचा जा सकता है। पीएम मोदी ने इस दौरान धोखाधड़ी करने वालों के तौर-तरीकों को दिखाते हुए एक वीडियो क्लिप भी दिखाया।

उन्होंने कहा कि डिजिटल अरेस्ट के नाम पर होने वाले धोखाधड़ी से सावधान रहें। कानून के तहत डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई व्यवस्था नहीं है। कोई भी सरकारी एजेंसी इस तरह की किसी जांच के लिए आपसे कभी भी फोन या वीडियो कॉल के जरिए संपर्क नहीं करेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि धोखाधड़ी करने वाले खुद को पुलिस, सीबीआई, नारकोटिक्स और कभी-कभी बैंक के अधिकारी बताते हैं।

### जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देने पर मोदी सरकार सहमत

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्र में जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने पर सहमति बन गई है। वहीं, लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश बना रहेगा। नवंबर के आखिरी हफ्ते में शुरू होने वाले संसद के शीतकालीन सत्र में इससे जुड़ा प्रस्ताव लाया जाएगा। राज्य के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने 23 अक्टूबर को गृह मंत्री अमित शाह और 24 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की



थी। इस दौरान उमर ने पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने का आग्रह किया था। उन्हें इसी साल राज्य का दर्जा बहाल करने का आश्वासन मिला था। साल 2019 में अनुच्छेद 370 और 35ए हटाते समय जम्मू-कश्मीर और लद्दाख दो केंद्र शासित प्रदेश बनाए गए थे। सरकार ने उस समय ही राज्य के हालात सामान्य होने पर पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने का भरोसा दिया था। हालिया राज्य विधानसभा चुनाव में भी भाजपा ने इसे दोहराया था। चुनाव के बाद गठित सरकार की पहली कैबिनेट मीटिंग में राज्य का दर्जा बहाल करने का प्रस्ताव पास करके उप-राज्यपाल (एलजी) को भेजा गया था।

## राजस्थान की 7 सीटों पर बीजेपी ने रचा 'चक्रव्यूह'



- कांग्रेस की शिकस्त के लिए हर सीट पर लगाए 2 महारथी
- प्रमुख नेताओं को सौंपी जिम्मेदारी, जमीनी स्तर पर काम भी

जयपुर (एजेंसी)। राजस्थान में सात विधानसभा सीटों के उपचुनाव को लेकर बीजेपी ने 'खास प्लान' तैयार कर लिया है। इस प्लान के चलते बीजेपी ने सातों विधानसभा सीटों पर 'चक्रव्यूह' तैयार किया है। बीजेपी इन सीटों पर कांग्रेस उम्मीदवार को घेरने के लिए अपनी रणनीति को क्रियान्वित करने का प्रयास करेगी। इसके तहत राजस्थान के मुख्यमंत्री, डिप्टी सीएम सहित 12 मंत्री और 34 नेताओं ने अपना मोर्चा संभाल लिया है। इधर, बीजेपी सातों सीटों में से अधिक से अधिक सीटों पर अपना कब्जा जमाने के लिए बेताब है। बीजेपी की सोशल मीडिया टीम भी एक्टिव होकर अपने मिशन में जुट गई है। देवली उनियारा विधानसभा सीट पर बीजेपी की तरफ से पूर्व विधायक राजेंद्र गुर्जर उम्मीदवार है। इसको लेकर पार्टी ने जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चैधरी, जिला प्रभारी मंत्री हीरालाल नागर को नियुक्त किया है। इसी तरह सांसद दामोदर अग्रवाल, बंशीलाल खटीक को चुनावी रणनीति को लेकर जिम्मेदारी सौंप गई है। रामगढ़ सीट के लिए बीजेपी ने अपने दो मंत्रियों को जिम्मेदारी सौंपी है, इनमें सहकारिता मंत्री गौतम दक और गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म शामिल है। इसके अलावा बीजेपी के प्रदेश मंत्री महेंद्र कुमावत, मुकेश गोयल को भी रामगढ़ विधानसभा की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## 'लव ट्रैप' और नौकरी छोड़ने के लिए बनाया जा रहा दबाव

- बांग्लादेश में हिंदुओं को बदनाम और परेशान करने के लिए कट्टरपंथियों की नई साजिश

**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यक समुदाय एक नई तरह की मुश्किल का सामना कर रहा है। पहले जहां सीधे हमले या हिंसा देखने को मिलती थी, वहीं अब उनके साथ भेदभाव और धमकियों का सिलसिला शुरू हो गया है। कट्टरपंथी संगठन उन्हें सामाजिक बहिष्कार, बदनामी और अन्यायपूर्ण रवैये के जरिए निशाना बना रहे हैं। धार्मिक भेदभाव की इस नई लहर ने देश के हिंदू समुदाय में डर और असुरक्षा की भावना पैदा कर दी है। दूसरी तरफ कट्टरपंथी संगठनों ने हाल ही में हिंदुओं को बदनाम करने के लिए कथित तौर पर नया अभियान शुरू कर दिया। इस




अभियान का नाम 'लव ट्रैप' है। इस अभियान में वे झूठा आरोप लगाते हुए अफवाह फैला रहे हैं कि हिंदू पुरुष मुस्लिम महिलाओं को लुभाकर उनका धर्म परिवर्तन करा रहे हैं। बांग्लादेश के कई इलाकों में इस मुद्दे पर पोस्टर लगाए गए हैं, जिसमें मुस्लिम महिलाओं से सावधानी बरतने की अपील की गई है। इस तरह का अभियान धार्मिक तनाव को और बढ़ावा दे रहा है और हिंदू-मुस्लिम रिश्तों में दरार पैदा करने की कोशिश कर रहा है।

## महाराष्ट्र चुनाव से पहले जयशंकर ने चला 'विदेशी निवेश' का दांव

### कहा-विदेशी निवेश के लिए राज्यों में बेहतर प्रदर्शन वाली सरकार की है जरूरत

### विदेश मंत्री ने कहा-केंद्र सरकार के साथ तालमेल से बढ़ता है निवेशकों का भरोसा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विदेश मंत्री जयशंकर ने दीवाली से पहले मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में विकास कार्यों की रफ्तार का जिक्र किया। विदेश मंत्री ने कहा कि विकसित भारत के लिए विकसित महाराष्ट्र की जरूरत है। जयशंकर ने कहा कि आजादी के बाद से इंफ्रास्ट्रक्चर से लेकर विभिन्न क्षेत्रों में महाराष्ट्र का योगदान सबसे अधिक रहा है।



विदेश मंत्री ने जर्मनी के चांसलर की भारत यात्रा और पीएम मोदी के सिंगापुर दौरे, जी-7 मीटिंग, अमेरिका दौरे का जिक्र किया। विदेश मंत्री ने कहा कि सरकार का पूरा फोकस भारत में निवेश लाने पर है। जयशंकर ने डबल इंजन की सरकार का जिक्र कर महाराष्ट्र चुनाव में बीजेपी सरकार लाने की भी पैरवी भी कर दी। विदेश मंत्री ने अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग इंडस्ट्रियल पॉलिसी से जुड़े सवाल का जवाब दिया। महाराष्ट्र की दुनिया में छवि भी बनेगी। जयशंकर ने कहा कि विदेशी निवेशकों का महाराष्ट्र में बहुत रुचि होती है। ऐसे में महाराष्ट्र में ऐसी सरकार की जरूरत है जो केंद्र के साथ मिलकर नीतियों की समानता के साथ प्रोजेक्ट को जमीन पर उतार सके।

### जयशंकर बोले-
## चीन बॉर्डर पर तनाव कम करना होगा अगला स्टेप

मुंबई (एजेंसी)। भारत-चीन के बीच एलएसी पर पेट्रोलिंग को लेकर हुए समझौते पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि सैनिकों की वापसी पहला कदम है। अगला कदम तनाव कम करना है। मुंबई में रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में विदेश मंत्री ने कहा- दोनों देशों के बीच तनाव तभी कम होगा, जब भारत को यकीन न हो जाए कि चीन भी ऐसा ही चाह रहा है। तनाव कम करने के बाद, बॉर्डर को कैसे मैनेज किया जाए, इस पर चर्चा की जाएगी। एक दिन पहले शनिवार को पुणे में एक कार्यक्रम में जयशंकर ने कहा था कि भारत सरकार का अपनी बात पर अड़े रहना काम कर गया। आज हम जिस मुकाम पर पहुंचे हैं, उसके दो कारण हैं। पहला- हम अपनी बात से पीछे नहीं हटे, यह केवल इसलिए संभव हो सका क्योंकि सेना देश की रक्षा के लिए हर मौके पर डटी रही और कूटनीति ने अपना काम किया। दूसरा- पिछले एक दशक में हमने अपने बुनियादी ढांचे में भी सुधार किया है।

जयशंकर ने कहा- मुझे लगता है कि इन दो कारणों के चलते भारत-चीन सीमा विवाद पर पेट्रोलिंग का मुद्दा हल हो सका है। दरअसल, भारत-चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में चार साल से सीमा विवाद को लेकर तनाव था। दो साल की लंबी बातचीत के बाद पिछले दिनों एक समझौता हुआ है। दोनों सेनाएं विवादित पॉइंट्स देपसांग और डेमचोक से पीछे हटेंगी।

### सीजेआई बोले-वे न्यायपालिका के लिए बजट देते हैं
## सरकार के प्रमुख से मिलना कोई डील होना नहीं है

### कहा-अगर लेटर पर ही निर्भर रहेंगे तो काम नहीं होगा

**पुणे (एजेंसी)।** सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा है कि सरकार के प्रमुख जब हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस से मिलते हैं तो इन मुलाकातों में राजनीतिक परिपक्वता होती है। मुंबई के एक कार्यक्रम में सीजेआई ने कहा- हम राज्य या केंद्र सरकार के मुखिया से मिलते हैं तो इसका अर्थ यह नहीं है कि कोई डील हो गई। चीफ जस्टिस ने ये भी कहा कि हमें राज्य के सीएम के साथ बातचीत करनी होती है, क्योंकि वे न्यायपालिका के लिए बजट देते हैं। यदि मुलाकात न करके केवल लेटर्स पर निर्भर रहें तो काम नहीं होगा। ये मीटिंग पॉलिटिकल मेच्योरिटी का एक साइन है। मेरे करियर में ऐसा कभी नहीं हुआ कि किसी पीएम ने कभी भी मुलाकात के दौरान किसी लंबित केस के बारे में कुछ कहा हो। सीजेआई ने कहा- कोर्ट और सरकार के बीच का एडमिनिस्ट्रेटिव रिलेशन, ज्यूडिशियरी के काम से अलग है। पीएम या चीफ जस्टिस त्योहारों या शोक में एक-दूसरे से मिलते हैं। यह हमारे काम पर कोई असर नहीं डालता। अदालतों में छुट्टियों को लेकर उठने वाले सवालों पर सीजेआई ने कहा- लोगों को यह



समझना चाहिए कि जजों पर काम का बहुत बोझ है। उन्हें सोचने-विचारने का भी समय चाहिए होता है, क्योंकि उनके फैसले समाज का भविष्य तय करते हैं। मैं खुद रात 3.30 बजे उठता हूं और सुबह 6.00 बजे से अपना काम शुरू कर देता हूं। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट एक साल में 181 केस निपटाता है, जबकि भारतीय सुप्रीम कोर्ट में इतने केस तो एक ही दिन में निपटाए जाते हैं। हमारा सुप्रीम कोर्ट हर साल 50,000 केस निपटाता है। **कोलेजियम की जिम्मेदारी राज्य-केंद्र और ज्यूडिशियरी में बंटी-** कॉलेजियम सिस्टम एक यूनियन सिस्टम है, जहां जिम्मेदारियां अलग-अलग लेवल पर केंद्र सरकार, राज्य सरकार और ज्यूडिशियरी में बंटी हैं। इसमें आम सहमति बनती है, लेकिन कभी-कभी ऐसा भी होता है जब सहमति नहीं बन पाती। ऐसे में ज्यूडिशियरी के अलग अलग लेवल पर और सरकारों के अलग-अलग लेवल पर मेच्योरिटी के साथ निपटाया जाता है। मैं चाहता हूं कि हम एक आम सहमति बनाने में सक्षम हों। हर संस्थान में सुधार किया जा सकता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि इसमें बुनियादी तौर पर कुछ गड़बड़ है। जिस संस्था को हमने ही बनाया है, उसकी आलोचना करना बहुत आसान है।

हर संस्था में बेहतरी का स्कोप होता है, लेकिन हमें यह नहीं सोचना चाहिए कि बुनियादी तौर पर कुछ गड़बड़ है। ये संस्थाएं 75 साल से चल रही हैं। हमें डेमोक्रेटिक गवर्नेंस के हमारे सिस्टम पर भरोसा करना चाहिए, ज्यूडिशियरी भी इसी का एक भाग है। सोशल मीडिया के कारण फैसला सुनाने में पूरी दुनिया की न्यायपालिकाओं में बदलाव आया है।

हिन्दी दैनिक
श्वेत पत्र
आपकी बात सच के साथ
देवघर, सोमवार, 28 अक्टूबर, 2024



## एक नजर

### युवा छात्र खनन उद्योग में करियर बनाने को संकल्पित हो : नीलाद्री रॉय

**आसनसोल (एप्र)।** ईसीएल के निदेशक (तकनीकी) नीलाद्री रॉय ने आईआईटी (आईएसएम) धनबाद के खनन इंजीनियरिंग विभाग और



एसएमई आईआईटी (आईएसएम) स्टूडेंट चैप्टर द्वारा आयोजित वार्षिक टेक्नो-माइनिंग फेस्ट खनन 24 में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और एक मुख्य भाषण दिया। आईआईटी (आईएसएम) धनबाद के खनन इंजीनियरिंग विभाग और एसएमई आईआईटी (आईएसएम) स्टूडेंट चैप्टर द्वारा आयोजित वार्षिक टेक्नो-माइनिंग फेस्ट खनन 24 के उद्घाटन सत्र के दौरान, ईसीएल के निदेशक (तकनीकी) नीलाद्री रॉय ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और एक मुख्य भाषण दिया। अपने संबोधन में, श्री रॉय ने युवा छात्रों को खनन उद्योग में करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया, देश की ऊर्जा सुरक्षा में इस क्षेत्र के महत्वपूर्ण योगदान और देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) विकास को बढ़ाने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। इस कार्यक्रम में आईआईटी (आईएसएम) के निदेशक ने भी ऑनलाइन भाग लिया, जबकि उप निदेशक, खनन इंजीनियरिंग विभाग के प्रमुख, प्रो. आर.एम. भट्टाचार्य और प्रो. डॉ. अनिंद्य सिन्हा जैसे प्रतिष्ठित संकाय सदस्य मौके पर मौजूद थे। इसके अलावा, कार्यक्रम में सीएमपीडीआईएल/ सीसीएल के निदेशक (तकनीकी) सतीश झा, एनसीएल के निदेशक (तकनीकी) जितेंद्र मलिक और एनटीपीसी माइनिंग के सीईओ अनिमेष सहित कई प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।

### उपायुक्त द्वारा विभिन्न कोषांगो के द्वारा किए जा रहे कार्यों का किया समीक्षा

**गिरिडीह (निस)।** आज समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी, श्री नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में विधानसभा चुनाव




2024 के निमित गठित किए गए विभिन्न कोषांग के कार्यों के अलावा अन्य बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक समीक्षा किया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने समीक्षा करते हुए विभिन्न कोषांगों के कार्यों की जानकारी लेते हुए प्रतिनियुक्त किए गए पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अपने कर्तव्यों का जिम्मेवारीपूर्वक निर्वहन करें। निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। साथ ही सभी कोषांग को निर्देश दिया गया कि निर्वाचन को लेकर सारी तैयारियां दुरुस्त कर लें और सभी कोषांग समन्वय बनाकर कार्य करें। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी, नमन प्रियेश लकड़ा ने विधानसभा चुनाव अंतर्गत की जा रही तैयारियों, एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटीज की व्यवस्था, मतदाता सूची के अद्यतनीकरण, पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान की स्थिति, वल्नरेबल मैपिंग, क्रिटिकल एंड नॉन क्रिटिकल आदि की समीक्षा की। इसके अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सभी बूथों का भौतिक निरीक्षण कर एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटीज की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। सभी मतदान केंद्रों पर रैंप, पर्याप्त रोशनी, बिजली, साइनेज, प्रवेश व निकास द्वार, पेयजल, शौचालय, फर्नीचर, हेल्प डेस्क आदि की व्यवस्था सुनिश्रित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही मतदान को लेकर सभी मतदान केंद्र भवनों में आवश्यकता का आकलन कर मरम्मती, खिड़की, दरवाजे को दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा पोस्टल बैलेट कोषांग से पोस्टल बैलेट से वोट करने वाले मतदाताओं की भौतिक स्तिथि, पीडब्ल्यूडी कोषांग द्वारा व्हील की उपलब्धता की जानकारी प्राप्त की। समीक्षा के क्रम में ऑब्जर्वर सेल, ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट सेल, पीडब्ल्यूडी कोषांग, स्वीप कोषांग, स्ट्राँग रूम, सी विजिल कोषांग, ट्रेनिंग कोषांग, लॉ एंड ऑर्डर, इलेक्शन एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग सेल, आईटी सेल, पोस्टल बैलट, मेटेरियल डिस्ट्रीब्यूशन सेल, कंट्रोल रूम व हेल्पलाइन सेल, मीडिया कोषांग, एमसीएमसी कोषांग आदि कोषांगों के संबंधित नोडल ऑफिसर से किए जा रह कार्यों की जानकारी ली तथा सभी को उनके दायित्वों से अवगत कराया। इस दौरान उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, गिरिडीह जिला, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, सभी कोषांग के नोडल पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी/अंचलाधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

### नगर आयुक्त ने की रेसिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के साथ बैठक

**धनबाद (एप्र)।** विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह नगर आयुक्त रवि राज शर्मा ने रविवार को न्यू टाउन हॉल में रेसिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के साथ बैठक की।नगर आयुक्त ने कहा कि शहरी क्षेत्र के मतदाता मतदान में कम रुचि दिखाते हैं। जिस कारण मतदान प्रतिशत कम दर्ज होता है। उन्होंने एसोसिएशन से सोसाइटी के हर मतदाता को आगामी 20 नवंबर को मतदान करने के लिए प्रेरित करने, उनके एक-एक वोट का महत्व समझाने, मतदान केंद्रों में मतदाताओं के लिए जिला प्रशासन द्वारा की गई सुविधाओं के बारे में बताने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए।बैठक के समापन पर सभी को विधानसभा चुनाव में निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने और अपने आसपास के लोगों को लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई।

### मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**गोड्डा (एप्र)।** स्वीप कार्यक्रम के माध्यम से अनुमंडल पदाधिकारी गोड्डा बैद्यनाथ उरांव, नोडल पदाधिकारी डॉक्टर प्राण महतो के द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जागरूकता कार्यक्रम रैली की शक्ल में हैलोवीन पाराडे हमसे रहना है दूर, तो वोट करना के माध्यम से पुराना समाहरणालय से आसनमनी चौक, गंगटा, मिशन चौक होते हुए बाल उद्यान गोड्डा में समापन हुआ ' जिसमें गुरुकुल डांस कैडमी, नेट बॉल खिलाड़ी मोनालिसा के बच्चे एवं बच्चियों द्वारा भूतिया रूप लेकर लोगों के बीच 20 तारीख को मतदान करने का बल दिया गया। जिसमें स्वीप कोषांग के कर्मी आलोक कुमार, प्रणव कुमार, राहुल कुमार आदि मौजूद थे।

# बाघमारा से सूरज तो टुंडी से अजमुल लड़ेंगे चुनाव



**लोयाबाद (एप्र)।** बाघमारा विधानसभा से जनशक्ति दल के नेता सूरज महतो और अजमूल अंसारी ने रविवार को काको स्थित अपने कार्यालय में संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में आगामी विधानसभा चुनाव में अपनी उम्मीदवारी की घोषणा की। उन्होंने समाजवादी पार्टी से चुनाव लड़ने की जानकारी दी। टुंडी विधानसभा से अजमूल अंसारी ने भी अपनी उम्मीदवारी का जिक्र करते हुए कहा कि वे टुंडी क्षेत्र के लोगों के समर्थन से चुनाव में हिस्सा लेंगे। दोनों नेताओं ने जनता के मुद्दों पर ध्यान देने और उनके समाधान की प्रतिबद्धता व्यक्त की।सूरज महतो ने कहा कि बाघमारा क्षेत्र का मुख्य फोकस बेरोजगारी,शिक्षा की स्थिति, स्वास्थ्य सेवाओं की दुर्दशा और 15 सालों के गुंडाराज जैसी समस्याओं को खत्म करना है।उन्होंने बताया कि उनकी प्राथमिकता स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करना होगा ताकि उन्हें अन्य राज्यों में पलायन न करना पड़े। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि बाघमारा के युवाओं को उच्च शिक्षा और रोजगार की तलाश में बाहर जाना पड़ता है। यदि उन्हें जनता का समर्थन मिला, तो वे बाघमारा क्षेत्र में रोजगार के लिए ठोस व्यवस्था करेंगे और बेहतर स्वास्थ्य सेवा लाने का वादा किया।महतो ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं का स्तर बेहतर बनाना उनकी प्राथमिकता है, ताकि हर व्यक्ति को सुविधा और विश्वसनीयता मिले। इसके साथ ही उन्होंने क्षेत्र में बिगड़ती कानून - व्यवस्था पर चर्चा करते हुए आश्वासन दिया कि वे गुंडाराज और आपराधिक तत्वों के खिलाफ सख्त कदम उठाएंगे।

#### टुंडी से अजमुल ने ठोका ताला

इसी बीच, टुंडी विधानसभा से समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार अजमूल अंसारी ने अपने चुनावी अभियान की शुरूआत करते हुए अपने लक्ष्य की बात की, जिसमें शिक्षा और बुनियादी ढांचे में सुधार शामिल है। उन्होंने सभी वर्गों को समान अवसर और स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार में सुधार का आश्वासन दिया। अंत में, सूरज महतो और अजमूल अंसारी ने जनता से अपील की कि वे उनके साथ रहें और उनके कार्यक्रमों का समर्थन करें। उन्होंने कहा कि यह चुनाव उनके जीवन में बदलाव लाने का एक अवसर है। अब देखना यह है कि जनता इन दोनों नेताओं के दृष्टिकोण और योजनाओं के प्रति कितना समर्थन देती है।

### 81 किमी तक 81 अखरा में कुड़मी समुदाय द्वारा डहरे सोहराय का आयोजन



**गोमो (एप्र)।** तोपचांची प्रखंड के मानटांड चौक में कुड़मी समुदाय ने रविवार को डहरे सोहराय कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे अखरा सजाया गया, जहां स्थानीय व दूर-दराज के कलाकारों ने झारखंड की लोक संस्कृति से जुड़े गीत और नृत्य प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की शुरूआत अखाड़ा सजाने, चौका बनाने और कुल देवता की पूजा के साथ हुई।इस दौरान, डोल और मांदर की थाप पर पुरुषों के साथ महिलाएं भी थिरकती रहीं। महादेव महतो कडुआर ने बताया कि कुड़मी समुदाय हमेशा से एसटी वर्ग में रहा है, लेकिन 1950 में इसे हटा दिया गया। कुड़मी का 12 मासे 13 परब है, इसलिए सोहराय पर्व को पुनर्जीवित करने के लिए कुड़मी समाज के 81 गुस्टी ने बरवाअड्डा से बगोदर के बीच 81 किमी की लंबाई में 81 अखरा बनाकर यह कार्यक्रम आयोजित किया, ताकि विलुप्त होती संस्कृति को संरक्षित किया जा सके। इस कार्यक्रम में तुलसी महतो, देवनारायण महतो, परशुराम महतो, रविन्द्र महतो, नागेश्वर महतो और कई अन्य उपस्थित रहे।

### मंडल के कार्यकताओं के साथ की बैठक, चुनाव पर की चर्चा



**धनबाद (एप्र)।** धनबाद विधानसभा अंतर्गत धनबाद प्रखंड में आने वाले विभिन्न मंडलों में धनबाद के भाजपा प्रत्याशी राज सिन्हा ने की बूथ के अध्यक्ष, बूथ समिति सदस्य, सभी वरिष्ठ एवं प्रमुख सदस्यों और सम्मानित कार्यकताओं के साथ बैठक। वहीं कार्यकताओं ने राज सिन्हा को टिकट मिलने पर बधाई दी तथा माला पहनाकर स्वागत किया।मनईटांड़ मंडल, भूली मंडल, सदर मंडल के बूथ अध्यक्ष, बूथ समिति सदस्य, सभी वरिष्ठ एवं प्रमुख सदस्यों और सम्मानित कार्यकताओं के साथ बैठक कर चुनावी रणनीति तैयार करने को कहा। उसके बाद दुर्गा मंडप भूदा में मन की बात कार्यक्रम तथा भूली के द्वारा भूली के सभी दुर्गा पूजा कमिटियों को सम्मानित कार्यक्रम में शामिल हुए।

## कुणाल कुमार धनबाद विधानसभा से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में करेंगे नामांकन

**धनबाद (एप्र)।** कुणाल कुमार धनबाद विधानसभा से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर आज नामांकन करेंगे। उन्होंने एक प्रेस वार्ता में कहा कि वे झारखंड में प्राकृतिक न्याय की दिशा में काम करेंगे और संसाधनों का न्यायसंगत वितरण करेंगे, ताकि हर झारखंडवासी इसका लाभ उठा सकें। भारतीय लोकतंत्र की सिद्धांतों के अनुसार, संसाधनों की रक्षा करना सभी का कर्तव्य है। उन्होंने धनबाद की मौजूदा समस्याओं जैसे कुपोषण, अशिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं का अभाव, और बेरोजगारी का जिक्र किया और यह आश्वासन दिया कि विधायक बनने के बाद एक साल के भीतर इन सभी मुद्दों का समाधान करेंगे।कुणाल कुमार ने कहा कि खनिज रॉयल्टी का एक हिस्सा झारखंडवासियों को डीबीटी के माध्यम से हर महीने 2500 रुपये दिया जाएगा। इसके अलावा, धनबाद में




आधुनिक डिजिटल स्कूल और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए नए अस्पतालों की स्थापना की जाएगी। उन्होंने रोजगार सृजन के लिए छोटे दुकानदारों को सहायता देने और दिहाड़ी मजदूरी 910 रुपये प्रतिदिन करने का भी वादा किया। कुशल समाधान केंद्रों की स्थापना और केंद्र सरकार के झारखण्ड सरकार को 1.36 लाख करोड़ रुपये जारी करने पर भी उन्होंने जोर दिया। इस प्रेस वार्ता में कुछ अन्य सदस्यों की भी उपस्थिति थी।

## भाजपा उम्मीदवार रागिनी के लिए मारवाड़ी युवा शाखा ने किया स्वागत समारोह का आयोजन

**झरिया (एप्र)।** भाजपा उम्मीदवार रागिनी सिंह के सम्मान में मारवाड़ी युवा झरिया समृद्धि शाखा ने झरिया अग्रवाल धर्मशाला में एक स्वागत समारोह का आयोजन किया। शाखा के सदस्यों ने रागिनी सिंह को पट्टा और गुलदस्ता देकर उनकी आगामी जीत की शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर झरिया चुनाव प्रभारी नितेश चंद्रवंशी भी मौजूद थे। सदस्यों ने रागिनी सिंह को समर्थन देते हुए कहा कि इस बार भाजपा की सरकार बनाएंगे। चुनाव प्रभारी नितेश चंद्रवंशी ने कहा कि जामताड़ा के लिए पार्टी की महिला प्रत्याशी सीता सोरेन के खिलाफ बेहद अपमानजनक शब्दों का उपयोग हुआ है, जिसे शर्मनाक बताया। उन्होंने कहा कि इरफान अंसारी ने सिर्फ सीता सोरेन का अपमान नहीं किया, बल्कि झारखंड की महिलाओं और बेटियों का भी अपमान किया है। हर व्यक्ति हेमंत सरकार से छुटकारा पाना चाहता है। छात्र, महिलाएँ और सभी लोग हेमंत सरकार को हटाने का संकल्प ले चुके हैं। प्रत्याशी रागिनी सिंह ने कहा कि राज्य में पिछले पांच वर्षों से गठबंधन की सरकार है, जो सिर्फ लूट खसोट की



सरकार बनकर रह गई है। झरिया काफी मायूस है और लोग समझ चुके हैं कि पिछले पांच वर्षों में क्या खोया है। चुनाव के दौरान सड़कें और नालियाँ बनना शुरू हो जाता है, लेकिन ये भी पानी में बह जाते हैं। भाजपा के कार्यकाल में राजा तालाब के लिए फंड पास हुआ, लेकिन उसका सिर्फ दिखावे का काम किया गया। जनता को भटकाने के लिए मंईयां सम्मान योजना शुरू की गई, जबकि पेंशन और अन्य योजनाएँ बंद कर दी गईं। कांग्रेस के कार्यकाल में व्यापारी वर्ग परेशान था, जबकि सिंह मेंशन परिवार हमेशा जनता के साथ रहा है। झरिया की जनता अब जान चुकी है कि कौन उन्हें धोखा दे रहा है। भाजपा के पक्ष में मतदान करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करें और एक अच्छी सरकार का निर्माण करें।

### विस चुनाव को लेकर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



**लोयाबाद।** जोगता थाना क्षेत्र में रविवार को बाघमारा विधानसभा चुनाव के संदर्भ में जनता को निर्भीक मतदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से एक फ्लैग मार्च आयोजित किया गया। जोगता थाना प्रभारी योगिंदर कुमार ने बताया कि इस मार्च का मुख्य लक्ष्य लोगों को डर और भय से मुक्त होकर मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करना था। यह मार्च सिजुआ क्षेत्र के भेलाटांड़, भद्रीचक, फतहपुर, 10 नंबर मोड़ और सीजीए डीनोबिली स्कूल होते हुए निकला, जहां उपस्थित लोगों को चुनाव आयोग की दिशा-निदेर्शों के बारे में जानकारी दी गई। मार्च के दौरान जनता को यह विश्वास दिलाया गया कि चुनाव के समय कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। योगिंदर कुमार ने नागरिकों से निष्पक्ष और निर्भीक मतदान की अपील करते हुए कहा कि सभी को अपने मताधिकार का स्वतंत्रता से उपयोग करना चाहिए और किसी भी दबाव या प्रलोभन को स्वीकार नहीं करना चाहिए, जिससे लोकतंत्र को मजबूत बनाया जा सके। इस मौके पर जोगता थाना प्रभारी के साथ उनके सहायक पुलिस बल भी मौजूद थे।

### ब्राह्मण समाज ने दिवगंत शिक्षक राहुल मिश्रा को दी श्रद्धांजलि

**धनबाद (एप्र)।** कोला कुसमा,उत्सव रिसोर्ट में दिवंगत शिक्षक राहुल कुमार मिश्रा को ब्राह्मण समाज की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बता दें कि पिछले दिनों राहुल कुमार मिश्रा की संदेहास्पद स्थिति में बरवाअड्डा थाना अंतर्गत कशीयाटांड में शव पाया गया था। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित हुए भाजपा प्रत्याशी राज सिन्हा ने राहुल मिश्रा मौत मामले में हेमंत सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि हेमंत सरकार में अपराध चरम पर है। अपराध को नियंत्रित करने के लिए इस सरकार का जाना जरुरी है। उन्होंने कहा कि पुलिस भी सरकार के इशारे पर ही काम कर रही है।निश्चित रूप से राज्य में भाजपा की सरकार बनेगी और राज्य वासियों को एक भयमुक्त माहौल देने का काम हमारी सरकार करेगी।समाजसेवी रमेश पाण्डेय ने सीधे तौर पर राहुल मिश्रा मौत मामले को हत्या करार देते हुए बरवाअड्डा पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल उठाये हैं। उन्होंने कहा राहुल मिश्रा जिस स्कूल के शिक्षक थे उसी स्कूल के पास उनका शव पाया गया। पुलिस अभीतक स्कूल के सीसीटीवी फुटेज खंगालने का भी प्रयास नहीं कर रही और ना तो और स्कूल प्रबंधन पुलिस को सीसीटीवी फुटेज ही उपलब्ध करायी है। उन्होंने कहा इस मामले में पुलिस अगर 48 घंटे के भीतर जाँच पूरी कर दोषी को गिरफ्तार नहीं करती है तो वृहत आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।उन्होंने पुरे मामले की सीबीआई से भी जाँच कराने की मांग की है। श्रद्धांजलि सभा में रमेश पांडे, गणेश पांडे, विवेक पांडे, कुम्भनाथ सिंह, विक्रम पांडे, बॉबी पांडे समेत ब्राह्मण समाज के अन्य लोग व दिवगंत राहुल मिश्रा के परिजन उपस्थित थे।

## ईसीएल ने आयोजित किया जोनल माइंस रेस्क्यू प्रतियोगिता

**आसनसोल (एप्र)।** ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड द्वारा आयोजित और खान सुरक्षा महानिदेशालय के तत्वावधान में सीतारामपुर में खान बचाव स्टेशन पर आयोजित क्षेत्रीय खान बचाव प्रतियोगिता 2024, 22 और 23 अक्टूबर, 2024 को हुई। इस प्रतिष्ठित आयोजन में 11 टीमों ने भाग लिया, जिनमें से प्रत्येक में एक कप्तान और छह सदस्य शामिल थे, जो ईसीएल के भीतर विभिन्न क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करते थे। कुल 501 बचाव-प्रशिक्षित कर्मियों के साथ, जो विशेष रूप से विभिन्न खतरनाक परिस्थितियों में भूमिगत कोयला खदानों में बचाव और पुनर्प्राप्ति कार्यों के लिए तैयार हैं, प्रतियोगिता ने 77 प्रतिभागियों के कौशल का प्रदर्शन किया, जिनमें दो अग्रणी महिला बचाव-प्रशिक्षित कर्मचारी शामिल थीं - जो उन्हें ईसीएल के इतिहास में अपनी तरह की पहली बनाती हैं। प्रतियोगिता में छह अलग-अलग कार्यक्रम शामिल थेः मार्च पास्ट, थ्योरी टेस्ट, वैधानिक परीक्षण, प्राथमिक चिकित्सा, फ्रेश एयर बेस और बचाव और पुनर्प्राप्ति, जिसने सामूहिक रूप से टीमों की समग्र स्थिति निर्धारित की। सीतारामपुर, पूर्वी क्षेत्र के उप महानिदेशक डॉ. श्याम सुंदर प्रसाद ने हाल ही में क्षेत्रीय खान बचाव प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। दो दिनों के दौरान, खान सुरक्षा



महानिदेशालय के बारह न्यायाधीशों के एक पैनल ने मुख्य कार्यक्रमों का निर्णय लिया, जबकि सेंक्टोरिया अस्पताल, ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के दो चिकित्सा पेशेवरों ने प्राथमिक चिकित्सा प्रतियोगिता की अध्यक्षता की। इसके अतिरिक्त, मार्च पास्ट कार्यक्रम की देखरेख केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के कमांडेंट सिंटू चौधरी ने की। प्रतियोगिता के मुख्य न्यायाधीश पूर्वी जोन के रीजन 1 के खान सुरक्षा निदेशक इरफान अहमद अंसारी थे। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष की प्रतियोगिता में एक नए कार्यक्रम, रिले रेस प्रतियोगिता की शुरूआत हुई, जो पारंपरिक कार्यक्रमों से अलग थी। कार्यक्रम के अंतिम दिन पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें ईसीएल के सीएमडी श्री समीरन दत्ता, निदेशक (वित्त/कार्मिक) मोहम्मद अंजर आलम और निदेशक (तकनीकी) श्री नीलाद्री रॉय ने भाग लिया। इस अवसर पर खनन क्षेत्र में सुरक्षा और तैयारियों में उत्कृष्टता के लिए ईसीएल की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला गया। सोदपुर क्षेत्र ने पहला स्थान प्राप्त किया, उसके बाद कुनुस्तोरिया क्षेत्र दूसरे, सतग्राम-श्रीपुर क्षेत्र तीसरे और कजोरा क्षेत्र चौथे स्थान पर रहा। पुरस्कार वितरण समारोह में दुगार्पुर के शैली नृत्य समूह द्वारा सांस्कृतिक प्रदर्शन किया गया। 1941 में स्थापित, सीतारामपुर में माइंस रेस्क्यू स्टेशन, बीसीसीएल के धनसार में माइंस रेस्क्यू स्टेशन के साथ-साथ कोल इंडिया लिमिटेड में पहला माइंस रेस्क्यू स्टेशन था। इस प्रतियोगिता से शीर्ष सोलह बचाव-प्रशिक्षित प्रतिभागियों को 16 दिसंबर से 20 दिसंबर, 2024 तक होने वाली अखिल भारतीय माइंस रेस्क्यू प्रतियोगिता में ईसीएल का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना जाएगा।

## प्रत्याशियों के नामांकन में आज होगा दिग्गजों का महाजुटान, जिले के तीनों विधानसभा में सियासी पारा चढ़ा

# देवघर में शिवराज-तेजस्वी, मधुपुर में हेमंत चंपाई व सारठ में कल्पना-पप्पू की सभा आज




देवघर विधानसभा




मधुपुर विधानसभा

**श्वेत पत्र/देवघर (का.प्र.)।** विधानसभा चुनाव में जिले के तीनों विधानसभा सीट से एनडीए और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सोमवार को अपना-अपना नामांकन दाखिल करेंगे। इस दौरान दोनों गठबंधन की ओर से दिग्गज नेताओं का जिले में जुटान होगा।

### तेजस्वी यादव पहुंचे देवघर कॉलेज मैदान में होगी जनसभा

देवघर विधानसभा के इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशी सुरेश पासवान के पक्ष में चुनाव प्रचार करने बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष सह पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव रविवार को देवघर पहुंचे। एयरपोर्ट पर राजद नेताओं ने तेजस्वी का स्वागत किया। महागठबंधन के प्रत्याशी सुरेश पासवान ने बताया कि नामांकन से पूर्व देवघर कॉलेज के मैदान में सुबह 10 बजे से तेजस्वी यादव, राजद के झारखंड प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव, राज्यसभा सांसद संजय यादव, पूर्व विधायक संजय यादव जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद नामांकन होगा। एनडीए प्रत्याशी नारायण दास के नामांकन में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान समेत कई दिग्ज नेता शामिल होंगे। नामांकन से पूर्व केकेएन स्टेडियम में केंद्रीय मंत्री की जनसभा होगी।

### मधुपुर के आम बगान में होगी हेमंत की जनसभा

मधुपुर विधानसभा से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी हफीजुल हसन सोमवार को नामांकन दाखिल करेंगे। झामुमो नेता सुरेश साह ने बताया कि हफीजुल के नामांकन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शामिल होंगे। नामांकन से पहले आम बगान में मुख्यमंत्री जनसभा को संबोधित करेंगे। वहीं एनडीए प्रत्याशी गंगानारायण सिंह के नामांकन में पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन शामिल होंगे।

### कल्पना सोरेन, पप्पू यादव सारठ के डुमरिया में भरेंगे हुंकार

सारठ विधानसभा से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी उदय शंकर सिंह उर्फ चुन्ना सिंह भी सोमवार को नामांकन दाखिल करेंगे, जिसमें झामुमो की स्टार प्रचारक विधायक कल्पना सोरेन और पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव डुमरिया स्टेडियम में जनसभा को संबोधित करेंगे। वहीं रणधीर सिंह के नामांकन में पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन शामिल होंगे। सिमरा मोड़ में चंपाई की सभा होगी।




सारठ विधानसभा

## सारठ : एक ही दिन चुन्ना-रणधीर के नामांकन से गहमागहमी

**सारठ (एप्र)।** चुन्ना सिंह ने अपने सारठ कि आम जनता व झामुमो समर्थकों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में नामांकन सभा स्थल पर पहुंचने कि अपील की है। उन्होंने कहा कि सारठ कि एक-एक जनता जनार्दन का साथ चाहिए। जनसभा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के भी आने कि संभावना है। सारठ विधानसभा सभा से कार्यकर्ता चार पहिया व दो पहिया वाहन से नारंगी मोड़ में एकत्रित होंगे, जहां से जुलूस की शक्ल में डुमरिया स्थित स्टेडियम पहुंचेंगे। नामांकन को ऐतिहासिक बनाने के लिए झामुमो के जिला से लेकर प्रखंड कमेटी के साथ साथ उनके समर्थक दिन रात मेहनत कर रहे हैं। एक ही दिन चुन्ना सिंह और रणधीर सिंह के नामांकन को लेकर सारठ में गहमागहमी है। दोनों प्रत्याशी ने एक ही पंचायत में विधानसभा के अंतिम छोर पर आलुवारा पंचायत के डुमरिया स्टेडियम व लखना आलुवारा मैदान में नामांकन सभा रखी है, जिसे लेकर क्षेत्र में राजनीतिक तापमान बढ़ा हुआ है।

## एक नजर

### शहीद गणेश पांडेय की मनाई गई पुण्यतिथि



**सारठ (एप्र)।** सारठ के शांति चौक पर शहीद गणेश पांडेय की पुण्यतिथि मनाई गई। मौके पर पूर्व विधायक चुन्ना सिंह समेत सैकड़ों सारठ वासियों ने शहीद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। इस दौरान शहीद गणेश पाण्डेय अमर रहे के नारे से पूरा चौक गुंजायमान हो रहा था। मौके पर मुखिया इंद्रदेव सिंह, ललन मिश्रा, शहीद गणेश पाण्डेय के भाई दशरथ पाण्डेय, नारायण पाण्डेय, पुत्र लक्ष्मण पाण्डेय, विवेक पाण्डेय, अमित पाण्डेय, सरवन पाण्डेय, बादल पाण्डेय, अमित आनंद, सिद्धार्थ तिवारी, मोनिश मिर्जा, प्रीतम तिवारी, नीतीश मयंक,अरुण कुमार, निलेश कुमार समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### प्रेस क्लब की बैठक आयोजित

**देवघर (का.प्र.)।** देवघर प्रेस क्लब की कार्यकारिणी समिति की बैठक स्थानीय एक होटल में हुई। इसकी अध्यक्षता अध्यक्ष कंचन सौरभ मिश्रा ने की। बैठक में पारित प्रस्तावों की समीक्षा की गई और उन पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। साथ ही, तकनीकी कारणों से क्लब के नाम में बदलाव कर इसे अब प्रेस क्लब, देवघर किया गया। वहीं अगली बैठक के आयोजन के लिए एक दिसंबर की तिथि तय की गई। बैठक में महासचिव नीरज चौधरी, कोषाध्यक्ष, आशीष कुंदन, रजनीश कुमार गुप्ता, रंजीत झा, आदित्य तुल्स्यान, अभय कुमार, निषिद्ध मालवीय, राजीव रंजन, जयदेव प्रसाद राय, कौशल किशोर, सोहन लाल साह, सुमरजीत कुमार सिंह, अमरनाथ पोद्दार, अमित सोनी, संजीव कुमार मिश्रा, पितांबर कुमार, अजय परिहस्त, सुमन सौरभ मौजूद थे।

### सड़क हादसे में चार जख्मी

**बैद्यनाथधाम (निसं)।** जसीडीह थाना क्षेत्र के 62 माईल मोड़ के पास सड़क हादसे में बाइक सवार दो लोग जख्मी हो गए। घायल केनमनकाठी गांव निवासी पीतांबर यादव एवं बदिया गांव निवासी सुनील यादव का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। वहीं जसीडीह थाना क्षेत्र के लक्ष्मी ढाबा के पास बाइक और ऑटो में हुई टक्कर में दो युवक जख्मी हो गया। जख्मी गिरिडीह जिला गामा थाना खेरवा गांव निवासी राहुल कुमार सिंह ने बताया कि वह देवघर में रहकर पढ़ाई करता है। झिलुवा चांदडीह क्रिकेट खेलने के लिए गया था। वहां से लौट के क्रम में लक्ष्मी ढाबा के पास बाइक और ऑटो में टक्कर हो गई जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गया।

### ओवरब्रिज के नीचे अधेड़ का शव बरामद

**बैद्यनाथधाम (निसं )।** जसीडीह थाना क्षेत्र के ओवर ब्रिज के नीचे एक अधेड़ अज्ञात व्यक्ति का शव पुलिस ने बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए देवघर सदर अस्पताल भेजा है। शव को 72 घंटे के लिए शव गृह में सुरक्षित रख दिया गया है। वहीं पुलिस शव की पहचान के लिए आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है।

### दूसरे दिन कई प्रतियोगिताओं का आयोजन

**देवघर (का.प्र.)।** कुंडा के उमा नलिनी ब्रह्म सरस्वती विद्या मंदिर में तीन दिवसीय क्षेत्रीय विज्ञान मेला के दूसरे दिन प्रश्नमंच प्रतियोगिता, पत्रवाचन प्रतियोगिता, प्रयोग प्रतियोगिता तथा प्रदर्श की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इसमें बिहार तथा झारखण्ड के तीनों प्रांतों के भैया-बहनों ने भाग लिया।

## एसडीओ ने दुकानों में की छापेमारी, अवैध पटाखा जब्त

**देवघर (का.प्र.)।** डीसी के निर्देश पर एसडीओ रवि कुमार ने शहर के विभिन्न स्थानों में पटाखा दुकानों की जांच की। इस दौरान एसडीओ ने बैज मंदिर गली, बरमसिया चौक, टावर चौक से आजाद चौक में बिना लाइसेंस के पटाखा बेच कर आधा दर्जन दुकानों से पटाखा जब्त किया। सारे जब्त पटाखे को नगर थाने में रखा गया है। एसडीओ ने बताया कि उक्त सारे दुकानदार अवैध तरीके से पटाखा बेच रहे थे। दुकानों में सुरक्षा का भी कोई इंतजाम नहीं था। ज्ञातव्य है कि इस वर्ष दीपावली के अवसर पर सुरक्षात्मक मापदंड के अनुकूल कार्य करते हुए पटाखों की बिक्री के लिए शिवलोक परिसर चिन्हित किया गया है। इसके अलावा निरीक्षण के दौरान उपरोक्त के अलावा के अंचल अधिकारी, देवघर एवं थाना प्रभारी, देवघर एवं संबंधित अधिकारी व पुलिस पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।




## देवघर में दीपावली की रात 8 से 10 बजे तक ही फोड़ सकेंगे पटाखे : डीसी

**श्वेत पत्र/ देवघर (का.प्र.)।**

दीपावली की रात रात 8 से 10 बजे तक ही देवघरवासी पटाखा फोड़ सकेंगे। डीसी विशाल सागर ने बताया कि झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने आगामी त्योंहारों के लिए आतिशबाजी पर कड़े नियम लागू किए हैं, जिसका उद्देश्य ध्वनि प्रदूषण पर अंकुश लगाना है। दीवाली, छठ पर्व, गुरु पर्व के दौरान अब केवल दो घंटे ही आतिशबाजी की अनुमति होगी। क्रिसमस और नए साल के जश्न के लिए समय सीमा और भी कम कर दी गई है, जिसमें केवल 35 मिनट तक ही आतिशबाजी की अनुमति है। दीवाली पर आतिशबाजी रात 8 बजे से रात 10 बजे तक की जा सकेगी , जबकि छठ पर सुबह 6 बजे से सुबह



8 बजे तक की अनुमति है। गुरु पर्व के लिए आतिशबाजी रात 8 बजे से रात 10 बजे तक लिया जा सकता है और नए साल की पूर्व संध्या पर, उन्हें रात 11:55 बजे से रात 12:30 बजे तक की अनुमति है। इसके अलावा झारखंड हाईकोर्ट ने भी बढ़ते ध्वनि प्रदूषण के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए आदेश दिया है कि शोर से जुड़ी शिकायतों को गोपनीय रखा जाए। केवल 125 डेसिबल से कम ध्वनि क्षमता वाले पटाखों की बिक्री की अनुमति होगी। इसके अलावा, निर्धारित साइलेंट जोन के 100 मीटर के दायरे में आतिशबाजी पर प्रतिबंध रहेगा। साथ ही वायु प्रदूषण रोकथाम नियंत्रण अधिनियम के तहत उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

### सौंदर्यीकरण में गोचर जमीन का इस्तेमाल नहीं

**बैद्यनाथधाम (निसं )।** देवीपुर प्रखंड के हुसैनाबाद गांव स्थित हटिया मैदान में दुर्गा मंदिर सौंदर्यीकरण कार्य स्वीकृत हुआ है। इसे लेकर कुछ मफियाओं के द्वारा अतिरिक्त जमीन पर नया कार्य निर्माण कर गोचर जमीन को अतिक्रमण करने की तैयारी जा रही है। इसकी भनक लगते ही ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी देवीपुर खोपलाल राम को लिखित आवेदन दिया। जिससे बाद अंचलाधिकारी खोपलाल राम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इसकी जांच को लेकर हल्का कर्मचारी को योजना स्थल पर भेज दिया और हल्का कर्मचारी के द्वारा अंचलाधिकारी को रिपोर्ट सौंप दिया है। लिखित आवेदन में कहा है कि दुर्गा मंदिर सौंदर्यीकरण हो, उसमें कोई रोक नहीं है। लेकिन जितना में पहले से बना है। उसी में जितनी राशि खर्च करनी है और ठीकेदारी करनी है करें। लेकिन उसके आसपास एक इंच भी जमीन अतिक्रमण नहीं करने दिया जाएगा। क्योंकि पहले से दुर्गा मंदिर गोचर जमीन में ही बना है। लेकिन जो बन गया सो बन गया। उसके बाद एक इंच भी जमीन अतिरिक्त आगे नहीं लेने दिया जाएगा। क्योंकि गोचर जमीन समाप्त हो जाने पर आने वाले पीढ़ियों को परेशानी उठाना पड़ेगा और इसलिए इस पर सख्त कार्रवाई करने का लोगों ने आग्रह किया है।

### झुमरबाद में विभिन्न योजनाओं में गड़बड़ी

**बैद्यनाथधाम (निसं )।** देवीपुर प्रखंड के झुमरबाद पंचायत में विभिन्न योजनाओं में भारी गड़बड़ी की जा रही है। 15 वें वित्त आयोग से एक कलभर्ट निर्माण अन्यत्र एवं अनुपयुक्त जगह पर घटिया निर्माण कर सरकारी पैसे का बंदरबांट किया जा रहा है। साथ ही कई ऐसी मनरेगा के योजनाएं टीसीबी आदि रिपीटेड वर्क कर सरकारी राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है। इसके अलावे अबुआ आवास योजना में सरकारी नक्शा के अनुसार 50% भी नक्शा के अनुरूप कार्य नहीं किया जा रहा है। वहीं अबुआ आवास योजना के लाभुक कुछ निर्माण से संबंधित बातें बताया भी नहीं जा रहा है। इस संबंध में पंचायत सचिव प्रभाकर कुमार ने बताया कि अभी हम हाल ही में उसे पंचायत का प्रभार मिला है। पंचायत क्षेत्र अंतर्गत सभी बिंदु पर जांच कर आवश्यक कदम उठाएंगे।

### दो पक्षों के बीच मारपीट, एक जख्मी

**बैद्यनाथधाम(निसं)।** चांदन थाना क्षेत्र के गोड़ा वार्ड नंबर 10 गांव में बोरिंग कराने को लेकर दो पक्षों के बीच उत्पन्न विवाद के मारपीट की घटना में एक आदमी गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जानकारी के अनुसार आज दोपहर शनिवार को चांदन पंचायत के मुखिया अनिल कुमार मंडल द्वारा गोड़ा गांव में स्वच्छ पानी की किल्लत देखते हुए बोरवेल मशीन से बोरिंग करा रहा था। जिसको लेकर मारपीट हो गई।

आमने-सामने

## मधुपुर के विकास की बदौलत मांगेंगे वोट : हफीजुल

**देवघर (का.प्र.)।** मधुपुर विधानसभा के झामुमो प्रत्याशी और सूबे के मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि मधुपुर में उनका कार्यकाल ढाई साल का रहा। इन ढाई सालों में मधुपुर विधानसभा में विकास की कई योजनाएं उनके प्रयास से आई। उसी विकास की बदौलत वे जनता के बीच जाएंगे और वोट मांगेंगे। रविवार को हफीजुल हसन अपने मधुपुर स्थित आवास पर पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन के कार्यकाल में मंईयां सम्मान योजना, बिजली बिल माफी योजना समेत अन्य



कई कल्याणकारी योजनाओं से राज्यवासी लाभान्वित हुए हैं। मेरा प्रयास है कि दूसरे कार्यकाल में मधुपुर में शिक्षा के क्षेत्र में काम हो, ताकि यहां के छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के लिए बाहर पलायन न करना पड़े। ढाई साल के मेरे कार्यकाल में बहुत सारी अड़चनें आई। इसके बाद भी मधुपुर के विकास के लिए मेरे हर संभव काम किया है। मधुपुर में ऐतिहासिक काम हुआ है। धार्मिक स्थलों का विकास सड़क का निर्माण, बिजली समेत अन्य क्षेत्रों में काम किया हुआ। फिर भी कुछ काम अधूरा रह गया है, जिसे अपने दूसरे कार्यकाल में पूरा करने की प्रयास करूंगा। इसके लिए मधुपुर विधानसभा के लोगों का समर्थन चाहिए।

## एक भी योजना नहीं ला पाए हफीजुल : गंगा नारायण

**देवघर (का.प्र.)।** मधुपुर विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी गंगा नारायण सिंह ने कहा कि मधुपुर में कई ऐसी समस्याएं है, जो हमारा चुनावी मुद्दा है। स्वास्थ्य, बिजली, पानी की समस्या तस की तस है। जब से हफीजुल हसन मंत्री बने हैं, तब से उक्त समस्याओं के समाधान की दिशा में कोई काम नहीं हुआ है। हफीजुल के कार्यकाल में मधुपुर की दशा और दिशा दोनों और बदतर हो गई है। गंगा नारायण रविवार को कुर्मीडीह स्थित अपने आवास पर




पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मधुपुर में बिजली, पानी, सड़क और स्वास्थ्य से जुड़ी एक भी योजना हफीजुल हसन अपने कार्यकाल में नहीं ला पाए। विकास के नाम पर मधुपुर में शून्य काम हुआ है। हफीजुल हसन के पिता यहां 20 साल तक विधायक रहे। मंत्री भी बने। फिर भी मधुपुर का अपेक्षाकृत विकास नहीं हुआ। उन्होंने आरोप लगाया है खेल, पर्यटन और अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के मंत्री रहने के बाद भी हफीजुल ने मधुपुर को कुछ नहीं दिया। यहां के युवाओं को रोजगार तक नहीं दे पाए। मधुपुर रेफरल अस्पताल की हालत दयनीय है। यहां खून जांच और एक्स-रे तक नहीं होता है। इसलिए वोट देने से पहले मधुपुरवासी सही जनप्रतिनिधि का चुनाव करे।

## एक नजर

### तीन दिवसीय माइंस होल रोड सेफ्टी सेमिनार का आयोजन



**अमड़ापाड़ा(एप्र)।** डीबीएल एवं पीएसपीसीएल के द्वारा संयुक्त रूप से तीन दिवसीय माइंस होल रोड सेफ्टी सुरक्षा सेमिनार का आयोजन डीजीएमएस सेंट्रल जोन धनबाद के डायरेक्टर सागेश कुमार एमआर के नेतृत्व में पचुवाड़ा सेंट्रल कोल माइंस में किया गया। इस दौरान डीजीएमएस के डायरेक्टर द्वारा माइंस के हॉल रोड का निरीक्षण एवं माइंस में कार्यरत वर्करो, ऑपरेटर की सुरक्षा एवं हॉल रोड की सुरक्षा को लेकर कई तरह के दिशा निर्देश पीएसपीसीएल एवं डीबीएल के अधिकारियों को दिया। वहीं सेफ्टी सेमिनार का आयोजन कर सुरक्षा से संबंधित कई तरह के महत्वपूर्ण बातों की जानकारी एवं जान -माल की सुरक्षा माइंस की सुरक्षा, हॉल रोड की रखरखाव एवं सेफ्टी नियम से संबंधित जानकारी एवं पालन करने का निर्देश सम्बंधित अधिकारी एवं कर्मियों को दिया। इस सेमिनार में हॉल रोड का निरीक्षण के दौरान सेफ्टी डायरेक्टर के साथ पीएसपीसीएल के माइंस एजेंट राकेश कुमार सिंह, डीबीएल की एबीपी बृजेश कुमार, माइंस मैनेजर कृष्णकांत सिंह, सेफ्टी अधिकारी अर्नाल्ड सिंगरई, डीबीएल के डीजीएम रविकांत, मैनेजर भावेश कुमार भीपीआर के जीएम श्रीनिवास रेड्डी, डीबीएल के एजीएम एके झा, डीबीएल के इलेक्ट्रिसिटी मैनेजर मो निसाद सहित अन्य पदाधिकारी व कर्मी मौजूद थे। इस निरीक्षण के दौरान डीजीएमएस डायरेक्टर सागेश कुमार एम आर होल रॉड की सुरक्षा एवं विजली व्यवस्था को लेकर काफी सन्तुष्ट दिखे।

### झामुमो की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन आज महेशपुर में



**महेशपुर(एप्र)।** प्रखंड के सीलमपुर मैदान में सोमवार को झामुमो के स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन का होने वाले जनसभा को लेकर रविवार को झामुमो नेता एवं थाना प्रभारी ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। जानकारी देते हुए झामुमो के कलाम अंसारी ने बताया कि सोमवार को झामुमो की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन का जनसभा है। उक्त कार्यक्रम को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। झामुमो के तरफ से चुनाव प्रचार इस बार महेशपुर विधानसभा से शुरू किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर झामुमो के सभी सक्रिय कार्यकर्ता जुटे हुए हैं। बताया कि महेशपुर विधानसभा के उम्मीदवार स्टीफन मरांडी का भी सोमवार को नामांकन है।

### स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन पहुंचेंगी नावाडीह मैदान, करेंगी जनसभा



**लिट्टीपाड़ा(एप्र)।** झामुमों के स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन लिट्टीपाड़ा के नवाडीह फुटबाल मैदान में पार्टी प्रत्याशी हेमलाल मुर्मू के पक्ष में सोमवार को चुनावी सभा को सम्बोधित करेगी। रविवार को लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र के पार्टी प्रत्याशी हेमलाल मुर्मू ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। पार्टी के जिला सचिव सुलेमान बास्की ने बताया कि सोमवार को लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र से हेमलाल मुर्मू व महेशपुर विधानसभा क्षेत्र से प्रो स्टीफन मरांडी नामांकन दाखिल करेंगे।नामांकन के दौरान स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन उपस्थित रहेगी। नामांकन के पश्चात कल्पना सोरेन लिट्टीपाड़ा के नवाडीह मैदान में एक बजे व महेशपुर के चिलमपुर में बारह बजे एक चुनावी सभा कर अपने पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में वोट डालने के लिए लोगो से अपील करेगी।

### मतदाता जागरूकता अभियान चला




**महेशपुर(एप्र)।** प्रखंड के शहरग्राम गांव में शनिवार शाम को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान को लेकर बीडीओ सिद्धार्थ शंकर यादव के नेतृत्व में स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बीडीओ ने बताया 20 नवंबर मतदान के दिन मतदान करने को लेकर विशेष रूप से अभियान चलाया जा रहा है। लोगो को इस बात को लेकर जागरूक करने का काम किया जा रहा है कि वोट करे देश गढ़े, आपका एक मत एक अच्छे राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है। इसलिए मतदान के दिन सबसे पहले अपने नजदीकी बूथ पर जाकर सबसे पहले मतदान करे। साथ ही साथ अपने आस पड़ोस के लोगो को भी इस बात को लेकर जागरूक करे। उन्होंने बताया की लगातार इस कार्यक्रम के माध्यम से आम लोगों तक संदेश पहुंचाने का काम किया जा रहा है। ताकि मतदान के प्रतिशत में वृद्धि हो। मौके पर स्वीप कार्यक्रम के सरोज कुमार पांडेय, शेखर झा के अलावा ग्रामीण मौजूद थे।

# आलमगीर आलम की विरासत सँभालने उतरी पत्नी निशात आलम





**आजसू के अजहर इस्लाम आमने सामने**


**पाकुड़(एप्र)।** लम्बे इन्तेजार और लग रहे कई कयासों के बाद अंततः पाकुड़ विधानसभा के विधायक आलमगीर आलम की विरासत को सँभालने के लिए उनकी पत्नी निशात आलम जी को कांग्रेस ने चुनावी मैदान में उतार दिया.उनके नाम के घोषणा के बाद कांग्रेस कार्यकताओं सहित आधी आबादी में दलगत भावना से ऊपर उठकर एक सकारात्मक उत्साह भी देखने को मिल रहा है.उल्लेखनीय है की आलमगीर आलम साहब फिलवक्त एक तथाकथित आरोप के मद्देनजर जेल में है.ऐसे में कांग्रेस के प्रदेश महासचिव और विधायक पुत्र तनवीर आलम के चुनाव लड़ने की चर्चा भी जोरों पर थी.एक समय तो ऐसा भी आया की उम्मीदवार के रूप में उनके नाम की घोषणा हो जाने की बातें भी सोशल मीडिया पर छा गया.लेकिन इसके बाद अचानक विधायक पत्नी निशात आलम की नाम की घोषणा कांग्रेस ने की और स्वाभाविक रूप से आधी आबादी के बीच एक उत्साह का माहौल देखा जा रहा है.निशात आलम प्रत्याशी के रूप में क्षेत्र में अपना तूफानी दौरा शुरू कर चुकी है.जहाँ उन्हें महिलाओं का विशेष कर सकारात्मक रिस्पॉन्स भी मिल रहा है.आजादी के बाद भी हुए प्रथम चुनाव 1952 में पहली बार पाकुड़ की रानी ज्योतिर्मिय को अपना टिकट देकर कांग्रेस ने नारी सशक्तिकरण की अपनी मंशा उसी समय जाहिर कर दी थी जब पहली महिला प्रधानमंत्री के रूप में इंदिरा गाँधी भी सक्रिय राजनीति में नहीं उतरी थी.ऐसा कहा जा सकता है की कांग्रेस ने आधी आबादी के प्रतिनिधित्व की ओर उस समय ही अपना कदम बढ़ा दिया था जब महिलाएं घर की चाहारदिवारी के अंदर रहती थी.इस बार भी कांग्रेस ने पाकुड़ में निशात आलम को टिकट देकर एक ऐसी घरेलू महिला को प्रतिनिधित्व का अवसर दिया है जो कभी घर से बाहर निकलकर सार्वजानिक या राजनैतिक कार्यकर्मों में हिस्सेदारी नहीं करती रही है.ऐसे में निशात आलम को टिकट मिलना उन सभी घरेलू महिलाओं के लिए एक सन्देश कांग्रेस के द्वारा देने की कोशिश की गई है की महिलाएं आवश्यकता पड़ने पर घर से बाहर भी राजनैतिक मैदान में अपने प्रतिद्वंदियों से दो चार हाथ कर सकती है.उधर मुख्य प्रतिद्वंदी भाजपा में अपने एलाइंस के आजसू उम्मीदवार अजहर इस्लाम को अपना समर्थन देकर कोई भी उम्मीदवार नहीं उतारा है. यह भी पाकुड़ के इतिहास में पहली बार है.भाजपा ने अपने सहयोगी पार्टी के किसी मुस्लिम उम्मीदवार को खुलकर समर्थन किया.यह बताना लाजमी होगा की हेमंत विश्व शर्मा जैसे घोर मुस्लिम विरोधी भाजपा नेता का पाकुड़ में दौरा हो चूका है,और चुनावी बिगुल बजने से पहले वे यहाँ आकर बांग्लादेशी घुसपैठ और पार्टी की सरकार आने पर एनआरसी लागु करने का वायदा किया जा चूका है.ऐसे में मुस्लिम बाहुल्य पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र में आजसू किस तरह से निशात आलम और कांग्रेस को मात देने की रणनीति तैयार करेगी यह वक्त ही बता पायेगा.क्यूंकि हिन्दू महासभा और सनातन के नाम पर भी उम्मीदवार चुनावी मैदान में अपनी ताल ठोंक रहे है.जो कहीं न कहीं भाजपा के मतों को ही काटेंगे.उधर आलमगीर आलम के घोर विरोधी रहे व्यवसाई शम्भू नंदन भगत भी चुनावी मैदान में दिख रहे है.ऐसे में भाजपा अपने मतदाताओं को कैसे अपने सहयोगी आजसू के पक्ष में कर पाते है यह देखना बाकी है.हालांकि आरएसएस और प्रधानमंत्री मोदी सहित अमित शाह के नाराज कार्यकताओं और वोटरों को मनाने के निर्देश के मद्देनजर बड़े नेता असंतुष्टों से मिलकर उन्हें पार्टी लाइन पर ला रहे है.छोटानागपुर क्षेत्र में कई ऐसे असंतुष्ट नेताओं को भाजपा मनाकर पार्टी लाइन में सफल भी रही है. लेकिन पाकुड़ में यह कहाँ तक सफल होगा और कौन कौन नेता यहाँ के असंतुस्ट को मनाने के लिए आने वाले है यह समय बतएगा. लेकिन फिलवक्त सोशल मीडिया पर असंतुस्ट की भरमार दिख रही है. यह कब बंद होगा इसे भी देखना बाकी है. कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है की आजसू एवं कांग्रेस दोनों के उम्मीदवार राजनीति के मैदान में बिल्कुक नए है ऐसे में उन दोनों के पक्ष से मतदाताओं के बीच बेटिंग करने वाले अनुभवी दिग्गज क्या रंग दिखा पाते है यह 25 नवंबर को ही पता चलेगा.

### विश्व रिकार्ड दीपोत्सव में शामिल होने रवाना हुए आदिम जनजाति समाज के लोग



**अमड़ापाड़ा(एप्र)।** अयोध्या में आयोजित विश्व रिकॉर्ड दीपोत्सव कार्यक्रम में प्रखंड क्षेत्र से दर्जनों अदिम जनजाति समाज के लोगों ने शनिवार को मोतीलाल पहाड़िया के नेतृत्व में अयोध्या के लिए रवाना हुए। इस वर्ष अयोध्या में दीपोत्सव कार्यक्रम में राम की पैड़ी समेत 55 घाटों पर 28 लाख दीपक जलाए जाने का लक्ष्य रखा गया है। करीब 80 आदिमजनजाति पहाड़िया में महिला पुरुषों सहित बच्चों ने रामजन्मभूमि अयोध्या में दीपावली के अवसर पर मिट्टी के दिये जलाने के लिए रवाना हुए।मोतीलाल पहाड़िया ने बताया की प्रखंड क्षेत्र के डांगापाड़ा,सजनीपाड़ा,गौरपाड़ा, कुंडामटिया,बड़ा बांधकोई, तिलयपाड़ा गाँव के लोग मौजूद थे। मौके मुख्य बाजार से रामजी भगत, सुनील मंडल,विजय भगत,ग्रुप में शामिल गुरुबाबा मोतीलाल पहाड़िया,कालू पहाड़िया, नारायण पहाड़िया, कुसा पहाड़िया,जामा पहाड़िया, शांति पहाड़िन,जबड़ी पहाड़ीन,रानी पहाड़िन, बोनडी पहाड़िया कृष्णा पहाड़िया,रामा पहाड़िया सहित अन्य शामिल थे।

### डीपीएस पाकुड़ में स्वर्ण पदक विजेताओं को सम्मान राशि दी गई




**पाकुड(एप्र)।** डीपीएस पाकुड़ एक प्रगतिशील और उदारवादी स्कूल है जो की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है।विद्यालय के निदेशक, अरुणेंद्र कुमार का मानना है कि ऱशिक्षा का उद्देश्य आत्मविश्वास,अनुशासन,और स्पष्ट विचारों को विकसित करना है। शिक्षा का यह उद्देश्य पाठ्यक्रम के साथ-साथ सह- पाठयक्रम गतिविधियों में बच्चों को प्रोत्साहित करने से ही पूर्ण हो सकता है।डीपीएस प्रारम्भ से ही बच्चों को शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ अन्य व्यावहारिक और सामाजिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करता रहा है।जिसके परिणाम स्वरूप विद्यालय के बच्चों की प्रतिभा हर क्षेत्र में निखर कर सामने आ रही है। हाल ही में क्लस्टर-क्क्क 2024 में बच्चों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए वे स्वर्ण पदक प्राप्त कर अपने जिले के साथ-साथ अपने राज्य का नाम भी राष्ट्रीय स्तर पर ऊँचा किया. 25 अक्टूबर 24 को स्वर्ण पदक विजेता परिधी कुमारी और समृद्धि कुमारी ने विद्यालय के सभागार में अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने क्लस्टर क्क्क 2024 बैडमिंटन चैंपियनशिप में अपनी जीत की कहानी सुनाई और नेशनल चैंपियनशिप में अपने शानदार अनुभव के बारे में बारे में बताया.इस अवसर पर, प्रधानाचार्य जे के शर्मा ने परिधी और समृद्धि को 10,000 रुपये का चेक देकर सम्मानित किया गया। अरुणेंद्र कुमार ने अपने संदेश में कहा,हमें अपने बच्चों पर गर्व है। उन्होंने न केवल अपने लिए,बल्कि अपने विद्यालय और समाज और अपने राज्य को भी गौरवान्वित किया हैं। हम उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।ऱप्रधानाचार्य जे के शर्मा ने कहा,ऱपरिधी और समृद्धि की जीत हमें यह याद दिलाती है कि मेहनत और समर्पण से कुछ भी हासिल किया जा सकता है। उनकी सफलता अन्य बच्चों को भी प्रेरित करेगी ।ऱपरिधी और समृद्धि ने अपने अनुभव साझा करते हुए आभार व्यक्त किया और कहा कि ऱहमें अपने विद्यालय, शिक्षक गण और परिवार का समर्थन मिला, जिसके कारण हम यहाँ तक पहुँच पाए। हम आने वाले दिनों में और अच्छा प्रदर्शन करने का प्रयास करेंगे।

### आजसू पाटी महिला मोर्चा केंद्रीय सचिव जोबा रानी पाल का पाकुड़ आगमन

**राष्ट्रीय जनतांत्रिक मोर्चा कार्यकर्ताओं के साथ हुई बैठक**



**पाकुड़(एप्र)।** आजसू पार्टी के महिला मोर्चा की केंद्रीय सचिव जोबा रानी पाल का रविवार को पाकुड़ में बैठक की. इस बैठक में भाजपा झारखंड महिला मोर्चा उपाध्यक्ष संपा साहा,भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष शबरी पाल सहित भाजपा के प्रमुख नेता उपस्थित रहीं। इस अवसर पर एनडीए गठबंधन के महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई, जिनमें महिला सशक्तिकरण, स्थानीय समस्याओं का समाधान, और आने वाले चुनाव में एनडीए गठबंधन की रणनीति पर चर्चा किया गया।बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए समर्थित आजसू प्रत्याशी अजहर इस्लाम के पक्ष में मतदान करवाने का निर्णय लिया गया। भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष शबरी पाल ने कहा कि भाजपा महिला मोर्चा का हर कार्यकर्ता गाँव-गाँव जाकर लोगों के साथ संवाद करेगा और एनडीए के विचारों को जन-जन तक पहुँचाएगा।केंद्रीय सचिव जोबा रानी पाल ने कहा कि आजसू पार्टी का यह मानना है कि एनडीए गठबंधन झारखंड में विकास और उन्नति का प्रतीक है, और इस गठबंधन को मजबूत बनाकर राज्य के लोगों के हितों की रक्षा की जा सकती है। पार्टी के महिला मोर्चा की ओर से इस पहल को लेकर सकारात्मक संदेश दिया गया है और सभी सदस्य इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए तत्पर हैं।मौके पर भाजपा झारखंड महिला मोर्चा उपाध्यक्ष संपा साहा, भाजपा जिलाध्यक्ष शबरी पाल, जामताड़ा आजसू महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष राखी गोन,आजसू नेत्री मालौती देवी,पाकुड़ आईटी सेल प्रभारी सात्विक भगत उपस्थित रहे।

### बिना माइनिंग चालान के स्टोन चिप्स लदा एक ट्रक जब्त



**लिट्टीपाड़ा(एप्र)।** सिमलोंग ओपी प्रभारी विनोद कुमार ने सिमलौंग के समीप शनिवार देर रात कागजात के अभाव में एक गिट्टी लदा ट्रक जब्त किया है।मिली जानकारी के अनुसार ट्रक संख्या जेएच 24 जे 6383 हिरणपुर थाना क्षेत्र के क्रेशर से गिट्टी लादकर गोड्डा की ओर जा रहा था कि सिमलौंग के समीप ओपी प्रभारी ने गस्ती के दौरान ट्रक को रोककर चालक से कागजात की मांग किया परन्तु चालक द्वारा कागजात नहीं दिखा पाया।ओपी प्रभारी ने बताया कि चालक द्वारा माइनिंग चालान नही दिखाने के कारण ट्रक को जब्त किया गया है। इसको लेकर जिला खनन पदाधिकारी को लिखित सूचना दिया गया है.

### उपायुक्त ने प्रखंड और शहरी क्षेत्र में लगाया रात्रि चौपाल



**पाकुड़(एप्र)।** विधानसभा आम चुनाव 2024 में स्वीप कार्यक्रम के तहत अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने तथा स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने की दिशा में चुनाव आयोग के दिशा-निर्देश के आलोक में शनिवार देर शाम को महेशपुर प्रखंड के उत्क्रमित+2 विद्यालय शहरग्राम एवं नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत छोटी अलीगंज में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष मौजूद थे। इस कार्यक्रम में उपायुक्त मनीष कुमार ने मौजूद लोगों को मतदान के दिन अपने- अपने परिवार एवं गांव और समाज के सभी मतदाताओं से 20 नवम्बर को निष्पक्ष और भयरहित मतदान करने की अपील की गई। अंत में उपायुक्त ने हस्ताक्षर अभियान चलाकर मतदान की शपथ दिलाई एवं आसमान में आकाशदीप छोड़कर शत प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया। मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार, महेशपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी सिद्धार्थ यादव, अंचलाधिकारी संजय सिन्हा, अंचलाधिकारी पाकुड़ भागीरथ महतो, प्रशासक, नगर परिषद पाकुड़ अमरेन्द्र कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

# पाकुड़ के युवा क्रिकेटर सिंटू यादव ने रचा इतिहास, अंडर-19 झारखंड टीम में बनाई जगह



**पाकुड़(एप्र)।** यूं ही नहीं मिलती राही को मंजिल, एक जुनून सा दिल में जगाना होता है। यह पंक्तियां पाकुड़ के उस युवा क्रिकेटर के लिए है, जिन्होंने सफलता का इतिहास रच दिया है। पाकुड़ जिले के लिए इतिहास रचने वाले सिंटू कुमार यादव का चयन अंडर-19 झारखंड टीम में हुआ है। झारखंड की टीम से सिंटू कुमार यादव बतौर ऑल राउंडर कूच बिहार ट्रॉफी 2024-25 के लिए खेलेंगे। पहला मुकाबला राजस्थान की टीम से धनबाद में होगा। पेशे से लकड़ी मिस्त्री का काम करने वाले पिता सुनील कुमार यादव का सर बेटे की इस सफलता से गर्व से उंचा हो गया है। माता-पिता का नाम रौशन करने वाले सिंटू कुमार यादव ने पाकुड़ जिले वासियों का भी सर गर्व से उंचा कर दिया है। पाकुड़ वासियों को गौरवान्वित किया है। सिंटू कुमार यादव कि इस ऐतिहासिक उपलब्धि से खेल प्रेमियों में खुशी का माहौल है। सिंटू कुमार यादव के कोच रहे पाकुड़ जिला क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष गणपत सिंह ने बताया कि सिंटू कुमार यादव अंडर-19 झारखंड टीम से खेलेंगे। झारखंड की टीम में जिन 15 खिलाड़ियों का चयन हुआ है, उनमें सिंटू कुमार यादव भी शामिल है। आगामी 6 नवंबर से शुरू हो रहे कूच बिहार ट्रॉफी के लिए अंडर-19 झारखंड क्रिकेट टीम में सिंटू कुमार यादव का चयन हुआ है। पहला मैच धनबाद में झारखंड का सामना राजस्थान की टीम से होगा। इसके बाद दूसरा मैच असम से, तीसरा मैच पटना में बिहार से, चौथा मैच धनबाद में महाराष्ट्र से और पांचवा मैच केरला के साथ होगा। उन्होंने कहा कि सिंटू कुमार यादव एक मेहनती, अनुशासनप्रिय उम्दा क्रिकेटर है। ऑल राउंडर के रूप में सिंटू ने हर चुनौतियों का सामना करते हुए परीक्षा की घड़ी में सफलता हासिल करने में कामयाब रहे हैं। फिलहाल रांची में कोचिंग ले रहे हैं। गणपत सिंह ने बताया कि सिंटू कुमार यादव में क्रिकेट के प्रति एक जुनून है, जिससे उन्हें एनर्जी मिलती है और लगातार कामयाब हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सिंटू कुमार यादव युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत है। क्रिकेट में भविष्य देखने वाले युवाओं को सिंटू कुमार यादव से प्रेरणा लेना चाहिए। मुझे पूरा भरोसा है कि सिंटू कुमार यादव एक न एक दिन इंडिया के लिए खेलेंगे और पाकुड़ जिले का नाम पूरे विश्व में रोशन करेंगे। इधर सिंटू कुमार यादव को पाकुड़ क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव वीरेंद्र पाठक, प्रणय तिवारी आदि ने शुभकामनाएं दी है।

## एक नजर

### शिकारीपाड़ा में किसके सिर सजेगा ताज
### झामुमो व भाजपा के बीच कांटे की टक्कर

**दुमका ( का प्र)।** संथाल परगना की हांट सीट में शुमार शिकारीपाड़ा विधानसभा सीट पर तकरीबन हर बार झारखंड मुक्ति मोर्चा व भारतीय जनता पार्टी के बीच सीधा मुकाबला होता आया है। इस सीट को झामुमो का गढ़ भी कहा जाता है जिसे भेदना काफी मुश्किल माना जाता है, लेकिन इस सीट पर लगातार भाजपा दमखम के साथ लड़ती रही है। बताते चलें कि इस बार इस सीट से झामुमो के आलोक सोरेन व भाजपा के परितोष सोरेन के बीच सीधा मुकाबला होने की संभावना है। शिकारीपाड़ा विस सीट पर लगातार सात बार से आलोक सोरेन के पिता व झामुमो के कद्दावर नेता नलिन सोरेन का कब्जा है, हालांकि वर्तमान में नलिन सोरेन दुमका लोकसभा से सांसद हैं। वहीं परितोष सोरेन भी लगातार इस सीट से चुनाव लड़ रहे हैं और उनका मुकाबला झामुमो से ही होता आया है। परितोष सोरेन भारतीय जनता पार्टी के दुमका जिलाध्यक्ष रह चुके हैं। उनकी पहचान भी क्षेत्र में मिलनसार नेता की रही है। सूत्रों की मानें तो इस बार भी इस सीट पर झामुमो व भाजपा की सीधी लड़ाई होने की संभावना है। आलोक सोरेन ने शिकारीपाड़ा से नामांकन दाखिल कर दिया है वहीं परितोष सोरेन सोमवार को नामांकन दाखिल करेंगे प्राप्त जानकारी के अनुसार परितोष के नामांकन में असम के मुख्यमंत्री हिमंता विस्वा सरमा मौजूद रहेंगे नामांकन दाखिल करने के बाद आलोक ने इस सीट पर दो सौ प्रतिशत जीत का दावा करते हुए कहा था कि उनकी प्राथमिकता अपने पिता के पदचिन्हों पर चलते हुए क्षेत्र का चहुंमुखी विकास करना है। अवसर पर सांसद नलिन सोरेन ने भी अपने पुत्र की जीत का दावा करते हुए कहा था कि आलोक भी उनकी तरह लगातार जीत हासिल करेंगे क्षेत्र की जनता उनके पुत्र को भी उनकी तरह ही आशीर्वाद देगी बताते चलें कि शिकारीपाड़ा पत्थर एवं कोयला के लिए विख्यात है। यहां पत्थर की दर्जनों खदानें व सैकड़ों क्रेशर है जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार मिलता है। हलांकि पिछले कुछ महिनों से यहां की पत्थर खदाने बंद पड़ी थी जिससे लोगों को रोजगार के अभाव में पलायन करना पड़ रहा थो आजादी के सात दशक से अधिक बीतने के बावजूद आज भी यहां के ग्रामीण पेयजल व सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। रोजगार व शिक्षा के क्षेत्र में भी क्षेत्र पिछड़ा हुआ है। मामले में सांसद नलिन सोरेन ने कहा कि वे वैध खदानों को जल्द से जल्द शुरू कराने का प्रयास कर रहे हैं जिससे लोगों को रोजगार मिल सके उन्होंने कहा कि शिक्षा एवं स्वास्थ्य भी उनकी प्राथमिकता है। वहीं भाजपा के परितोष सोरेन भी इस बार जीत का दावा कर रहे है। उनका कहना है कि क्षेत्र का विकास व रोजगार उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता रहेगी बहरहाल अब 23 नवम्बर को ही पता चलेगा कि जनता किस पर विश्वास कर रही है, जनता किसको जीत का ताज पहनाएगी यह तो 23 नवम्बर को ही सामने आएगा।

### गिरि वनवासी कल्याण परिषद ग्रामीण क्षेत्रों में चलाएगा मतदाता जागरण अभियान

**दुमका (का प्र)।** अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम से संबंध संस्था गिरि वनवासी कल्याण परिषद जामा तथा शिकारी पाड़ा विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में आम ग्रामीणों को मतदान हेतु जागृत करने के लिए मतदाता जागरण अभियान चलाएगा। मतदाता जागरण अभियान के स्वरूप पर चर्चा करने के लिए रविवार को गिरि वनवासी कल्याण आश्रम की रामगढ़ एवं काठीकुंड इकाई की बैठक रामगढ़ के जोगिया में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता गिरि वनवासी कल्याण परिषद की रामगढ़ इकाई अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल ने की। बैठक में उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए जिला संगठन मंत्री रमेश मंडल ने कहा कि गिरि वनवासी कल्याण परिषद के कार्यकर्ता ग्रामीण क्षेत्रों में एकल विद्यालय, आरोग्य केंद्र तथा संस्कार केंद्रों के माध्यम से संस्कार जागरण का कार्य करते हैं।संस्कार जागरण के साथ-साथ गिरि वनवासी कल्याण आश्रम जनजातीय क्षेत्र में ग्राम स्वावलंबन का कार्य भी करता है।इसके अलावा परिषद के कार्यकर्ता अन्य सामाजिक सांस्कृतिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं। चुनाव लोकतंत्र का महापर्व है।इसमें आम लोगों की सहभागिता मतदान के माध्यम से सुनिश्चित होती है।गिरि वनवासी कल्याण परिषद के कार्यकर्ता अपने विभिन्न प्रकल्पों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को मतदान की महत्व एवं आवश्यकता की जानकारी देते हुए उनसे राज्य तथा समाज के हित में निष्पक्ष मतदान के लिए ग्रामीणों से संपर्क करेंगे।मतदाता जागरण अभियान के दौरान परिषद के कार्यकर्ता अपने-अपने कार्य क्षेत्र में घर-घर जाएंगे तथा लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने का कार्य करेंगे।बैठक में मतदाता जागरण अभियान के लिए कार्य योजना भी तय की गई।बैठक में मुख्य रूप से परिषद के पूर्णकालिक कार्यकर्ता रामनंदन यादव, लोबिन मुर्मू, दीपक मुर्मू, मानवेल बास्की,सचिन कुमार सेन, सोना लाल हेम्ब्रम, रावण हांसदा, देवीलाल टुडू, शिवनाथ हेम्ब्रम, संतोष कुमार मंडल, गोवर्धन मंडल, कल्पना देवी, मीनाबिटी टुडू, नीरू सोरेन, चंद्रावती कुमारी, तुलसी मुर्मू सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### समाज कल्याण पदाधिकारी ने डिस्ट्रिक्ट आइकॉन व सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स के साथ की बैठक

**गिरिडीह (निस)।** आज जिला समाज कल्याण पदाधिकारी-सह-नोडल पदाधिकारी, स्वीप कोषांग, श्रीमती स्नेह कश्यप ने स्वीप एक्टिविटी को लेकर डिस्ट्रिक्ट आइकॉन व सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स के साथ अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में बैठक आयोजित की। इस दौरान चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए गिरिडीह जिले में जन जागरूकता कार्यक्रम चलाने पर विशेष बल दिया गया। इसमें मुख्य रूप से स्वीप के तहत संचालित मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई। मौके पर नोडल पदाधिकारी, स्वीप कोषांग ने बताया कि जिला अंतर्गत विभिन्न प्रभावशाली माध्यमों से मतदाता जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। वर्तमान समय में सोशल मीडिया आमजनों तक पहुंचने का एक प्रभावशाली माध्यम है, ऐसे में जिले के सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स की भूमिका अहम है। इसके अलावा उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म यथा फेसबुक, एक्स, यूट्यूब एवं इंस्टाग्राम माध्यमों से मतदाताओं से सम्पर्क स्थापित कर उन्हें अपने मताधिकार के पूर्ण प्रयोग हेतु प्रेरित किया जाएगा ताकि हर एक मतदाता जागरूक दृष्टिकोण अपनाकर अपने मत का दान करें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा कार्यक्रम आयोजित कर मतदाताओं को शिक्षित करने के प्रयास किये जाएंगे, इससे मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी होगी और एक सशक्त लोकतंत्र की ओर हमारा सक्रिय प्रयास सफल होगा। साथ ही लक्षित मतदाताओं तक पहुंच बनाने हेतु आवश्यक एवं प्रभावशाली प्रयास किए जाने के संबंध में चर्चा की गई। इस दौरान सोशल मीडिया कैंपेन, वोट फॉर गिरिडीह, वोट गिरिडीह वोट जैसे हैशटैग के संबंध में चर्चा की गई और लोकतंत्र के इस महापर्व को बढ़ चढ़ कर हिस्सा लें। मतदान तिथि 20 नवंबर को मतदान करेगा गिरिडीह। इस दौरान जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, अंजना भारती, सहायक नगर आयुक्त, अशोक हांसदा, सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर, डॉ सुमन कुमार, सोशल मीडिया साइट्स से जुड़े अन्य प्रतिनिधि, स्वीप कोषांग की टीम समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

# केंद्रीय सुरक्षा बल के आवासन व ठहराव की हुई समीक्षा

**गोड्डा (एप्र)।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त जिशान कमर के द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त मतदान केंद्रों में मूलभूत सुविधाओं के साथ केंद्रीय सुरक्षा बल/ आदि के आवासन/ ठहराव को लेकर किए जा रहे अद्यतन कार्यों की समीक्षा बैठक आहूत की गई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ,गोड्डा के द्वारा विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के जिले में आने वाले केंद्रीय सुरक्षा बलों के आवासन एवं मतदान स्थल हेतु प्रखंडवार स्थलों पर अब तक की गई तैयारियों की समीक्षा करते हुए मूलभूत सुविधाओं, साफ सफाई बिजली, पानी आदि के संबंध में संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली गई। उन्होंने कहा कि कहा कि जो भी लंबित कार्य है उसे शीघ्र पूर्ण कराएं जाएं। उन्होंने सभी आवासन स्थल/एवं मतदान स्थल में आवश्यक सुविधाओं को बहाल करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आवासन वाले स्थानों में पानी, बिजली तथा शौचालय की पर्याप्त व्यवस्था 05.11.2024 तक कर लिए जाएं।उन्होंने इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को भौतिक रूप से स्थलों का निरीक्षण करने एवं जल्द से जल्द सभी सुविधाओं को बहाल करने का निर्देश दिया।




समीक्षा के क्रम में उन्होंने एएमएफ के तहत मूलभूत सुविधाओं को मतदान के दिन कलस्टर एवं बुथों पर पेयजल, बिजली, शौचालय,पेयजल, रैम्प सहित उपलब्ध न्यूनतम मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था के संबंध में संबंधित अधिकारियों से विस्तार पूर्वक जानकारी ली गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने दोनों अनुमंडल क्षेत्र के अनुमंडल पदाधिकारियों से कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर न्यूनतम मूलभूत सुविधाएं निश्चित रूप से उपलब्ध रहे इसे सुनिश्चित कर लिए जाएं। वैसे मतदान केंद्र जहां न्यूनतम मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं है उनकी सूची तैयार कर

**उपायुक्त ने दिए गए जरूरी निर्देश**

प्राथमिकता के आधार पर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारियों से पोलिंग पार्टी तथा सीआरपीएफ के जवानों के रुकने के लिए कलस्टरों एवं मतदान केंद्रों पर न्यूनतम मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था की क्रम वार तरीके से प्रखंडवार जानकारी ली गई। साथ ही सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया गया। इस दौरान उपायुक्त ने निर्देशित किया कि कलस्टरों पर आवश्यकता के अनुरुप पेयजल के लिए टैंकरों, पंखा, बिजली, लाईट आदि की व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई जाए। मौके पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी ,गोड्डा बैद्यनाथ उरांव, निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी ,महागामा आलोक वरण केसरी , निवार्ची पदाधिकारी सह भूमि सुधार उपसमाहर्ता ,गोड्डा रितेश जयसवाल , नगर प्रशासक ,गोड्डा आशीष कुमार, संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारीगण मौजूद थे।

### यूपी उन्नाव सांसद साक्षी महाराज से गिरिडीह विधानसभा भाजपा प्रत्याशी ने लिया आशीर्वाद



**गिरिडीह (एप्र)।** गिरिडीह पहुंचे यूपी, उन्नाव सांसद साक्षी जी महाराज से भाजपा प्रत्याशी शाहाबादी ने लिया जीत का आशीर्वाद कहा अब हेमंत सोरेन आराम करे और योगी मॉडल को समझे कैसे होता शासन। यूपी के उन्नाव सांसद साक्षी जी महाराज रविवार को गिरिडीह पहुंचे। और भाजपा के प्रधान चुनावी कार्यालय में गिरिडीह विस के भाजपा प्रत्याशी निर्भय शाहाबादी से मुलाकात किया। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी शाहाबादी, भाजपा जिला अध्यक्ष महादेव दुबे, सुभाष सिन्हा, अनूप सिन्हा, अशोक केशरी, दीपक यादव समेत अन्य नेताओं ने साक्षी जी महाराज का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। प्रधान चुनावी कार्यालय में मौजूद कार्यकताओं के बीच सांसद साक्षी जी महाराज ने कहा कि भाजपा कार्यकताओं में हमेशा जोश रहता है। उनमें जोश भरने की जरूरत नहीं होती। क्योंकि उनके नेता पीएम मोदी और योगी खुद है। तो उन्हें जोश की क्या जरूरत, बस उनके मार्गदर्शन की जरूरत है। वही पत्रकारों से बातचीत के क्रम में सांसद साक्षी जी महाराज ने कहा विश्व और देश के लोकमान्य नेता पीएम मोदी है। और अब तो उनके पांव छूने और गले मिलने के लिए कई बड़े देश के नेता ब्रेसर्बी से इतंजार करते हैं। सांसद ने बातचीत के क्रम में हेमंत सरकार पर तंज कश्ते हुए कहा कि शासन कैसे चलता है ये हेमंत सोरेन को योगी से सीखना चाहिए। गुंडे और पत्थरबाज अब पनाह मांगते है। क्योंकि बेटियां जब यूपी की सड़को पर चलती है तो उन्हें छेड़ने वाले अब रास्ता बदल देते हैं। साक्षी जी महाराज ने कहा झारखंड को पिछले पांच साल में देश का सबसे भ्रष्ट राज्य में तब्दील करने वाले हेमंत सरकार को अब सत्ता में आने की जरूरत नहीं। बल्कि, उन्हें अब आने वाले भाजपा सरकार से सीखना होगा कि सत्ता सुख भोगने और लूटने के नहीं होता।

### गोड्डा की मेजबानी में खेलो झारखंड वॉलीबॉल प्रशिक्षण शिविर का हुआ शुभारंभ



**गोड्डा (एप्र)।** झारखंड शिक्षा परियोजना के तहत गोड्डा की मेजबानी में राज्य स्तरीय अंडर 17 बालक एवं बालिका प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ शनिवार शाम स्थानीय राज कचहरी वॉलीबॉल मैदान पर हुआ। शिविर का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि जिला खेल पदाधिकारी डॉ. प्राण महतो एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर जाने माने उद्योगपति सह समाज सेवी संजीव आनंद उर्फ रिंकू आनंद ने फीता काटकर तथा बॉल से सर्विस कर किया। अपने संबोधन में डॉ. महतो ने कहा की 26 अक्टूबर से 4 नवंबर तक आयोजित इस शिविर में झारखंड के विभिन्न जिला से 20 बालक तथा 18 बालिकाओं को आमंत्रित किया गया है। इस शिविर में प्रदर्शन के आधार पर चयनित 12 - 12 खिलाड़ियों की टीम उत्तर प्रदेश के बरेली में आयोजित एसजीएफआई नेशनल अंडर 17 वॉलीबॉल चैंपियनशिप में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेगी। उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामना देते हुए उनके बेहतर प्रदर्शन की कामना की। इस अवसर पर हेड कोच देवाशीष झा, जिला कुश्ती एवं हॉकी संघ सचिव सुरजीत झा, असिस्टेंट वॉलीबॉल कोच अंकित सिंह एवं अमित कुमार, जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष धर्मेंद्र झा, उपाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह उर्फ पप्पु सिंह, कोषाध्यक्ष अनिल राउत सहित आवासीय बालिका वॉलीबॉल प्रशिक्षण केंद्र की प्रशिक्षु खिलाड़ियों के अलावा अनेक वॉलीबॉल प्रेमी दर्शक उपस्थित थे।

## महागामा स्थित रामकोल गांव के नाला निर्माण कार्यों में बरती जा रही है घोर अनियमितता

**महागामा (एप्र)।** एक तरफ जहां जिले भर के तमाम अधिकारी विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर नामांकन कार्यों में व्यस्त रहने का हवाला दे रहे हैं। वहीं दूसरी ओर महागामा प्रखंड मुख्यालय स्थित ग्राम पंचायत रामकोल गांव में मुख्य सड़क के किनारे पंचायत समिति की ओर से नाला निर्माण कार्यों में इस कदर से अनियमितता बरता जा रहा है।मानो कि विकास कार्यों के नाम पर लूट में छूट करने का महागामा बीडीओ की ओर से खुलेआम संरक्षण प्राप्त हो। ऐसा ही नजारा मुख्य सड़क के किनारे रामकोल गांव में नाला निर्माण कार्यों को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है।जहां कि नाला निर्माण कर्ता को इस कदर से विकास कार्यों के नाम पर लूट में छूट प्राप्त है कि सरकारी नियमानुसार विकास से संबंधित किसी भी योजनाओं का कोई भी कार्य शुरू करने से पूर्व योजना स्थल पर योजना से संबंधित बोर्ड लगाना



अनिवार्य होता है। लेकिन यहां पर नाला निर्माण कार्यों में शामिल ब्यक्ति द्वारा योजना से संबंधित किसी भी प्रकार का बोर्ड लगाया गया है। ताकि लोगों को यह पता चल सके कि कहां से कहां तक काम होगा और कितना प्राक्कलित राशि से योजना का कार्य संपन्न होना है। और तो और स्थानीय लोगों को आंखों में धूल झोंकते हुए एवं संबंधित जेई को चुनौती देते हुए नाला निर्माण कार्यों में चिमनी ईंट के जगह पर काफी घटिया किस्म का साल्टी ईंट का इस्तेमाल धड़ल्ले के साथ किया जा रहा है।एवं नाला का जमीन में बिना छर्री अर्थात गिट्टी का इस्तेमाल किए बगैर खानापूर्ति के तहत केवल सिमेंट और मिट्टी युक्त बालू का इस्तेमाल कर आरसीसी का काम पूरा किया जा रहा है। इस संबंध में संबंधित जेई रंजन कुमार द्वारा काम को रोकने के बाद भी संबंधित ब्यक्ति द्वारा अपना मनमानी दिखाते हुए आनन-फानन में नाला निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इस कार्य में शामिल ब्यक्ति ने संबंधित जेई को खुलेआम चुनौती देते हुए एक कहावत के चरितार्थ को पूरा करने में कोई कसर नही छोड़ रहा है।उन्होंने साबित कर दिया कि तुम डाल-डाल तो हम पात-पात इसी कहावत के चरितार्थ को साबित करने में कोई कसर नही छोड़ रहा है।कार्य स्थल पर निर्माण कार्यों को देखकर ग्रामीणों के साथ-साथ क्षेत्र के लोगों में भी चर्चा का विषय बना हुआ है।ग्रामीणों का मानना है कि इस योजना के कार्यो का यदि निष्पक्ष तरीके से जांच कराया जाय तो भारी पैमाने पर लूट- खसोट का मामला उभर कर सामने आएगा। इस संबंध में महागामा बीडीओ सोनाराम हांसदा से संपर्क साधने पर स्पष्ट रूप से बताया गया कि संबंधित जेई को निर्देश दे दिया गया है कि तत्काल निर्माण कार्यों को बंद करते हुए योजना स्थल पर योजना से संबंधित बोर्ड लगाने के बाद ही जांचोपरांत अपने निगरानी में निर्धारित प्राक्कलन के अनुसार कार्य को संपन्न कराया जाए।

## भाजपा ने किया मिलन समारोह का आयोजन 250 युवकों ने लिया भाजपा की सदस्यता

**गिरिडीह (निस)।** गिरिडीह भाजपा के प्रधान चुनावी कार्यालय में रविवार को एनडीए ने मिलन समारोह का आयोजन किया। मिलन समारोह में भाजपा प्रत्याशी निर्भय कुमार शाहाबादी के साथ आजसू नेता कंपू यादव, आजसू नेता संजय साहू, आजसू नेत्री पूनम देवी के साथ भाजपा नेता विशाल गुप्ता, उज्ज्वल गुप्ता भी मौजूद थे। वही मिलन समारोह में बड़ी संख्या में मुफ्फसिल इलाके के युवाओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण किया। मौके कर निर्भय शाहाबादी ने करीब ढाई सौ युवाओं को पार्टी का अंग वस्त्र पहनाकर कर उन्हें भाजपा की सदस्यता दिलाया। इस दौरान प्रत्याशी श्री शाहाबादी ने कहा कि एक बार झारखंड को लूटने वाले हेमंत सरकार ने पूरा ताकत सत्ता में आने के लिए लगा दिया है। लोगो को ऐसे योजनाओं का सपना दिखाया जा रहा है जिसे हेमंत सरकार पूरा कर नहीं



सकती। लेकिन सपना जरूर दिखाएगी। कहा कि हेमंत सरकार के मंत्री आलमगीर आलम ने ऐसा लूटा, जिसका उम्मीद नहीं किया जा सकता। कहा कि अलग अलग दलों से भाजपा में आने वाले हर युवा साथियों का वो स्वागत करते है। इस दौरान कार्यक्रम में भाजपा नेता दीपक स्वर्णकार समेत कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहें।

### +2 जिला स्कूल दुमका एवं ग्रीन माउंट स्कूल दुमका में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

Qþl Ÿ(l Ÿ´fl)Ü

विधानसभा आम चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने हेतु रविवार को +2 जिला स्कूल दुमका एवं ग्रीन माउंट स्कूल दुमका में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गयो मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से दोनों विधालयों में पेंटिंग एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गयो अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्रशिक्षु आईएएस अभिनव प्रकाश ने कहा कि वे अपने माता पिता एवं पड़ोसियों को आगामी बीस नवंबर को मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान करने हेतु प्रेरित एवं जागरूक करे ताकि सही व्यक्ति चुनकर आए एवं देश का विकास हो। इस दौरान उन्होंने सभी को चुनाव प्रक्रिया से अवगत कराया और बच्चों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने माता-पिता, अपने परिजन, अभिभावक, एवं आस पड़ोस के लोगों को 20 नवंबर को मतदान करने के लिए प्रेरित करें। मौके पर मुख्य अतिथियों एवं प्राचार्य ने पेंटिंग एवं क्विज प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के सफल संचालन में जिला स्कूल का प्राचार्य बबन कुमार ,जतिन कुमार, सुधाकर केसरी, दिलीप झा काफी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

### प्राइवेट आईटीआई कॉलेज गुरुकुल में दीक्षांत समारोह का आयोजन

**पथरगामा (एप्र)।** गुरुकुल प्राइवेट आई टी आई घाट कुराबा, पथरगामा में दीक्षांत समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें सभी स्टूडेंट्स को सर्टिफिकेट और मार्कशीट वितरण किया गया, साथ



ही टॉप स्टूडेंट्स को पुरस्कृत भी किया गया। इलेक्ट्रीशियन में देव कुमार सिंह, फिटर में राकेश कुमार यादव , सर्वेयर में सुमन कुमार और हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर में साक्षी कुमारी टॉप स्थान पे रहे। साक्षी कुमारी सबसे ज्यादा अंक प्राप्त करके संस्थान की टॉपर रही।इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला पार्षद पथरगामा पश्चिमी श्रीमती पूनम देवी उपस्थित रही उनके द्वारा स्टूडेंट्स को पुरस्कृत किया गया। प्राचार्य पवन कुमार पासवान, रंजन सिंह, रविकांत सिंह, साकेत कुमार , विवेक कुमार, गुलशन कुमार, दिवाकर कुमार, खुशबू कुमारी उपस्थित रहे।

## गांडेय विधानसभा में अनु जनजाति मोर्चा की महत्वपूर्ण बैठक दर्जनों जनजाति समाज के लोगों ने थामा भाजपा का दामन

**गिरिडीह (निस)।** आज भाजपा शंगांडेय विधानसभा प्रधान नंकार्यालय में अनु. जनजाति मोर्चा की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता पूर्व जिला अध्यक्ष रंजीत मरांडी ने किया। बैठक में आदिवासी समाज के सदस्यों ने वर्तमान सरकार, विशेषकर झारखंड मुक्ति मोर्चा का तीव्र विरोध करते हुए कहा कि जिस पार्टी को उन्होंने अपने वोट से सत्ता दिलाई, उसने उनके अधिकारों का शोषण किया है।सामाजिक कल्याण की बात करने वाली इस सरकार ने आदिवासियों के जल, जंगल, और जमीन के अधिकारों की अनदेखी की है। आदिवासी प्रत्याशी कल्पना सोरन के उपचुनाव में



भागीदारी के बाद, आदिवासी समाज ने यह अनुभव किया है कि यह पार्टी केवल चुनावी लाभ के लिए उनकी भावनाओं के साथ खेलती है।बैठक में यह निर्णय लिया गया कि भाजपा की ओर से उम्मीदवार मुनिया देवी का समर्थन किया जाएगा, जो हमारे समाज की सच्ची प्रतिनिधि हैं। इस अवसर पर कई आदिवासी और जनजाति समाज के लोगों ने भाजपा का दामन थामा और गांडेय विधानसभा से भाजपा को विजय बनाने का प्रण लिया। सदस्यता ग्रहण करने वालों में मोनू सोरेन, मनु हसदा, शिबू सोरेन, ठाकुर हादसा, दिलचंद कॉल, बबलू हसदाह्व गणेश्वर वास्क, विपिन मांझी, ग्रीस मुर्मू, लालू मुर्मू महादेव सोरेन, राजेंद्र हेंब्रम, रविंद्र कुमार, रामलाल हसदा उपस्थित रहे।

## मनोज साहू के नेतृत्व में पीरटांड़ व मुफस्सिल क्षेत्र के कई प्रतिनिधियों के साथ बरगंडा में शाहाबादी की बैठक

**गिरिडीह (निस)।** मनोज साहू के नेतृत्व में पीरटांड़ व मुफ्फसिल क्षेत्र के कई प्रतिनिधियों ने रविवार को बरगंडा में बैठक की और भाजपा प्रत्याशी निर्भय शाहाबादी को समर्थन देने की घोषणा की। इस दौरान समाजसेवी मनोज साहू के आवास पर हुए बैठक में भाजपा प्रत्याशी निर्भय शाहाबादी पहुंचे और पीरटांड़ व मुफ्फसिल क्षेत्र से आये लोगों ने अपनी बातों को शाहाबादी के समक्ष रखा। इस दौरान शाहाबादी ने सभी की बातों को सुनने के बाद क्षेत्र में अपने कार्यकाल में किए गए कार्यों को बताने के साथ ही क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव उनकी मांगों को पूरा करने का वादा किया। इस दौरान शाहाबादी ने कहा कि अगर उनकी जीत सुनिश्चित होती है, और राज्य में भाजपा की सरकार बनती है तो पहली कैबिनेट की बैठक में उनकी सभी मांगों को पूरा किया जायेगा। मौके पर बैठक का नेतृत्व कर रहे मनोज साहू ने कहा कि वे पूर्व में काफी सक्रिय रूप से राजनीति में थे और उन्होंने निर्भय शाहाबादी के कार्यकाल के साथ ही वर्तमान विधायक के कार्यकाल को भी देखा है। कहा कि क्षेत्र में विकास के नाम पर सिर्फ घोषणाए की गई है। चुनावी लाभ लेने के लिए बिना किसी निविदा के सिर्फ शिलान्यास किए गए है। कहा कि उन्होंने पीरटांड़, मुफ्फसिल व शहरी क्षेत्र के अपने समर्थकों के साथ गहन मंथन करने के बाद इस बार भाजपा प्रत्याशी निर्भय शाहाबादी को समर्थन देने का निर्णय लिया है। बैठक में प्रमुख प्रतिनिधि मनोज हेम्ब्रम, पंसस योगेन्द्र तिवारी, कलीम अंसारी, सत्येन्द्र पांडेय, शमीम अंसारी, मुख्तार अंसारी, अरशद जहिर, कार्तिक दास, पंसस नवीन सिंह, महादेव सेन, रमेश कुमार वर्मा, दीपक ठाकुर, फुलचंद राय, धनश्याम महतो, महेन्द्र महतो, मो सलीमउद्दीन अंसारी, अनिल सिंह, रमेश मांझी हड़ाम, निर्मल तुरी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहें।

हिन्दी दैनिक
श्वेत पत्र
आपकी बात सच के साथ
देवघर, सोमवार, 28 अक्टूबर, 2024



## सुभाषितम्

विश्व के निर्माण में जिसने सबसे अधिक संघर्ष किया है और सबसे अधिक कष्ट उठाए हैं वह माँ है। - हर्ष मोहन

## शेयर बाजार मोदी सरकार के लिए बड़ा खतरा

**भारतीय शेयर बाजार अक्टूबर माह में** निरंतर गोता लगा रहा है। विदेशी निवेशक भारतीय बाजार छोड़कर चीन की ओर रुख कर रहे हैं। 5000 अंकों से ज्यादा की गिरावट शेयर बाजार में पिछले एक माह में आई है। विदेशी निवेशकों ने भारतीय बाजार से एक लाख करोड रुपए की निकासी कर ली है। शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार 79298 अंकों पर बंद हुआ। एक ही दिन में निवेशकों के 10 लाख करोड रुपए डूब गए। भारतीय शेयर बाजार में मंदी के कारण बिकवाली का जो माहौल बना हुआ है। उसमें म्युचुअल फंड और भारतीय वित्तीय संस्थान, जिनमे बैंक और भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियां हैं। बाजार को गिरने से रोकने के लिए भारी मात्रा में शेयर बाजार में निवेश कर रहे हैं। इसके बाद भी शेयर बाजार में लगातार बिकवाली और मुनाफा वसूली के कारण बड़ी तेजी के साथ बाजार गोता लगा रहा है। यह कितने नीचे तक जाकर गोता लगायेगा यह कह पाना बड़ा मुश्किल है। भारत में पिछले कुछ वर्षों से भारतीय शेयर बाजार में कुछ कॉरपोरेट कंपनियों की सट्टेबाजी के कारण दिन दूनी रात चौगुनी गति से आंधी तूफान की तरह शेयर बाजार को बड़ी तेजी के साथ सट्टा बाजार में तब्दील हो गया था। भारतीय शेयर बाजार अपनी सभी सीमाओं को पार कर चुका है। पिछले कुछ वर्षों से भारतीय शेयर बाजार से भारी मुनाफा वसूली की गई है। बैंकों, सरकारी वित्तीय संस्थाओं द्वारा जितना भी निवेश किया गया। वह मुनाफा वसूली में पहले ही विदेश चला गया। रही सही कसर विदेशी निवेशक निकल रहे हैं, जो भारतीय शेयर बाजार से निकलकर बाजार को ढहाने का काम कर रहे हैं। यदि एक सप्ताह इसी तरह की गिरावट और भारतीय शेयर बाजार को झेलनी पड़ी, तो बैंकों और सरकारी वित्तीय संस्थानों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। डीमेट के जरिए जो भारतीय छोटे निवेशक शेयर बाजार से जुड़े थे, उन्हें भी भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। ऐसी स्थिति में भारत में जो वित्तीय अफरा तफरी फैलेगी। वह अमेरिका में 2008 की मंदी से भी ज्यादा भयानक स्थिति भारत की होगी। अमेरिका दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था। 2008 की आर्थिक मंदी के बाद सोने और कच्चे तेल के दाम अंतरराष्ट्रीय नीतियों के कारण बड़ी तेजी के साथ बढे। अमेरिका अपनी दादा ?गिरी के चलते आर्थिक मंदी से बाहर निकल आया। भारत के पास ऐसा कोई बैकअप उपलब्ध नहीं है। भारत सरकार के ऊपर विदेशी कर्ज 2014 की तुलना में 5 गुना बढ़ गया है। केंद्र सरकार, राज्य सरकार और स्थानीय संस्थाएं कर्ज लेकर शुद्ध घी पी रही हैं। शेयर बाजार के मुनाफे से बैंकों और कंपनियों की बैलेंस शीट भारी कमाई कर रही थी। यह सारी कमाई कागजी कमाई थी, जो शेयर बाजार से हो रही थी। अक्टूबर माह में ही भारतीय शेयर बाजार से 30 लाख करोड रुपए से ज्यादा का नुकसान ?निवेशकों को हो गया है। शेयर बाजार की गिरावट को रोकने के लिए म्युचुअल फंड और भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र की वित्तीय संस्थाओं ने इस बिकवाली के समय बाजार में भारी निवेश करके विदेशी निवेशकों को मुनाफा वसूली का मौका दिया है। आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है, यदि यही स्थिति 1 महीने भी भारतीय शेयर बाजार में बनी रही, तो भारत में आर्थिक कोहराम मचना तय है। इसका सबसे ज्यादा असर केंद्र सरकार पर भी पड़ेगा। अर्थव्यवस्था को लेकर सरकार ने हमेशा जो सपने आम जनता को दिखाएं हैं। यदि आम जनता का वह सपना टूटेगा, तो सरकार को भारी परेशानी उठानी पड़ेगी। सरकार का अस्तित्व बना रहेगा या नहीं, यह कहना भी बड़ा मुश्किल है। वर्तमान की केंद्र सरकार बैसाखियों पर टिकी हुई है। जब मुसीबत आती है तो सबसे पहले बैसाखी ही साथ छोड़ती है। 1992 के हर्षद मेहता के घोटाले में जो ?स्थिति भारतीय शेयर बाजार की हुई थी, वर्तमान की तुलना में वह ऊंट के मुंह में जीरे के समान थी। वर्तमान ?स्थिति में भारत का सारा पैसा भारत से ?निकलकर ?विदेशों में पहुंच गया है। जो भारत में आना मु ?श्किल है। सपनों में हम जो सोच रहे थे, वह सपना टूटने वाला है। नींद और सपना जब भू टूटता है, तभी वास्त ?विकता का अहसास होता है। वही समय आ गया है।

## चिंतन-मनन

## प्रयश्चित ही कर्म फल से मुक्ति का आधार है

**यह ठीक है कि जिस व्यक्ति के साथ** अनाचार बरता गया अब उस घटना को बिना हुई नहीं बनाया जा सकता। सम्भव है कि वह व्यक्ति अन्यत्र चला गया हो। ऐसी दशा में उसी आहत व्यक्ति की उसी रूप में क्षति पूर्ति करना सम्भव नहीं। किन्तु दूसरा मार्ग खुला है। हर व्यक्ति समाज का अंग है। व्यक्ति को पहुँचाई गई क्षति वस्तुतः प्रकारान्तर से समाज की ही क्षति है। उस व्यक्ति को हमने दुष्कर्मों से जितनी क्षति पहुँचाई है उसकी पूर्ति तभी होगी जब हम उतने ही वजन के सत्कर्म कर-के समाज को लाभ पहुँचाये। समाज को इस प्रकार हानि और लाभ का बैलेन्स जब बराबर हो जायेगा तभी यह कहा जायेगा कि पाप का प्रायश्चित हो गया और आत्मग्लानि एवं आत्मप्रताड़ना से छुटकारा पाने की स्थिति बन गई।

सस्ते मूल्य के कर्मकाण्ड करके पापों के फल से छुटकारा पा सकना सर्वथा असम्भव है। स्वाध्याय, सत्संग, कथा, कीर्तन, तीर्थ, व्रत आदि से चित्त में शुद्धता की वृद्धि होना और भविष्य में पाप वृत्तियों पर अंकुश लगाने की बात समझ में आती है। धर्म कृत्यों से पाप नाश के जो माहात्म्य शाछ्याह में बताये गये हैं उनका तात्पर्य इतना ही है कि मनोभूमि का शोधन होने से भविष्य में बन सकने वाले पापों की सम्भावना का नाश हो जाये। ईश्वरीय कठोर न्याय व्यवस्था में ऐसा ही विधान है कि पाप परिणामों की आग में जल मरने से जिन्हें बचना हो वे समाज की उत्कृष्टता बढ़ाने की सेवा-साधना में संलग्न हों और लदे हुए भार से छुटकारा प्राप्त कर शान्ति एवं पवित्रता की स्थिति उपलब्ध कर लें।

# बेफिक्र रहिये ! न कोई कटेगा और न कोई बटेगा

राकेश अचल

**आखिर होसबोले भी वो ही** बोले जो उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पिछले कई महीनों से लगातार बोलते आ रहे हैं। दोनों की बोली और शब्दों का स्वरूप एक ही है। दोनों देश के बहुसंख्यकों को भयभीत कर रहे हैं कि यदि बँटोगे तो कटोगे। दोनों के निशाने पर देश के वे अल्पसंख्यक हैं जिन्हें आरएसएस आजादी के 77 साल बाद भी भारत का नागरिक नहीं मानता। आरएसएस और महंत योगी आदित्यनाथ के बोल एक संप्रभु ,विविधवर्णी देश कि जड़ों में मठा डाल रहे हैं। मै उन लोगों में से नहीं हूँ जो आरएसएस को आतांकवादी संगठन मानते हैं। मै आरएसएस को राष्ट्रद्रोह संगठन भी नहीं कहता ,लेकिन मेरे मानने और कहने से कुछ नहीं होता क्योंकि आरएसएस जो है वो खुद प्रमाणित कर रहा है ,और तब कर रहा है जब इस विशिष्ट देश ने आरएसएस को 99 साल तक अपनी कोख में पाला पोसा है। ये संघ का शताब्दी वर्ष है। देश ने कभी नहीं कहा कि आरएसएस को भारत में नहीं होना चाहिए। लेकिन आरएसएस है जो न सिर्फ खुद बल्कि अपनी दत्तक संतानों से भी यही कहला रही है कि इस देश को कांग्रेस विहीन होना चाहिए। दुनिया जानती है कि संघ जिस की बेल है उससे अमृतफल तो नहीं निकल सकते। संघ के भावी मुखिया दत्तात्रेय होसबाले ने उत्तर प्रदेश के मथुरा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की वार्षिक बैठक के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बंटेंगे तो कटेंगे वाले बयान का समर्थन किया , उन्होंने कहा कि हमें इसे आचरण में लाना चाहिए. यह हिंदू एकता और लोक कल्याण के लिए जरूरी है.। दत्तात्रेय होसबाले अभी आरएसएस के सरकार्यवाह हैं उन्हें सरसंघ चालक बनने से पहले वो सब करना और कहना पडेगा जो न सिर्फ अनिवार्य है बल्कि अपरिहार्य भी है। दुर्भाग्य की बात ये है कि संघ और संघ का दत्तक पुत्र भाजपा एक विचार है ,ऐसा विचार जो न सामयिक है और न आवश्यक। संघ और भाजपा का व्यवहार दुनिया में रूढ़ियों से घिरे तालिबानियों से बहुत कुछ मेल खाता है। संघ देश कि विविधता में यकीन करता ही नहीं है ,संघ हिन्दुओं कि श्रेष्ठता में न सिर्फ यकीन करता है बल्कि उसे बहुसंख्यक हिन्दुओं के मन-मस्तिष्क में अंगद के पैर की तरह जमा देना चाहता है। दुर्भाग ये कि संघ को लगभग एक सदी में भी इस योजना में कामयाबी नहीं मिली। मुझे लगता है कि इस अभियान को साकार करने के लिए संघ को सात जन्म तो लेना ही पड़ेंगे।

होसबाले 2021 से सरकार्यवाह के रूप में कार्यरत हैं, वे 2024 से 2027 तक अपने इस पद पर रहने वाले हैं दत्तात्रेय होसबाले और योगी आदित्यनाथ में और कोई समानता हो या न हो लेकिन एक समानता ये है कि ये दोनों यदुवंशी हैं। दोनों अविवाहित हैं और दोनों बाल्य-काल से एक खास तरह की दीक्षा से गुजरे हैं जो कोसों तक भारत की राजनीति से मेल नहीं खाती। होसबोले 56 साल से संघ के साथ हैं और आजीवन रहने वाले हैं। उनका एकमेव लक्ष्य वही है जो 1925 में श्रीमंत केशव वलीराम हेडगवार साहब ने तय किया था। उनका लक्ष्य तो सौ साल में भी पूरा नहीं हुआ लेकिन इस देश को आजाद करने का जो लक्ष्य महात्मा गाँधी ने 81 साल पहले तय किया था वो न सिर्फ फलीभूत हो चुका है बल्कि पल्लि्वत -पुष्पित भी हो रहा है। जैसा कि मैंने पहले ही कहा कि मै संघ का और समस्त संघमित्रों का बहुत सम्मान करता हूँ। सम्मान इसलिए कि वे बहुत त्यागी होते है। सादगी पसंद होते हैं। उन्होंने सादगी हेडगेवार से नहीं बल्कि शायद महात्मा गाँधी से सीखी है। देश और दुनिया ने गांधी की सादगी को तो अंगीकार कर लिया किन्तु हेडगेवार साहब के हिन्दू राष्ट्र को स्वीकार नहीं किया। यदि किया होता तो ये देश 1947 में ही हिन्दू राष्ट्र बन जाता। हिन्दू राष्ट्र बनकर नेपाल ने देख लिया है । इस्लामिक राष्ट्र बनकर पाकिस्तान ने भी देख लिया है। इन्हें क्या हासिल हुआ ये बताना जरूरी नहीं है। चिंता की बात ये है कि संघ तमाम हकीकत जानते हुए भी हार मानने के लिए तैयार नहीं है।

हमारे बुंदेलखंड में होंस को उत्साह या गर्व कहते हैं और होंस से बोलने वालों को गवीर्ला मना जाता है किन्तु दत्तात्रय जी जो बोल रहे हैं उसमें गर्वोक्ति बिलकुल नहीं है केवल दम्भ है दम्भ। इस दम्भ से देश कि गंगा-जमुनी संस्कृति तबाह हो रही है। संघ और सभी संघमित्र गंगा-जमुनी संस्कृति में यकीन करते ही नहीं हैं। उन्हें लगता है कि संस्कृति मुगलों कि देन है और इसका वसुधैव कुटुंबकम से कोई मेल नहीं है ,कोई बराबरी नहीं है। जबकि हकीकत कुछ और है। इस हकीकत को न संघ समझना चाहता है और न हमारी भाजपा। समझे तो आखिर कैसे समझे ? उसे तो देश को हिन्दू राष्ट्र बनाना है। देश हिन्दू राष्ट्र बने तो मुझे भी क्या आपत्ति हो सकती है लेकिन हमारा तजुर्बा बता रहा है कि अब बहुत देर हो चुकी है। देश जो राष्ट्र बन चुका है उसे अब बिगाड़ा नहीं जा सकता। नया देश बनाने के लिए बहुत लम्बी लड़ाई लड़ना पड़ती है। महात्मा गाँधी के नेतृत्व में देश कि जनता ने ये लड़ाई लड़ी है ,लड़ी ही नहीं उसे जीता भी है। इस जीत में संघ का कितना योगदान है ये दुनिया जानती है और संघ भी। अब लगता है कि संघ 1947 से पहले कि गयी अपनी भूल सुधार करने कि कोशिश करना चाहता है। देश को एक बार फिर से नया नाम देना चाहता है। और इसी के लिए बँटोगे तो कटोगे का नारा दिया गया है। महात्मा गाँधी ने देश को करो या मरो का नारा दिया था और होसबोले देश को बँटोगे तो कटोगे का नारा दे रहे हैं। आपको याद रखना होगा कि महात्मा गाँधी भी राम भक्त थे और संघमित्र दत्तरी होसबोले भी राम भक्त है। पूरा संघ रामभक्त है। पूरी भाजपा रामभक्त है लेकिन पूरा देश रामभक्त नहीं है। राम का सम्मान सब करते हैं। उन्हें देवता भी मानते हैं। मुसलमान भी उन्हें इमामे-हिन्द कहते हैं। यहां राम को मानने वाले भी हैं और न मानने वाले भी ,लेकिन सब हैं भारतीय। और ऐसे भारतीय जिनका जन्म दत्तात्रय होसबोले से पहले हुआ था। उन्हें भारतीयता का प्रमाणपत्र न संघ से चाहिए और न होसबोले से। उनका आधारकार्ड ही उनके भारतीय होने का प्रमाण है। और संयोग से ये प्रमाणपत्र संघ कार्यालय से नहीं भारत सरकार के कार्यालय से जारी होता है।

मुझे हैरानी तो ये है कि डॉ मोहन भागवत हों या माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी भी इस हकीकत को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं हैं ,उलटे बार-बार इस हकीकत को ठुकराना चाहते हैं। इन सभी महनुभवों ने देश कि जनता के एक बड़े वर्ग के मन में भय पैदाकरने कि कोशिश की ,लेकिन जब ये कोशिश भी असरकारी साबित नहीं हुई तो सबका साथ,सबका विकास से शुरू होकर अब बँटोगे तो कटोगे तक आ पहुंचे हैं। संघ और भाजपा जबरन हिन्दुओं के ठेकेदार बन गए है। जब संघ और भाजपा नहीं थी तब भी इस देश में हिन्दू थे, हिंदुत्व था। हमारे संघमित्र शायद नहीं जानते कि भारत पर आर्यों ने ,फारसियों ने, अलेक्जेंडर ने सेल्यूकस ने ,यवनों ने, हूणों ने, अरबों ने मुगलों ने और अंग्रेजों ने हमला किया,शासन किया लेकिन हिन्दू तब भी थे और आज भी हैं। मै संघमित्रों को यकीन दिलाना चाहता हूँ कि भारत में हिन्दू कल भी रहेंगे और बहुसंख्यक बनकर ही रहेंगे ,वे न बंटेंगे और न कोई उन्हें काट पायेगा। ये कोशिश सियासत जरूर करती है ,लेकिन सियासत भी हर बार कामयाब नहीं होती। कभी-कभी संघ कि विचारधार को कामयाबी मिलती है। जनता भी संघमित्रों को मौका देती है ,लेकिन जब हकीकत समझती है तो अपना फैसला बदल भी लेती है। ये लोकतंत्र की विशेषता है। संघ मित्र आज सत्ता में हैं,कल शायद नहीं होंगे और परसों मुमकिन है कि उन्हें फिर सत्ता में आने का मौका मिले। लेकिन ये तभी मुमकिन है जब कि संघमित्र भारत को जबरदस्ती हिन्दू राष्ट्र बनाने कि जिद और कोशिश छोड़ दे। मुझे संघ कि कोशिशों पर भी यकीन है और जनता पर भी। जनता अंततः जनार्दन है। जनता भी नेताओं कि तरह घाट-घाट का पानी पीती है। जनता ने बीते 77 साल में कांग्रेसियों को भी देखा, समाजवादियों को भी देखा, वामपंथियों को भी देखा, संघियों को भी देख लिया है। जनता जिस दिन चाहेगी कि भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाना है उस दिन जनता बना लेगी। जनता को तब न संघ की जरूरत होगी न भाजपा की और न कांग्रेस की। संघ यदि सांस्कृतिक संघठन है तो यही काम ईमानदारी से करे। राजनीति करना छोड़ दे। भाजपा का प्रचार करना छोड़ दे। उसके लिए पसीना बहाना त्याग दे। संघ क्या करे या न करे ये तय करना संघ का अपना काम है। हमारा काम तो मुर्गे की तरह बांग देने का है। हम भले ही रोज हलाल होते रहें किन्तु बांग देना बंद करने वाले नहीं है। बांग मुर्गा अकेला नहीं देता। मुल्ला भी देता है,पंडित भी देता है ,शंकराचार्य जी देते हैं। पॉप और पादरी भी करते है। सेवादार भी देते है। जागरण का दूसरा नाम ही बांग देना है। बांग सुनकर जिन्हें जागना होता है वो जाग जाते हैं और जो जंबोझकर अनसुनी करते हैं उनका भगवान ही मालिक होता है।

## हिंदू राष्ट्र का राग फिर गाया आरएसएस प्रमुख ने

राम पुनियानी



**गत 12 अक्टूबर को विजयादशमी** (दशहरा) का त्यौहार था। इस दिन आरएसएस का स्थापना दिवस मनाया जाता है। परंपरा है कि इस दिन आरएसएस प्रमुख (सरसंघचालक) का संबोधन होता है। परंपरा के अनुरूप, डॉ मोहन भागवत ने भाषण दिया। यह भाषण उनके उस महत्वपूर्ण भाषण के कुछ दिन बाद हुआ जो उन्होंने 2024 के आमचुनाव में भाजपा के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद दिया था। उस भाषण में उन्होंने नरेन्द्र मोदी को निशाना बनाया था। चुनाव प्रचार के दौरान मोदी ने यह दावा किया था कि वे नॉन बायोलॉजिकल हैं और उन्हें लगता है कि उन्हें ईश्वर ने धरती पर भेजा है। चुनाव में भाजपा की सीटें 303 से घटकर 240 हो जाने की पृष्ठभूमि में भागवत ने कहा एक आदमी पहले सुपरमैन बनना चाहता है, फिर देव, और फिर ईश्वर। शायद यह पहला चुनाव था जिसमें भाजपा ने यह दावा किया था कि पहले वह आरएसएस से मदद मांगती थी क्योंकि उसकी अपनी ताकत कम थी। लेकिन अब वह अब पहले से ज्यादा शक्तिशाली हो गई है। इस भाषण में भागवत ने मोदी के बढ़ते दंभ पर चोट की और तत्पश्चात संघ परिवार ने हरियाणा के चुनाव में पूरी ताकत झोंक दी। चुनाव आयोग की मदद से की गई जोड़तोड़ से भाजपा ने चुनाव जीत लिया, जबकि आम धारणा यह थी कि राज्य में कांग्रेस की जीत निश्चित है।

दशहरे के अपने भाषण में भागवत ने भाजपा की अधिकांश नीतियों का एक बार फिर जिक्र किया, गैर-भाजपा शासित राज्यों की सरकारों की आलोचना की और आरएसएस के असली लक्ष्यों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए हिंदुत्व की राजनीति के केन्द्रीय तत्वों की चर्चा की। मोहन भागवत ने कहा, डीप स्टेट, वोकिज्म, कल्चरल मार्क्सिस्ट शब्द इस समय चर्चा में हैं और ये सभी सांस्कृतिक परंपराओं के घोषित दुश्मन हैं। समाज (का) मन बनाने वाले तंत्र व संस्थाओं - उदाहरण के लिए शिक्षा तंत्र व शिक्षा संस्थान, संवाद माध्यम, बौद्धिक संवाद आदि - को अपने प्रभाव में लाना, उनके द्वारा समाज के विचार, संस्कार, आस्था आदि को नष्ट करना, यह इस कार्यप्रणाली का प्रथम चरण होता है। एक साथ रहने वाले समाज में किसी घटक को उसकी कोई वास्तविक या कृत्रिम रीति से उत्पन्न की गई।।।समस्या के आधार पर अलगाव के लिए प्रेरित किया जाता है। असंतोष को हवा देकर उस घटक को शेष समाज से अलग, व्यवस्था के विरुद्ध उग्र बनाया जाता है।।।व्यवस्था, शासन, प्रशासन आदि के प्रति अश्रद्धा व द्वेष को उग्र बना कर अराजकता व भय का वातावरण खड़ा किया जाता है। इससे (उनके लिए) उस देश पर अपना वर्चस्व स्थापित करना सरल हो जाता है। एक अपेक्षाकृत कम प्रचलित शब्द वोकिज्म का इस्तेमाल अधिकांशतः दक्षिणपंथियों द्वारा सामाजिक और राजनैतिक अन्यायों के प्रति संवेदनशील रवैया रखने वाले लोगों को अपमानित करने के लिए किया जाता है। यह भागवत के भाषण का केन्द्रीय मुद्दा था। इस समय हिंदू दक्षिणपंथी देश के सामाजिक-राजनैतिक परिदृश्य पर हावी हैं और संघ परिवार ने शाखाओं, सरस्वती शिशु मंदिरों और एकल विद्यालयों जैसे स्कूलों के विशाल नेटवर्क और समाज में होने वाली चचाओं व बातचीत के जरिए समाज में जाति व लैंगिक भेदभाव के प्रति समर्थन का माहौल बना दिया है। हाल के वर्षों में संघ परिवार के प्रति सहानुभूति रखने वाले बड़े कारोबारी घरानों द्वारा नियंत्रित मीडिया और भाजपा के आईटी सेल के सहारे समाज के बड़े हिस्से का नजरिया हिंदू राष्ट्रवाद के पक्ष में कर दिया है।

आखिर वोकिज्म क्या करता है? वह एक न्यायपूर्ण समाज स्थापित करना चाहता है। वह जाति, धर्म, रंग, भाषा आदि के आधार पर भेदभाव के खिलाफ होता है और एलजीबीटी के अधिकारों का समर्थन करता है। सभी के एकसमान अधिकारों की यह बात ब्राम्हणवादी मूल्यों के समर्थकों को चुभती है क्योंकि ये मूल्य ही हिंदू राष्ट्रवादी राजनीति के केन्द्र में हैं। मोटे तौर पर यह बात धर्म का चोला ओढ़े तालिबान, मुस्लिम ब्रदरहुड और बौद्ध धर्म के नाम पर श्रीलंका और म्यांमार में की जा रही राजनीति और ईसाई कट्टरपंथियों पर भी लागू होती है। स्थानीय परिस्थितियों के मुताबिक यह विभिन्न स्वरूपों में सामने आती है।

इसी सोच के चलते हिंदू राष्ट्रवादी विचारधारा के संस्थापक मनुस्मृति के प्रशंसक थे, क्योंकि उसमें दलितों और महिलाओं को निम्न दर्जा दिया गया है। आरएसएस मुसलमानों और ईसाईयों को विदेशी मानता है और उसने 1984 में हुए सिक्खों के नरसंहार का दबे-छुपे ढंग से समर्थन किया था। दक्षिणपंथी राजनीति वोकिज्म को इसलिए बुरा मानती है क्योंकि वह समानता के मूल्यों की पक्षधर है, जो किसी भी सामाजिक आंदोलन का अंतिम लक्ष्य माना जाता है। यही वजह है कि वंचितों के ज्यादातर आंदोलन लोकतंत्र का पूरे जोशोखरोश से समर्थन करते हैं। जहां एक ओर दलितों, महिलाओं और एलजीबीटी समुदाय के आंदोलनों को भारत के हिंदू राष्ट्रवादी हेय दृष्टि से देखते हैं, वहीं मुस्लिम-बहुल देशों में, जहां कट्टरपंथियों का राज है, महिलाएं निशाने पर होती हैं। संघ परिवार चाहता है कि समानता के मूल्यों का स्थान असमानता के पैरोकार प्राचीन स्वर्णकाल के मूल्य ले लें और यही कारण है कि संघी विचारक बार-बार वोकिज्म जैसे शब्दों का इस्तेमाल कर रहे हैं। उनके लिए यह वंचितों के अधिकारों का समर्थन करने वाले मूल्यों और आंदोलनों का पर्याय है।

## स्वच्छ राजनीति के प्रेरक व्यक्तित्व थे जगदीश नारायण सिन्हा !

डॉ श्रीगोपाल नारसन

**आज की स्वार्थ व अवसरवादी** राजनीति से कोसो दूर कभी देश मे ऐसे नेता भी हुआ करते थे, जिनके लिए उनकी जनता ही प्राणवायु हुआ करती थी।अपने क्षेत्र, राज्य और देश के लिए चौबीसों घण्टे समर्पित रहकर ऐसे ही नेताओं के बलिदान व संघर्ष से भारत को आजादी मिल पाई। ऐसे ही प्रेरक नेताओं में से एक थे जगदीश नारायण सिन्हा जो शिक्षाविद होने के साथ साथ अविभाजित उत्तर प्रदेश में 3 बार विधायक व मंत्री भी रहे। उनकी राजनीतिक उर्वरा भूमि रुड़की में उनकी जाति कायस्थों की संख्या न के बराबर है फिर भी उनका सर्वमान्य नेता के रूप में उभरना उनकी जनहित कार्यशैली का प्रमाण था। सन 1917 में जन्मे जगदीश नारायण सिन्हा ने अपने कैरियर की शुरूआत डीएवी इंटर कालेज रुड़की में एक अध्यापक के रूप में की और फिर भगवानपुर के आरएनआई इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य रहे। उन्होंने सहकारिता क्षेत्र में राजनीतिक कदम बढ़ाते हुए रुड़की सहकारी बैंक के उपाध्यक्ष व फिर अध्यक्ष तक का सफर तय किया और फिर जल्दी ही नगर पालिका रुड़की के अध्यक्ष बन गए।रुड़की के सिविल अस्पताल की दशा सुधारने व उसे लोकोपयोगी बनाने में जगदीश नारायण सिन्हा की महती भूमिका रही है।देश को आजादी दिलाने के लिए उन्होंने गांधी जी के करो या मरो को आत्मसात करते हुए सबसे पहले 9 अगस्त सन 1942 को प्रधानाचार्य पद से सेवानिवृत्ति ली और फिर आजादी के आंदोलन में कूद पड़े।उनकी आजादी के आंदोलन में सपत्नीक सक्रियता से परेशान अंग्रेजों ने अप्रैल सन 1943 में उन्हें व उनकी पत्नी सत्यवती सिन्हा को फरार घोषित कर दिया और फिर उसी माह गिरफ्तार कर उन्हें मेरठ जेल में 2 वर्ष 3 माह तक नजर बंद रखा गया।उनके बड़े भाई कैलाश प्रकाश ने तो मेरठ में 10 अगस्त सन 1942 से आसपास के 6 जिलों में आंदोलन की अलख जगाई थी। जगदीश नारायण सिन्हा आचार्य विनोबा भावे के अनुयायी रहे और उनके भू आंदोलन से प्रभावित होकर न सिर्फ भूमि दान की बल्कि कई गांव को भी जीवंत किया।जगदीश नारायण सिन्हा को हमसे बिछड़े हुए आधा सदी से ज्यादा का समय हो चुका है।लेकिन फिर भी रुड़की के लोग आज भी यही कहते है, कि नेता हो तो जगदीश नारायण सिन्हा जैसा। 27 अप्रैल 1976 में उनके निधन के बाद से रुड़की क्षेत्र में ऐसा कोई सर्वमान्य नेता नही बन पाया जो जगदीश नारायण सिन्हा के उत्तराधिकारी कहलाने लायक हो।जगदीश नारायण सिन्हा के नाम पर चल रहे जिला उपचिकित्सालय परिसर में उनकी मूर्ति की स्थापना उनके परिजनों द्वारा किया जाना बेहद सुखद व गौरवपूर्ण है।जिसका अनावरण आज उत्तराखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ धनसिंह रावत स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी परिवार की उपस्थिति में कर रहे है।हम कह सकते है जब तक सूरज चांद रहेगा, जगदीश नारायण का नाम रहेगा।

## आज का राशिफल

**मेष** आज भाग्य साथ दे रहा है और आपके लिए तरक्की के नए रास्ते खुलेंगे। आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा।

**वृषभ** आज दिन परेशानियों और बाधाओं वाला रहेगा। आपके बनते काम बिगड़ सकते हैं।

**मिथुन** आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपके रुके हुए सभी कार्य पूर्ण होंगे।

**कर्क** आज दिन सामान्य रहेगा और आपके रुके कार्य पूर्ण होने से आपको खुशी होगी।

**सिंह** आज दिन काफी भाग्यशाली है और आपको बहुमूल्य वस्तुओं की प्राप्ति होने से खुशी होगी।

**कन्या** दिन सफलता से भरा होगा और कारोबार में मनचाहा लाभ होने से आपको सुख की प्राप्ति होगी।

**तुला** दिन काफी व्यस्तता से भरा होगा। समाज की ओर से वांछित सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक** दिन मिश्रित फलकारक है। आपको किसी कारण से सेहत से जुड़ी परेशानी हो सकती हैं।

**धनु** आज करियर में लाभ और सफलता का दिन है और आपको किस्मत का पूरा साथ मिलेगा।

**मकर** कारोबार में आपको लाभ होगा। आपकी निर्णय लेने की क्षमता से आपको लाभ होगा।

**कुंभ** आज का दिन आपके लिए भविष्य की नवीन संभावनाओं को लेकर आ रहा है।

**मीन** मानसिक अशांति खिन्नता और उदासीनता के कारण आपका मन किसी काम में नहीं लगेगा।

## राजकाज

### भाजपा के नेता भृष्ट नहीं हो सकते

**भाजपा भारत की पहली ऐसी** पार्टी है। जिसकी पहचान चाल चरित्र और चेहरे से बनी हुई है। 2014 से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की केंद्र में सरकार है। उसके बाद से भाजपा के नेता पूरी तरह से ईमानदार हो गए हैं। यदि उनके ऊपर कोई भ्रष्टाचार के आरोप लगता है। भाजपा उसे कभी स्वीकार नहीं करती है। भाजपा का मानना है,कांग्रेस और विपक्ष के नेता तो जन्मजात भ्रष्टाचारी हैं। भाजपा नेता चाल चरित्र और चेहरे से जन्म जात पाक साफ होते है। भाजपा नेताओं में आरोप लगाना भगवान का अस्तित्व स्वीकार करने जैसा नही है। सबसे अच्छी बात यह है, न्यायपालिका भी यही मानकर चलती है। जांच एजेंसी भी यही मानकर चल रही है। न्यायपालिका भी बंद लिफाफे में जवाब मिलने पर मान लेती है, कि भाजपा ने जो किया है, वह सही है। रामराज का यही सच है।

### सेबी प्रमुख माधुरी पुरी बुच को सरकार की क्लीन चिट

**शेयर बाजार की नियामक** संस्था सेबी की प्रमुख माधुरी पुरी बुच के ऊपर जो आरोप लगे थे उसे पर सरकार ने उन्हें बिना जांच के क्लीन चिट दे दी है हिडेनबर्ग ने जो आरोप लगाए थे उसके प्रमाण भी मिल गए हैं विदेश की कोर्ट में भी अदानी समूह के खिलाफ आरोप पर कार्रवाई शुरू हो गई है लोकसभा की संसदीय समिति ने जांच के लिए माधवी बुच को संसदीय समिति के सामने पूछताछ के लिए बुलाया था। वह संसदीय समिति के सामने नहीं पहुंची उसके पहले सरकार ने क्लीन चिट दे दी संसदीय समिति के ऊपर भी माधुरी बुच भारी पड़ रही हैं न्यायालय तो पहले ही उन्हें क्लीन दे चुकी है। ऐसी पावरफुल आयरन लेडी के सामने संसदीय समिति भी बौनी साबित हो गई है।

## कार्टून कोना




### आज का इतिहास

1492 नई दुनिया की खोज में निकले क्रिस्टोफर कोलम्बस ने क्यूबा की खोज की थी। 1867 सिस्टर निवेदिता का जन्म आयरलैंड में हुआ। 1886 स्वतंत्रता की देवी की मूर्ति न्यूयार्क बंदरगाह को समर्पित की गयी। 1890 जर्मन ईस्ट अफ्रीका कंपनी ने अपने अधिकार जर्मनी को दे दिए। 1962 सोवियत प्रधानमंत्री निकिता क्रश्चेव ने क्यूबा से प्रक्षेपास्त्र हटाने का आदेश दिया। 1977 यूरोपीय साझा बाजार में इंग्लैंड के शामिल होने संबंधी प्रस्ताव ब्रिटिश संसद ने पारित किया। 1974 जार्डन सहित अन्य अरब देशों ने स्वतंत्र फिलीस्तीनी राष्ट्र की स्थापना का आान किया। 1975 मिस्त्र ने अमरीका से फलीस्तीन का राजनयिक बहिष्कार समाप्त करने का आग्रह किया। 1977 अख क्षेत्रों में बस्तियां बसाने की निंदा राष्ट्र संघ महासभा ने की। 1988 चेकोसलोवाकियाई आजादी की 70वीं वर्षगांठ पर पुलिस और प्रदर्शनकारियों में संघर्ष हुआ।

## दैनिक पंचांग

**28 अक्टूबर 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | तुला में | वृश्चिक | 07.33 ब.से |
| चंद्र | सिंह में | धनु | 09.49 बजे से |
| मंगल | कर्क में | मकर | 11.54 बजे से |
| बुध | तुला में | कुंभ | 13.41 बजे से |
| गुरु | वृष में | मीन | 15.14 बजे से |
| शुक्र | वृश्चिक में | मेष | 16.44 बजे से |
| शनि | कुंभ में | वृष | 18.24 बजे से |
| राहु | मीन में | मिथुन | 20.22 बजे से |
| केतु | कन्या में | कर्क | 22.36 बजे से |
| राहुकाल | | सिंह | 00.52 बजे से |
| 7.30 से 9.00 | | कन्या | 03.04 बजे से |
| बजे तक | | तुला | 05.15 बजे से |

**सोमवार** 2024 वर्ष का 302 वां दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** कार्तिक (दक्षिण भारत में आश्विन) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** एकादशी 07.51 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** पूर्वाफाल्गुनी 15.24 बजे को समाप्त। **योग** ब्रह्म 06.47 बजे को समाप्त। **करण** बालव 07.51 बजे तदनन्तर कौलव 21.11 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 13° 12' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872146 **जूलियन दिन** 2460611.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** रवि उस्सानी **तारीख** 24 **विशेष** रमा एकादशी, गोवत्स द्वादशी।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

## जागरूकता वाहन के माध्यम से मतदाताओं को वोट के प्रति किया जागरूक



**जामताड़ा (एप्र)।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह सचिव मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग झारखंड एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कुमुद सहाय के निदेशानुसार विधानसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त मतदाता जागरूकता के तहत विगत चुनाव में न्यूनतम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केंद्रों में विशेष रूप से वीआर एलईडी स्क्रीन युक्त मतदाता जागरूकता वाहन के माध्यम से प्रचार किया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को कुंडहित प्रखंड के सगुनीबासा, कालीपाथर एवं नौडीहा गांव में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत वीआर एलईडी स्क्रीन यंत्र युक्त जागरूकता वैन में हेड माउंटेड डिस्प्ले वीआर बाक्स के माध्यम से आमजन वर्चुअल रियलटी में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी वीडियो वीडियो को दिखाया गया एवं पंपलेट के माध्यम से मतदाताओं को आगामी 20 नवंबर 2024 को मतदान करने हेतु जागरूक किया गया। इस दौरान लोगों में काफी उत्साह देखा गया। ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के जरिए लोग वोट की प्रति जागरूक हो रहे हैं।

## समाजसेवी अकबर अंसारी जामताड़ा विधानसभा क्षेत्र से उतरेंगे मैदान में



**जामताड़ा (एप्र)।** जामताड़ा जिला के युवा नेता सह समाजसेवी अकबर अंसारी को जेबीकेएसएस पार्टी ने जामताड़ा विधानसभा क्षेत्र से अपना प्रत्याशी बनाकर उन्हें मैदान में उतारा है। वही बता दे कि हो कि अकबर अंसारी लगातार कई वर्षों से समाजिक हित में मुखर होकर सेवा भाव से समाजिक कार्य मे भाग लेकर अपनी भूमिका निभाने का काम किया है साथ ही समाजिक कुरीतियों, समाजिक न्यय, छात्र हित, नारी सशक्तिकरण आदि कई क्षेत्र में बहुमुल्य योगदान दिया है। वही जामताड़ा विधानसभा क्षेत्र में कार्य के बदोलत युवा समाजसेवी के रुप मे छाप छोड़ सके है। उन्होंने कहा कि मैं जामताड़ा का बेटा हूं और मुझे यहां के भाई बहन माता-पिता तुल्य मतदाताओं द्वारा पूरा समर्थन आशीर्वाद के रूप में मिल रहा है। इसीलिए मैं 28 अक्टूबर को जामताड़ा विधानसभा क्षेत्र के पुराना कोर्ट परिसर स्थित एसडीओ कार्यालय मे जामताड़ा विधानसभा के देवतुल्य जनमानस के आशीर्वाद, सहयोग उपस्थित में अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। साथी में यहां के देवतुल्य मतदाताओं से अपील करना चाहता हूं कि आप लोगों ने कई जनप्रतिनिधियों को मौका दिया है। एक बार जामताड़ा विधानसभा क्षेत्र के बेटा अकबर अंसारी को भी मका दें।

## पूर्वा एक्सप्रेस गाड़ी का अचानक इंजन में करंट नहीं मिलने के कारण ट्रेन करीब 50 मिनट तक रुकी रही



**करमाटांड़ (एप्र)।** विद्यासागर रेलवे स्टेशन पर रविवार को डाउन लाइन की पूर्वा एक्सप्रेस गाड़ी नंबर (12304) का अचानक इंजन में करंट नहीं मिलने के कारण ट्रेन करीब 50 मिनट तक रुकी रही। जो दोपहर 12:36 से 13:25 पर खुला। हालांकि कोई भी ट्रेन का प्रभावित नहीं हुआ है जबकि यात्रियों को थोड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं विद्यासागर रेलवे फाटक पर लोगों को आगमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। मामले की जानकारी देते हुए स्टेशन प्रबंधक एके घाटी ने बताया कि सूचना मिलने के बाद तुरंत रेलवे कर्मियों के द्वारा समस्या का निदान किया गया।

## आज मतदाता जागरूकता के निमित्त चलेगा सोशल मीडिया अभियान हैशटैग

**इस अभियान में सबों की सहभागिता हेतु डीसी ने की अपील**

**जामताड़ा (एप्र)।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह सचिव, झारखण्ड द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में विधानसभा निर्वाचन 2024 के निमित्त सभी मतदाता आवश्यक रूप से मतदान करें। इस हेतु वृहत जागरूकता फैलाने को लेकर आज पूर्वाहन 11 से 12 बजे तक शहरी क्षेत्र के मध्य, माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक कक्षाओं में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के लिए अपने माता-पिता के नाम आवश्यक रूप से मतदान करने हेतु पत्र लेखन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

वहीं इस के वृहत प्रसार हेतु सोशल मीडिया हैशटैग मम्मी पापा वोट दो अभियान चलाया जाएगा।

आयोजित कार्यक्रम के तहत निर्दिष्ट समय में पत्र लेखन के पश्चात सभी बच्चे अपने पत्र को अपने अपने घर ले जाकर अपने माता-पिता को सौपेंगे एवं उनसे मतदान तिथि को मतदान करने हेतु अनुरोध किया जाएगा।

इस संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कुमुद सहाय ने जिलेवासियों एवं बच्चों के अभिभावको से अपील कर कहा कि आगामी 20 नवंबर को जिले में मतदान वृहत प्रसार हेतु सोशल मीडिया हैशटैग मम्मी पापा वोट दो अभियान चलाया जाएगा। इसमें सबों की सहभागिता महत्वपूर्ण है। सभी लोग इसमें बढ़चढ़ कर हिस्सा लें एवं अपने सोशल मीडिया में पोस्ट करें।

## हजारों समर्थकों के साथ नामांकन करेंगे भाजपा प्रत्याशी माधव चंद्र महतो

**कुंडहित (एप्र)।** हजारों समर्थकों के साथ नाला विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी माधव चंद्र महतो आज करेंगे नामांकन। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी माधव चंद्र महतो ने जानकारी देते हुए बताया नाला विधानसभा क्षेत्र के नाला, कुंडहित एवं फतेहपुर प्रखंड से हजारों समर्थन के साथ नामांकन करने जामताड़ा पहुंचेंगे। नामांकन कार्यक्रम के पश्चात फतेहपुर प्रखंड क्षेत्र के रुपडीह में कार्यकर्ता के साथ बैठक आयोजन कर पार्टी की मजबूती तथा विधानसभा चुनाव की तैयारी पर चर्चा किया जाएगा।

# आज भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन करेगी नामांकन

**➲ प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन हुई भावुक**





**जामताड़ा (एप्र)।** जामताड़ा विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी सीता सरेन सोमवार नामांकन करने वाली है इसी को लेकर भाजपा उम्मीदवार सीता सोरेन ने पार्टी कार्यालय में प्रेस वार्ता की। इस दौरान बिहार नवादा संसदीय क्षेत्र के भाजपा सांसद विवेक ठाकुर उपस्थित रहे। मौके पर भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन ने कहा कि मुझे जामताड़ा से उम्मीदवार बनाया है तब से इरफान अंसारी के द्वारा मेरे ऊपर अनाप-शनाप टिप्पणी करते आ रहे हैं। आगे कहा कि नॉमिनेशन के दिन उन्होंने तो हद ही पार कर दी जिस तरह से मेरे ऊपर टिप्पणी की है उससे हमारे समाज में खासकर महिला वर्गों में लोग पूरी तरह से आहत है। उन्होंने कहा कि इरफान अंसारी 10 सालों से क्षेत्र के आदिवासी समाज के महिलाओं को प्रताड़ित और बेइज्जत करते आ रहे हैं। कहा कि इसकी जानकारी मुझे तब प्राप्त हुई जब मैं क्षेत्र का भ्रमण कर रही थी। लोगों ने बताया कि इरफान अंसारी के द्वारा हम लोगों को 10 वर्षों से प्रताड़ित और बेइज्जत करते आ रहा है। उन्होंने कहा कि इरफान अंसारी को नहीं पता था कि सीता सोरेन कौन है किस परिवार से बिलॉन्ग करता है। कहा कि मेरे ससुर शिबू सोरेन और मेरे पति स्वर्गीय दुर्गा सोरेन जामताड़ा से ही आंदोलन की शुरूआत की थी और झारखंड अलग राज्य हासिल किया है। इस टिप्पणी के कारण आज आदिवासी समाज के लोग आहत है। वहीं उन्होंने कहा कि जिस तरह मेरे ऊपर टिप्पणी की है उसे यह देखना चाहिए था कि केंद्रीय नेतृत्व के सोनिया गांधी कहां से आते हैं। उसके बारे में भी बोलना चाहिए था। अगर मेरे बारे में बोल रहे हैं और मुझे टारगेट कर रहे हैं तो हम उसे माफ नहीं करने वाले हैं और हमारे हमारे समुदाय के लोग भी माफ नहीं करने वाले हैं। समाज के लोग या तय कर चुके हैं कि अब आदिवासी गांव में उसे घुसने नहीं दिया जाएगा, भगा दिया जाएगा। कहा की इरफान अंसारी जैसे मानसिकता वाले लोगों को मंत्री बनाया है जो मंत्री बनाया है उन लोगों को सोचना चाहिए कि मंत्री का क्या अनुशासन होना चाहिए था। वहीं उन्होंने अपने पति दुर्गा सोरेन का नाम लेते ही भावुक होकर रोने लगी। वही जामताड़ा पहुंचे बिहार के नालंदा के सांसद विवेक ठाकुर ने कहा कि मानसिक रूप से ग्रसित इरफान अंसारी झारखंड के मंत्री और जामताड़ा से विधायक है। इस मानसिकता से यह दशार्ता है कि पूरी झारखंड सरकार की जो मानसिकता है स्वार्थ और स्वयं के अलावा सरकार की जनता की चिंतन इस सरकार को नहीं है। इसको लेकर पूरे झारखंड में भारतीय जनता पार्टी आने वाले समय में विभिन्न रूप से प्रदर्शन करेगी। वही आज नारायणपुर प्रखंड के कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष केशवर सोरेन एवं महिला मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष रासमुनि मुर्मू सहित दर्जनों कांग्रेस के कार्यकर्ता पार्टी छोड़कर भाजपा का दामन थामा। सभी कांग्रेसी कार्यकताओं को भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन एवं भाजपा सांसद विवेक ठाकुर ने भाजपा का पत्ता उठाकर पार्टी में स्वागत किया। मौके पर मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष सुमित शरण, जिला महामंत्री मितेश साह, मंत्री सुजाता सिंह भैया, भाजपा नेता सुनील हांसदा, दुबराज मंडल, हरिमोहन मिश्रा, विनोद मंडल, मिडिया प्रभारी आभा आर्या, सह मिडिया प्रदीप राउत, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष पुष्पा सोरेन उपस्थित थे।

## नाला भाजपा पार्टी कार्यालय में नवादा के सांसद सह क्लस्टर प्रभारी विवेक ठाकुर ने की बैठक



**नाला (एप्र)।** नाला भाजपा पार्टी कार्यालय में नवादा के सांसद सह क्लस्टर प्रभारी विवेक ठाकुर ने तमाम कार्यकताओं के साथ विधानसभा स्तरीय बैठक की। इस दौरान उन्होंने कार्यकताओं तथा पार्टी के प्रत्याशी को चुनाव की रणनीति तथा 28 को होने वाले नामांकन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अद्भुत माहौल है, झारखंड की जनता परिवर्तन के लिए मन बना कर बैठी हुई है। वह खाली मतदान की तिथि का इंतजार कर रहे हैं और जनता ऊब चुकी है, इस सरकार से जो खाली भ्रष्टाचार में लिप्त रही। आज तक तुष्टीकरण किया। झारखंड का मूल निवासी आज अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रहा है। झारखंड के आदिवासी समाज की बेटी, बहन, दीदी सब असुरक्षित महसूस कर रहा है। हेमंत सरकार के मंत्री इरफान अंसारी का जिस तरह से वक्तव्य आया है हमारे आदिवासी दीदी बहन और माता के प्रति जो दृष्टिकोण रखा है उतना अभद्र टिप्पणी वो भी गुरूजी की बड़ी बहु को बोलना उस तरह से यह बताता है कि यह सरकार को कोई सामाजिक पहलू से उसको सरोकार नहीं है, सिर्फ धनार्जन सरकार है। जनता बैठी हुई है इंतजार कर रही है परिवर्तन होना निश्चित तय है और भाजपा और एनडीए की सरकार रांची में स्थापित होने जा रही है, डबल इंजन की सरकार की अनुभूति झारखंड बहुत दिनों बाद करने जा रहा हैं। इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी माधव चंद्र महतो ने कहा कि सभी हमारे नेता और कार्यकताओं ने मिलकर निर्णय लिया है और मुझे लगता है कि कार्यक्रम बहुत ऐतिहासिक होने वाला है और तैयारी का जो पर्व था वह लगभग हमारे सभी नेतृत्व जो जिला,प्रदेश के हैं मंडल के हैं सब आपसी तालमेल तथा समन्वय बनाकर यह तैयारी पूरी कर लिए हैं।कल ही एक हम लोग बड़ा भारतीय जनता पार्टी का एक विजय शंखनाद कल हम लोग इस विधान सभा के अंदर फूंकने वाले हैं। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सुमित शरण ,नाला मंडल अध्यक्ष किशन मुर्मू ,जिला उपाध्यक्ष अभय सिंह, जिला उपाध्यक्ष तापस भट्टाचार्य, खैरा मंडल अध्यक्ष ठाकुर मनी सिंह, जीप प्रतिनिधि अजय कुमार मंडल ,दिलीप हेम्ब्रम, रंजीत तिवारी ,कृष्ण चंद्र महतो ,गौतम महतो, सीटू सिंह ,चंद्र मोहन घोष, कैलाश मंडल, कुंडहित मंडल अध्यक्ष सजल दास ,किरण बेसरा, प्रसेनजीत घोष, जितेन राउत, अनाथ गोराई, मधुसूदन दत्त, काजल बाउरी,असीम मंडल, सुभाष राय, विजय सिंह पार्टी के अन्य पदाधिकारी सहित 6 मंडल के मंडल अध्यक्ष आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

## कांग्रेस प्रत्याशी इरफान अंसारी ने भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन से मांगी माफी



**जामताड़ा (एप्र)।** सीता सोरेन प्रकरण जहां पूरे राज्य में गर्म है और ठंडा होने का नाम नहीं ले रहा है। वही दूसरी और रविवार को कांग्रेस प्रत्याशी इरफान अंसारी ने अपने आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए सरेआम सीता सोरेन से माफी मांगी है। अपने आवास पर मीडिया से बात करते हुए इरफान अंसारी ने कहा कि मैं वीडियो को कई बार देखा है उसमें मैं कहीं भी सीता भाभी का नाम नहीं लिया है। भाजपा ने साजिश के तहत वीडियो से छेड़छाड़ किया है। अगर मैं दोष किया हूं तो भगवान इंसाफ करेगा। अगर सीता भाभी को लगता है उसे वीडियो में मैंने उनके बारे में कुछ बोला है तो मैं माफी मांगता हूं। अब इस मामले को यहीं पर खत्म किया जाए। उन्होंने आग्रह करते हुए कहा कि अभी मैं ट्वीट कर रहा हूं। मैदान में आईए जनता फैसला करेगी। क्योंकि जनता सर्वोपरि है। ऐसा बोलकर किसी का कैरियर खराब मत कीजिए। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि झूठ का रोना धोना बंद कीजिए। आज मेरी मां नहीं है वह चाहती थी कि मैं फिर एक बार विधायक बनू।

## सरदार पटेल की जयंती पर पेटिंग प्रतियोगिता



**मिहिजाम (एप्र)।** सरदार पटेल की जयंती पर चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना (चिरेका) ओबीसी रेलवे कर्मचारी संगठन के द्वारा सप्ताह व्यापी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ संगठन अध्यक्ष रजनीश प्रसाद, सचिव गुलाब यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। प्रतियोगिता को लेकर दो ग्रुप बनाया है था। जिसमें ग्रुप ए तथा ग्रुप बी। जिसमें 60 बच्चों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। इस दोनों ग्रुप के प्रतिभागियों के बीच सरदार पटेल की जीवनी और राष्ट्रीय एकता में सरदार पटेल के योगदान को लेकर विषय दिया गया है। कार्यक्रम 31अक्टूबर को संपन्न होना है। जिसमें समारोह आयोजित कर इसमें भाग लेने वाले विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। रविवार 27 अक्टूबर को चित्रकला, सामन्य ज्ञान तथा वाक प्रतियोगिता आयोजित की गई।

## 40 वर्षीय पुरुष का मिला शव

**करमाटांड़ (एप्र)।** विद्यासागर रेलवे स्टेशन मदनकट्टा रेलवे स्टेशन के बीच पल नंबर 277/2022 डाउन पर 40 वर्षीय पुरुष का शव मिला। जो पूरी तरह से ट्रेन से कटा हुआ था। मृतक की पहचान कोरों देवघर के परमानंद राय के रूप में किया गया है। जिसके भाई सहदेव राय ने बताया कि उनके भाई की मानसिक स्थिति ठीक नहीं था। जो सुबह 5:00 बजे घर से निकला हुआ था इसी दौरान करीब 10:00 बजे हम लोग के द्वारा छानबीन करने पर व्हाट्सएप मोबाइल पर उनकी सब रेलवे ट्रैक पर मिलने की खबर दी। खबर मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचे। इस घटना से परिजनों का रो रो के बुरा हाल है वहीं थाना द्वारा लाश को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए जामताड़ा सदर अस्पताल भेजा गया।

## हटिया से सब्जी लेकर घर आ रहे स्वास्थ्य कर्मी पर हमला सिर फटा



**नारायणपुर (एप्र)।** नारायणपुर थाना मुख्यालय के हटिया से सब्जी खरीद कर वापस आ रहे हैं स्वास्थ्य कर्मी को सर पर वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना रविवार देर शाम 7:00 बजे के आसपास की है। इस संबंध में नारायणपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में टीबी विभाग के कर्मी बैद्यनाथ हेंब्रम ने बताया कि शाम को सब्जी खरीदने नारायणपुर हटिया गए थे। इसी दौरान मुझे टॉयलेट लगी तो दुर्गा मंदिर के नीचे तालाब की ओर जाने लगा। जब मैं उधर से वापस हटिया की ओर आ रहा था इसी क्रम में एक व्यक्ति ने मुझसे कहा कि तुमने मछली चोरी की है। मैंने कहा कि मैं चोर नहीं हूं मैं टॉयलेट के लिए उधर गया था। इतने में ही उसने डंडे से मेरे सिर पर प्रहार कर दिया और वहां से भाग निकला। अंधेरा होने के कारण करने वाले की पहचान नहीं हो पाई। वहीं गंभीर अवस्था में ही घायल स्वास्थ कर्मी को उपचार हेतु सीएचसी नारायणपुर लाया गया जहां प्राथमिक उपचार किया गया। मामले की सूचना नारायणपुर पुलिस को भी दी गई। बताते चले कि नारायणपुर हटिया के दिन दुर्गा मंदिर के नीचे भारी मात्रा में शराब की बिक्री होती है। जिसके कारण शराब के नशे में लोग उटपटांग कार्य करते है। लेकिन शराब बिक्री के मामले जान कर भी पुलिस मौन है।

# बाबुपुर सहित विभिन्न गांव के हजारों कार्यकर्ता ने थामा झामुमो का दामन





**कुंडहित (एप्र)।** विधानसभा चुनाव का बिगुल बजते ही ग्रामीण क्षेत्र में मतदाताओं ने अपने चहते नेताओं को साथ देने के लिए पार्टी में योगदान कर रहे है। नाला विधानसभा क्षेत्र में प्रतिदिन विभिन्न गांव से हजारों हजारों कार्यकर्ता विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो के समक्ष झामुमो पार्टी में योगदान देकर पार्टी को मजबूत करने का काम कर रहा है। विधायक सह अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने सभी को माला एवं पार्टी का पट्टा पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। इस अवसर पर रबीन्द्रनाथ महतो ने उपस्थित कार्यकताओं को पार्टी में स्वागत करते हुए कहा हम एक परिवार की तरह इस पार्टी में है। इस पार्टी में एक-एक कार्यकर्ता एक-एक सिपाही की तरह है। इस पार्टी में जो भी कार्यकर्ता है उनके बात -विचार तथा कार्यशैली को देखते हुए क्षेत्र के जनता इस पार्टी में योगदान दे रहे हैं। मैं उन तमाम कार्यकताओं को अपने पार्टी में जो सिद्धांत है उसे सिद्धांत पर चलने का अपील करता हूं। आज पुरे झारखंड झामुमो पार्टी एक मजबूत ओर विश्वासनीय पार्टी के नाम से जाना जाता है। इस पार्टी में हमारे वरीय अधिकारी के दिशा-निर्देश पर सभी को चलना पड़ता है। उन्होंने कहा वर्तमान हेमंत सरकार द्वारा माता बहनों के साथ साथ क्षेत्र में विकास पर लगातार प्रयास कर रहे हैं। आज हेमंत सरकार की राज्य में चारों और विकास से विकास नजर आ रहे हैं बिजली, पानी, सिंचाई, शिक्षा ,स्वास्थ्य व्यवस्था पर सरकार नियमित कम कर रहे हैं। नियमित झामुमो पार्टी में योगदान एवं समर्थन देखकर नाला विधानसभा क्षेत्र में भाजपा सहित विभिन्न राजनीतिक पार्टियों की नींद उड़ रही है। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष जयश्रर मुर्मू, सचिव मनोरंजन सिंह, सन्तोष गोराई सहित हजारों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रास महोत्सव को लेकर दलाबड़ काली मंदिर परिसर में यादव समिति की हुई बैठक



**नाला (एप्र)।** दलाबड़ काली मंदिर प्रांगण में रास महोत्सव के आयोजन को लेकर यादव समिति द्वारा बैठक आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता जयदेव माजी ने किया।उक्त बैठक में आगामी 15 नवंबर को रास महोत्सव के आयोजन को लेकर चर्चा किया गया जिसमें आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए सभी सदस्यों द्वारा सादगी पूर्वक रास महोत्सव मनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 15 नवंबर ,बांगला के 29 कार्तिक को दलाबड़ काली मंदिर प्रांगण में राधाकृष्ण का प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना किया जाएगा। पूजा के उपरांत पूरा दिन हरिनाम संकीर्तन, डाकनाम एवं राधा कृष्ण का नाम किया जाएगा एवं पूरा दिन अतिथियों को प्रसाद वितरण किया जाएगा। मौके पर बैठक में खिरोद चंद्र महतो, जयदेव माजी, खोकन मंडल, दुलाल चंद्र माजी, सुनील माजी, चंद्रमोहन घोष, बेजुनाथ घोष, वृंदावन घोष, सुशील घोष, बुलबुल माजी, दिलीप मंडल, निर्मल मंडल, हाराधन मंडल, निर्मल पाल, बिश्वनाथ मंडल, दामोदर मंडल, काशीनाथ मंडल सहित यादव समिति के अन्य सदस्य मौजूद थे।

# साइकिल पर सवार हुए पूर्व विधायक अकिल अख्तर, समाजवादी पार्टी से लड़ेंगे चुनाव





**बरहरवा/पाकुड़ (एप्र)।** पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक अकिल अख्तर ने तमाम अटकलों को विराम देते हुए रविवार को समाजवादी पार्टी का दामन थाम लिया। इस अवसर पर उन्होंने कार्यकताओं और समर्थकों को संबोधित करते हुए अपनी नई राजनीतिक यात्रा की घोषणा की। इस घोषणा के साथ ही समर्थकों और कार्यकताओं के बीच उत्साह की लहर दौड़ गई है। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए श्री अख्तर ने समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव सहित सभी वरीय पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया और समाजवादी पार्टी के नीति एवं सिद्धांतों की सराहना की। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य केवल चुनाव जीतना नहीं, बल्कि क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का समाधान करना है। उन्होंने पाकुड़ क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं पर जोर देते हुए कहा कि क्षेत्र की जनता जल, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसी बुनियादी जरूरतों के लिए संघर्ष कर रही है। पूर्व विधायक अकिल अख्तर ने पाकुड़ में व्याप्त भ्रष्टाचार और विशेषकर वर्तमान विधायक आलमगीर आलम के कुशासन की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि आलमगीर आलम की भ्रष्ट नीतियों ने पाकुड़ के विकास को अवरुद्ध कर दिया है। यहां के लोगों ने वर्षों से इस भ्रष्टाचार और पक्षपात का सामना किया है, और मैं समाजवादी पार्टी के माध्यम से इन समस्याओं का हल निकालने के लिए प्रतिबद्ध हूं। उन्होंने आगे कहा कि समाजवादी पार्टी का समता, न्याय और विकास का विचार उनके अपने आदर्शों से मेल खाता है। वे समाजवादी पार्टी के माध्यम से पाकुड़ में समानता और भाईचारे का माहौल स्थापित करना चाहते हैं। उन्होंने कार्यकताओं और समर्थकों से आह्वान किया कि वे इस नये सफर में समाजवादी पार्टी के सिद्धांतों का पालन करते हुए क्षेत्र के विकास और जनता की सेवा में जुट जाएं। श्री अख्तर का यह निर्णय उनके समर्थकों के लिए नई उम्मीद लेकर आया है। समाजवादी पार्टी में शामिल होने के साथ ही उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया कि उनका लक्ष्य पाकुड़ के जन-जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना और राज्य में समाजवादी पार्टी के सिद्धांतों को मजबूती से स्थापित करना है। मौके पर युवा नेता अफीफ अमसल, फारोग अहसन, वसीम अख्तर सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थें।

## एक नजर

### राजमहल पुलिस ने तीन वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल




**राजमहल (एप्र)।** साहिबगंज जिला अंतर्गत राजमहल पुलिस ने वरीय पदाधिकारी के आदेशानुसार रविवार को वारंटी की गिरफ्तारी हेतु सघन छापेमारी अभियान चलाया । वहीं छापेमारी अभियान में राजमल थाना क्षेत्र के तीन वारंटी को विधिवत गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए वारंटी में लक्ष्मण महलदार (32) पिता सुदाम महलदार साकीम जयरामपुर, सरकंडा ,विक्रम मंडल (26) पिता अशोक मंडल साकीम डेढ़गामा, विजय कुमार मंडल (31) स्वर्गीय रामजन्म मंडल साकीम सुकसेना तीनों थाना राजमहल शामिल है। वहीं इस संदर्भ में थाना प्रभारी गुलाम सरवर ने बताया कि तीनों वारंटी लक्ष्मण महलदार के विरुद्ध 01/22, विक्रम मंडल के विरुद्ध 22/21 एवं विजय कुमार मंडल के विरुद्ध 82/18 कांड दर्ज की गई थी। उन्होंने कहा तीनों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। छापेमारी अभियान में पु.अ.नि. विक्रम कुमार,स.अ.नि. प्रमोद कुमार गुप्ता व दीवान कुमार निराला सहित सशस्त्र बल जवान शामिल थें।

### चुनाव को लेकर डीसी-एसपी ने किया अंतरर्राज्यीय चेकपोस्ट का औचक निरीक्षण



**पाकुड़ (एप्र)।** निष्पक्ष एवं भयमुक्त माहौल में विधानसभा आम चुनाव 2024 के सफल संचालन को लेकर रविवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के द्वारा अन्तरर्राज्यीय चेकपोस्ट राधानगर एवं ईच्छानगर चेकपोस्ट का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में पाकुड़िया व बंगाल को जोड़ने वाली सीमा का निरीक्षण करते हुए सुरक्षा व्यवस्था को लेकर किये गये इंतजामों का जायजा लिया गया। साथ ही अन्तरारार्जीय सीमाओं पर सघन जांच कराने के अलावा विशेष सतर्कता बरतने का निदेश दिया गया। वहीं जांच कार्य में पारदर्शिता बरतते हुए आपतिजनक सामानों की जब्ती सुनिश्चित करने का निदेश संबंधित अधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों को दिया गया। साथ ही सीमावर्ती ईलाकों में आपसी समन्वय के साथ विशेष छापेमारी चलाने का निर्देश दिया गया।

### पुलिस ने प्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**तीनपहाड़/राधानगर (एप्र)।** तीनपहाड़ पुलिस प्रशासन ने तीनपहाड़ थाना कांड संख्या 54/24 धारा 318 (4) बीएनएस एवं 7 लॉटरी रेगुलेशन एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त विष्णु भगत उर्फ मुन्ना भगत को रविवार गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया। वहीं दूसरी तरफ राधानगर थाना कांड संख्या 197/24 धारा 297/ 338/ 336 (3)/ 340 (2)/ 318 (4) बीएनएस और 7 (3) लॉटरी एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त सलीम शेख स्वर्गीय नवु सेख, साकिम पहाड़ गांव थाना राधानगर जिला साहिबगंज को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### निः शुल्क ऑख जांच शिविर संपन्न

**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच समर्पण शाखा की ओर से रविवार को क्रिस्टल वैली अपार्टमेंट में डॉ. लाल पैथो लैब के सौजन्य से 12 महीने 12 निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर के अन्तर्गत सातवे शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें निः शुल्क आई चेकअप कराया गया। जिसमें 20 से अधिक लोगों की ऑख जांच की गई। इसके अलावा हरमू रोड स्थित रोची गौशाला में गौ सेवा की गई। जहां गौ पूजन कर गायों को हरा चारा, गुड़, चोकर खिलाकर गौ सेवा की। इस मौके पर आशा संथौलिया, डॉली बंसल, विनीता सिंघानिया , पूजा अग्रवाल, कविता जालान विनिता सिंघानिया, शुभा अग्रवाल, कोमल झुनझुनवाला शामिल थी।

### नेताओं के नफरत फैलाने वाले बोल पर निर्वाचन आयोग करे कार्रवाईः सीपीएम

**रांची।** सीपीएम के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा कि झारखंड में जैसे - जैसे चुनाव की तारीख नजदीक आ रही है भाजपा के केंद्रीय मंत्रियों और उनके मुख्यमंत्रियों द्वारा झारखंड आकर सांप्रदायिक जहर कोटेड नफरत और वैमनस्य फैलाने वाले बोल तेज होते जा रहें हैं। पिछले 23 सितंबर को चुनाव आयोग की पूरी टीम ने झारखंड आकर राजनीतिक पार्टियों के साथ हुई बैठक में यह भरोसा दिलाया था कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए वह हर संभव प्रयास कर रहा है। चुनाव आयोग की टीम से मुलाकात करने वाले सीपीएम के प्रतिनिधि मंडल ने उन्हें लिखित रूप से एक ज्ञापन देकर मांग की थी कि सांप्रदायिक वैमनस्य फैलाने वाले सार्वजनिक वक्तव्यों पर वह संज्ञान ले। लेकिन निर्वाचन आयोग स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराए जाने का केवल ढोल पीट रहा है। क्योंकि भाजपा नेताओं के नफरती बोल पर उसने अभी तक कोई संज्ञान नहीं लिया है। सीपीएम का राज्य सचिवमंडल राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी समेत केंद्रीय निर्वाचन आयोग से मांग करता है कि आपत्तिजनक वक्तव्य देने वाले केंद्रीय मंत्रियों और भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों द्वारा दिए गए वक्तव्यों का पेपर क्लिप और इलेक्ट्रानिक मीडिया को दिए गए उनके बाईट के फुटेज को खंगाले और नफरती बोल के उनके वक्तव्यों पर जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाए। यदि चुनाव आयोग इस दिशा में आगे नहीं बढता है तब उसकी विश्वसनीयता पर संदेह पैदा होना स्वाभाविक है।

### सीपी सिंह व जीतू चरण पहुंचे शहीद संकल वाटिका, सदस्यों नें किया स्वागत

**रांची।** रांची विधानसभा प्रत्याशी सीपी सिंह, कांके भाजपा प्रत्याशी डॉ.जीतू चरण रविवार को सुबह मोरहावादी स्थित शहीद संकल्प शुक्ला बाटीका पहुंचे। जहां पर उन्होने शहीद संकल्प शुक्ला की प्रतीमा पर पुष्पांजली अर्पित की। इसके बाद बाटीका के सदस्यों द्वारा दोनो प्रत्याशियों का माला पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। जहां उन्होंने उपस्थित लोगों से चाय पर चर्चा करते हुए कहा कि बाटीका के सदस्य मेरे परीवार के सदस्य है। समय-समय मेरा यहां आना होता रहता है। उन्होंने झारखंड में प्रचंड बहुतम की एनडीए की सरकार बनानें के लिए लोगों से अधिक से अधिक मतदान काराने का अनुरोध किया।

# राजमहल विस निर्दलीय प्रत्याशी सुनील यादव संग हिंदू धर्म रक्षा मंच की हुई बैठक

## हिंदू धर्म रक्षा मंच के केंद्रीय अध्यक्ष संत घोष हुए मुख्य रूप से शामिल




**राजमहल (एप्र)।** हिंदू धर्म रक्षा मंच राजमहल की बूथ स्तर कार्यकर्ता बैठक जिला प्रभारी तपन कुमार मंडल की अध्यक्षता में विवाह भवन हॉल, राजमहल में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से मंच के केन्द्रीय अध्यक्ष संत कुमार घोष महासचिव बजरंगी महतो एवं राजमहल विधानसभा के निर्दलीय प्रत्याशी सुनील यादव अपने कार्यकताओं सहित शामिल हुए। इस दौरान बैठक में आये कार्यकर्ता के बीच राजमहल विधानसभा चुनाव से संबंधीत चर्चाएं हुई। क्रम में मंच के जिला प्रभारी तपन मंडल ने कहा कि भाजपा के जिला पदाधिकारी हो या पार्टी के प्रत्याशी हर चुनाव में हिंदू धर्म रक्षा मंच को दरकिनार कर कार्य किया जाता हैं। कभी भी मंच के किसी भी सदस्य को सम्मान नहीं दिया जाता है। बैठक में राजमहल विधानसभा चुनाव पर चर्चा करते हुए हिंदू धर्म रक्षा मंच के केंद्रीय अध्यक्ष संत घोष ने कहा विधानसभा चुनाव 2024 राजमहल विधानसभा से निर्दलीय प्रत्याशी सुनील यादव को समर्थन देकर विधानसभा सीट जीत हासिल करना है। इसके अतिरिक्त मंच के केन्द्रीय अध्यक्ष संत कुमार घोष ने निर्दलीय प्रत्याशी सुनील यादव को माला पहनाकर स्वागत किया। श्री घोष ने राजमहल विधानसभा क्षेत्र के सभी कार्यकर्ता एवं आम जनता से भी अपील करते हुए कहा कि भारी मतों से सुनील यादव को विजय बनावें। वही मंच के प्रदेश महासचिव बजरंगी महतो ने भी कार्यकर्ता को संबोधित करते हुए कहा कि कोई भी चुनाव हो हर चुनाव में हिंदू धर्म रक्षा मंच के कार्यकर्ता को अनादर किया जाता है, इसलिए मंच के कार्यकर्ता का निर्णय सर्वोपरी है। उन्होंने कहा राजमहल विधानसभा क्षेत्र के निर्दलीय प्रत्याशी सुनील यादव को जीताकर विधानसभा रांची भेजना है। मौके पर मिथुन राजवंशी बिरजू घोष, अनिष मंडल, देवाशीष यादव, अरविंद बसाक देवाशीष मंडल अन्य कार्यकर्ता मौजूद थें।

# बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी का संदेश

**पाकुड़ (एप्र)।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार ने विधानसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए संदेश प्रेषित किया है। भारत निर्वाचन आयोग,नई दिल्ली के पत्र का हवाला देते हुए आमजनों को सूचना दिया गया है कि झारखण्ड विधानसभा आम चुनाव, 2024 में एभीएससी (85+) एवं एभीपीडी (40%) मतदाताओं को होम वोटिंग के माध्यम से पोस्टल बैलेट से मतदान कराये जाने का अवसर दिया जा रहा है। उक्त के निमित प्रत्येक विधान सभा क्षेत्र के प्रत्येक मतदान केन्द्र के लिए नियुक्त बीएलओ के द्वारा सर्वे कर एभीएससी (85+) एवं एभीपीडी (40%) के चिन्हित मतदाताओं को प्रपत्र-12 डी उपलब्ध कराते हुए होम वोटिंग के लिए सहमति प्राप्त किया जा रहा है। बीएलओ द्वारा किये गये सर्वे में कोई भी एभीएससी (85+) एवं एभीपीडी (40%) के मतदाता,यदि प्रपत्र-12 डी प्राप्त करने के लिए छुट गए हों तो उक्त श्रेणी के सभी छुटे हुए मतदाता होम वोटिंग के लिए प्रपत्र-12 डी में आवेदन संबंधित बीएलओ अथवा सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के माध्यम से पोस्टल बैलेट कोषांग, पाकुड़ (नया समाहरणालय परिसर स्थित जिला सामान्य शाखा, पाकुड़) में 27 अक्टूबर 2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक जमा कर सकते हैं।

12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज दिखा कर सकेंगे मतदान

पाकुड़-विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत चुनाव का पर्व - देश का गर्व मतदान होना है। आगामी 20 नवंबर 2024 को मतदान होगा। ऐसे में मतदाताओं को मतदान करने से पहले मतदाता फोटो युक्त पहचान पत्र (ईपीक) प्रस्तुत करना है।यादि किसी कारणवश मतदाता मतदान केंद्र में *ईपीक प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं तो ऐसी स्थिति में मतदाता वैकल्पिक फोटो युक्त पहचान पत्र दिखाकर अपने मताधिकार* का इस्तेमाल कर सकते हैं।

12 अन्य दस्तावेज मान्य

मतदान के लिए ईपीक के अलावा 12 अन्य वैकल्पिक दस्तावेज मान्य हैं। इसमें पासपोर्ट,ड्राइविग लाइसेंस, राज्य या केंद्र सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र,बैंकों या डाकघरों द्वारा जारी की गई फोटोयुक्त पासबुक, पेन कार्ड, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) द्वारा जारी किए गए कार्ड,मनरेगा जॉब कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड (श्रम मंत्रालय),फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज,आधार कार्ड,सांसद/विधायक पार्षद को जारी कार्ड एवं विशिष्ट दिव्यांगता पहचान पत्र (यूडीआइडी) शामिल है।

# 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज दिखा कर सकेंगे मतदान

**पाकुड़ (एप्र)।** विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत चुनाव का पर्व - देश का गर्व मतदान होना है। आगामी 20 नवंबर 2024 को मतदान होगा। ऐसे में मतदाताओं को मतदान करने से पहले मतदाता फोटो युक्त पहचान पत्र (ईपीक) प्रस्तुत करना है। यादि किसी कारणवश मतदाता मतदान केंद्र में ईपीक प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं तो ऐसी स्थिति में मतदाता वैकल्पिक फोटो युक्त पहचान पत्र दिखाकर अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकते हैं।

**12 अन्य दस्तावेज मान्य**

मतदान के लिए ईपीक के अलावा 12 अन्य वैकल्पिक दस्तावेज मान्य हैं। इसमें पासपोर्ट,ड्राइविग लाइसेंस, राज्य या केंद्र सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र,बैंकों या डाकघरों द्वारा जारी की गई फोटोयुक्त पासबुक, पेन कार्ड, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) द्वारा जारी किए गए कार्ड,मनरेगा जॉब कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड (श्रम मंत्रालय),फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज,आधार कार्ड,सांसद/विधायक पार्षद को जारी कार्ड एवं विशिष्ट दिव्यांगता पहचान पत्र (यूडीआइडी) शामिल है।


# पाकुड़ विस कांग्रेस प्रत्याशी निसात आलम 29 को करेगी नामांकन



**बरहरवा (एप्र)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत इस्लामपुर स्थित पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के निजी आवास में रविवार को कांग्रेस कार्यकताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। जिसमें चुनाव से संबंधित कई दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश कांग्रेस महासचिव तनवीर आलम, पाकुड़ विधानसभा प्रत्याशी निसात आलम, जिला अध्यक्ष बरकत खान शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पाकुड़ विधानसभा प्रत्याशी निसात आलम ने कहा की आज केंद्र सरकार के गलत रवये के कारण हम सभी क्षेत्रवासियों पर जो आफत आन पड़ी है, उससे हमें डरना नहीं हैं। हम डटकर उनका मुकाबला करेंगे साथ ही विपक्ष को इसका जवाब हम सभी क्षेत्रवासी मिलकर 23 नवंबर को देंगे। कहा की चुनाव के बाद हमारे साहब द्वारा जो भी काम अधूरा है उन्हें हम पूरा करेंगे और अपना जीवन लोक कल्याण के कार्य हेतु समर्पित करूंगी। वहीं तनवीर आलम ने कहा उपस्थित सभी कार्यकताओं को मैं तहे दिल से धन्यवाद करता हूं कि आज आप लोगों के प्यार के कारण पाकुड़ विधानसभा में पूर्व विधायक आलमगीर आलम की पत्नी निसात आलम को पाकुड़ विधानसभा प्रत्याशी के रूप में हम सभी के बीच मौजूद है। वहीं जिला अध्यक्ष बरकत खान ने कहा की हमारे प्रत्याशी निसाद आलम 29 अक्टूबर को नॉमिनेशन के लिए जाने वाली हैं । आप सभी भारी से भारी संख्या में साथ चलकर उनका हौसला बढ़ाते हुए उनके साथ कदम से कदम मिलाएं। मौके पर कमल आर्य, मो.नसीरुद्दीन, रैसुल आलम, गुलाम रब्बानी, मो.अनिता साह, सफातुल्लाह, मिठुन कुमार मंडल, नाबिद अंजुम, शाहनवाज नासिर, निताय सरकार, नसीम अख्तर, दिलदार आलम, अहमद अंसारी, अनारूल खान, हजरत अली, करीम, रबीउल, भोला महतो, शमसेर अली, महफूज आलम, दिल अफरोज खातून सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थें।

## चार दिवसीय मां काली पूजा कार्यक्रम में जुटे भक्त

# दक्षिणेश्वरी काली मंदिर कोलकाता के रूप में मंदिर बनकर तैयार



**बरहरवा (एप्र)।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत कालीतल्ला गांव में वर्ष 1865 के पूर्व से मां काली की पूजा अर्चना होती आ रही है। इस संबंध में बड़ी काली पूजा प्रबंध समिति के अध्यक्ष पांचू सिंह ने बताया कि वर्ष 1865 के पूर्व से इस मंदिर में मां काली की पूजा अर्चना होती आ रही है। ग्रामीणों के अनुसार यह इलाका पूर्व में घनघोर जंगल हुआ करता था। आसपास में गांव से लोग पूजा अर्चना करने को लेकर कालीतल्ला आया करते थे। घनघोर जंगल रहने के कारण रोजाना उक्त स्थान पर पूजा करने को लेकर लोग नहीं आते थे, आगे उन्होंने बताया प्रत्येक अमावस्या में आसपास के गांव से लोग एकत्रित होकर निशि रात में धूमधाम के साथ मां काली की पूजा अर्चना करते। हालांकि वर्ष 1865 में आसपास के ग्रामवासियों ने उक्त स्थान पर एक छोटा सा मंदिर बनवाया। तब से उक्त मंदिर में लोग प्रत्येक सप्ताह के शनिवार एवं मंगलवार को भी पूजा अर्चना करने को लेकर एकत्रित होते हैं। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया महेशपुर स्टेट की रानी ज्योति में दिव्या अपने सैनिकों के साथ प्रत्येक मास की अमावस्या को राजबाड़ी से पुरोहित के साथ पूजा सामग्री फल प्रसाद लेकर मां काली मंदिर पहुंचती थी। रानी ज्योति मय दिव्या पूजा अर्चना करती थी। रानी ज्योतिमय ने उक्त स्थान पर मंदिर का भव्य रूप भी दिया था।

### वर्ष 2019 में मंदिर को दिया गया भव्य रूप

बरहरवा ग्रामवासियों के सहयोग से वर्ष 2019 में बड़ी काली मंदिर का जीर्णोद्धार हुआ। इस संबंध में मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष पांचू सिंह ने बताया कि 2019 के पूर्व बड़ी काली मंदिर एक छोटे से रूप में था मंदिर काफी जर्जर हो चुकी थी। अचानक उनके मन में एक ख्याल आया की क्यों ना बरहरवा वासीयों के सहयोग से बड़ी काली मंदिर का भव्य रूप दिया जाए। वर्ष 2019 में पश्चिम बंगाल के कोलकाता स्थित दक्षिणेश्वर कली मंदिर के तर्ज पर बरहरवा काली तालाब बड़ी काली मंदिर का भव्य पुनर्निर्माण करवाया गया । सभी के सहयोग से उक्त मंदिर दक्षिणेश्वर मंदिर के रूप में बनकर तैयार हुआ जो आज पूरे संथाल परगना का एकमात्र मंदिर है जो लोगों के बीच में आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

### प्रतिवर्ष चार दिवसीय होता है काली पूजा उत्सव

बड़ी काली मंदिर में प्रतिवर्ष चार दिवसीय काली पूजा उत्सव धूमधाम के साथ संपन्न होता है। इस वर्ष भी बड़ी काली मंदिर में धनतेरस के दिन 29 अक्टूबर से लेकर 1 नवंबर तक विभिन्न कार्यक्रम संपन्न होंगे। जिसमें मुख्य रूप से 29 अक्टूबर को प्रातः 8:00 बजे 1001 कन्याओं के साथ कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा के पश्चात मां काली का अभिषेक होगा। इसके बाद काली पूजा एवं हवणोत्सव कार्यक्रम के पश्चात महाआरती महाभोग वितरण एवं रात्रि में भंडारा का आयोजन किया जाएगा। वही 30 अक्टूबर को महा रुद्राभिषेक एवं संध्या में भंडारा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न होगा। 31 अक्टूबर को वार्षिक काली पूजा निशि रात्रि में संपन्न होगी। 1 नवंबर को पूर्ण अभिषेक कलश विसर्जन एवं मेला का आयोजन होगा। उक्त कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल के देवाशीष चौधरी के साथ दक्षिणेश्वर मंदिर तारापीठ मंदिर से पुरोहित पहुंचेंगे एवं रुद्राभिषेक के लिए देवघर एवं बास्की नाथ से ब्राह्मण शामिल होंगे। इसे लेकर जोर-जोर से तैयारी चल रही है।

### विस चुनाव को ले उपायुक्त ने जारी किया आदेश

**साहिबगंज (एप्र)।** विधानसभा आम निर्वाचन-2024 को लेकर विधि व्यवस्था संधारण, जन शांति बनाए रखने व निष्पक्ष चुनाव हेतु अनुज्ञप्तिधारी शस्त्रों को सुरक्षित रखा जाना है। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी ने जिला के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को अपने शस्त्र-शस्त्रों (कारतूस सहित) को स्थानीय थाना अथवा अधिकृत शस्त्र व कारतूस विक्रेता के पास 30 अक्टूबर, 2024 तक विधिवत सुरक्षित जमा करने को कहा है। आगे उन्होंने कहा इस आदेश के उल्लंघन की स्थित में भारतीय दंड संहिता की धारा 188 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई तथा शस्त्र अधिनियम व नियमावली के आलोक में उनकी अनुज्ञप्ति रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### कविता-कहानियों से समाज को शक्ति और प्रेरणा मिलती है : पूर्व राज्यपाल




**पटना(एजेंसी)।** कविता-कहानियाँ पाठकों का केवल मनोरंजन ही नहीं करती, समाज को शक्ति और प्रेरणा भी देती है। समाज के निर्माण में साहित्य की सबसे प्रमुख भूमिका है। इसीलिए समाज का सबसे प्रतिष्ठित व्यक्ति कवि-साहित्यकार ही है, जो समाज को दिशा देता है। यह बातें शनिवार को बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में आयोजित पुस्तक-लोकार्पण समारोह का उद्घाटन करते हुए, त्रिपुरा के पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद ने कही। उन्होंने सुचर्चित कवि कमल किशोर वर्मा कमल की तीन पुस्तकों, यात्रा-साहित्य का सफरनामा, सदन से दूरदर्शन तक तथा राह अभी बाकी है का लोकार्पण भी किया तथा लेखक को शुभकामनाएँ दी। उत्तरप्रदेश सरकार में शिक्षा मंत्री रहे हिन्दी की प्रतिष्ठित संस्था हिन्दी साहित्य भारती के अध्यक्ष डा रवींद्र शुक्ल ने मुख्य-अतिथि के रूप में अपना उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि साहित्य समाज का दर्पण नहीं होता, जैसा कि लोग अक्सर कहा करते हैं। दर्पण तो व्यक्ति की विपरीत छवि दिखाती है। साहित्य तो सृजन का नाम है, जो लोक-मंगलकारी होता है। समारोह की अध्यक्षता करते हुए सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कहा कि लोकार्पित पुस्तकों के लेखक श्री कमल ने, जो एक प्रतिभा-संपन्न कवि भी हैं, इन पुस्तकों में अपनी जीवनानुभूति को बहुत ही प्रांजल रूप से अभिव्यक्ति दी है। पुस्तक राह अभी बाकी है कमल जी की कविताओं का संग्रह है और अन्य दोनों पुस्तकें यात्रा-वृतांत हैं। गद्य और पद्य में समान रूप से इनका सामर्थ्य बढ़ा है और संप्रेषण-क्षमता भी बढ़ी है। कहा जा सकता है कि तीनों पुस्तकें हिन्दी साहित्य को समृद्ध करने में अपना महत्त्वपूर्ण योगदान देने वाली सिद्ध होंगी। कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए पुस्तकों के लेखक श्री कमल ने कहा कि तीनों पुस्तकों की अधिकांश रचनाएँ कोरोना-काल में सिद्ध हुई। यात्रा साहित्य का सफरनामा, भारत में यात्रा-साहित्य के उद्भव को सार्वजनीन कारने की प्रेरणा से लिखी गयी है। उन्होंने अपने काव्य-संग्रह से प्रतिनिधि रचनाओं का पाठ भी किया। कार्यक्रम का आरंभ कवि की विदुषी पत्नी डा संगीता वर्मा द्वारा सरस्वती की वंदना से हुआ। सम्मेलन के उपाध्यक्ष डा शंकर प्रसाद, जयंत किशोर वर्मा और डा पुष्पा जमुआर, बाँके बिहारी साव तथा राजेश रौशन ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर आयोजित कवि-सम्मेलन का आरंभ चंदा मिश्र ने वाणी-वंदना से किया। वरिष्ठ कवि मधुरेश नारायण, आचार्य विजय गुंजन, डा एम के मधु, प्रो सुनील कुमार उपाध्याय, सिद्धेश्वर, डा पुष्पा जमुआर, जयप्रकाश पुजारी, ई अशोक कुमार, अनुपमा सिंह, मो नसीम अख़्तर,डा अर्चना त्रिपाठी, सीमा रानी, सुनील कुमार, सूर्य प्रकाश उपाध्याय, नरेंद्र कुमार, संध्या साक्षी, सुनीता रंजन, पूनम कतरियार, मनोज कुमार उपाध्याय, नीता सहाय, अरुण कुमार श्रीवास्तव, अर्जुन प्रसाद सिंह, अजीत कुमार भारती आदि कवियों और कवयित्रियों ने अपनी सुमधुर रचनाओं के पाठ के साथ लेखक को शुभकामनाएँ दीं। मंच का संचालन ब्रह्मानन्द पाण्डेय ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन सम्मेलन के अर्थ मंत्री प्रो सुशील कुमार झा ने किया। दूरदर्शन के पूर्व कार्यक्रम प्रमुख और साहित्यकार डा ओम् प्रकाश जमुआर, कमल नयन श्रीवास्तव, डा मनोज गोवर्धनपुरी, निर्मला सिंह, मीरा प्रकाश, संदीप कुमार, सत्य प्रकाश दलाल, अंजनी कुमार सिन्हा, प्रवीर पंकज, मदन मोहन ठाकुर आदि बड़ी संख्या में साहित्य-सेवी, हिन्दी-प्रेमी और प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

### शहाबुद्दीन की पत्नी और बेटा राजद में शामिल, बिहार की राजनीति में हलचल

**पटना(एजेंसी)।** पूर्व राजद सांसद और बाहुबली नेता शहाबुद्दीन के बेटे ओसामा शहाब और उनकी मां हिना शहाब ने रविवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) में शामिल होकर पार्टी को और मजबूत किया है। राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने इस अवसर पर कहा कि शहाबुद्दीन परिवार का पार्टी में शामिल होना राजद के लिए बहुत अहम है। लालू यादव ने मीडिया से कहा कि शहाबुद्दीन पार्टी के फाउंडर मेंबर थे और उनके बेटे और पत्नी का आज पार्टी में शामिल होना एक अहम कदम है। यह न केवल सिवान बल्कि पूरे बिहार में पार्टी को मजबूती प्रदान करेगा। इस अवसर तेजस्वी यादव ने कहा कि शहाबुद्दीन लंबे समय तक सांसद और विधायक रहे। उनके परिवार का राजद में शामिल होना हमारे लिए गर्व की बात है। तेजस्वी ने यह भी कहा कि शहाबुद्दीन की विचारधारा, जो धर्मनिरपेक्षता और सामाजिक न्याय पर आधारित है, को पार्टी आगे बढ़ाएगी। उन्होंने आगे कहा कि बिहार में फिलहाल जो राजनीतिक माहौल है, उसमें सांप्रदायिक शक्तियों को जवाब देने की जरुरत है। नीतीश कुमार के नेतृत्व में कुछ लोग नफरत फैलाने का काम कर रहे हैं। ऐसे में हमें एकजुट होकर इस चुनौती का सामना करना होगा और बिहार में अमन और चैन की स्थापना करनी होगी। ओसामा और हिना के पार्टी में शामिल होने के बाद राजद की स्थिति और मजबूत होने की उम्मीद जताई जा रही है। पार्टी नेताओं ने इसे सकारात्मक संकेत माना है, जो आगामी चुनावों में पार्टी की ताकत को बढ़ा सकता है। इस घटनाक्रम ने बिहार की राजनीति में हलचल पैदा कर दी है और यह देखा जाएगा कि राजद इस नई ताकत को कैसे भुनाता है।

### नीतीश और बीजेपी के सुशासन में कोई भी सुरक्षित नहीं

**पटना(एजेंसी)।** बिहार में जदयू के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा है बिहार में जब शराबबंदी लागू है तो फिर उन्होंने शराब बनाने वाली कंपनियों से चंदा क्यों लिया? नीरज ने यह बात एक संवाददाता सम्मेलन में कही। जदयू प्रवक्ताओं ने कहा कि बिहार को बदनाम करने के लिए तेजस्वी यादव ने लोकसभा चुनाव के ठीक पहले शराब बनाने वाली कंपनियों से इलेक्ट्राल बांड के रूप में 46.64 करोड़ रुपए लिए थे। शराबबंदी के विषय में उनका अनर्गल प्रलाप महज संयोग नहीं बल्कि एक राजनीतिक प्रयोग है। नीरज ने कहा कि जहरीली शराब से होने वाली मौत पर राजनीतिक टिप्पणी करने से पहले तेजस्वी को एनसीआरबी का डाटा देख लेना चाहिए। राबड़ी देवी के शासनकाल (1999-2005) में जहरीली शराब से होने वाली मौत के आंकड़े मुताबिक पूरे देश में बिहार छठे स्थान पर था। वही, नीतीश कुमार के शासनकाल में जब शराबबंदी लागू नहीं थी तब बिहार आठवें स्थान पर था। शराबबंदी लागू होने के बाद बिहार 13वें स्थान पर आ गया। राबड़ी देवी के शासन काल में जहरीली शराब से 456 लोगों की मौत हुई थी। उन्होंने सवाल किया क्या इसकी जिम्मेदारी लालू प्रसाद लेंगे? यह राजद को स्पष्ट करना चाहिए। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने बयान जारी कर कहा कि राजो बाबू के निधन से समाजवादी आंदोलन और बिहार को अपूर्णीय क्षति हुई है। वे कर्मठ व अपने कार्यों के प्रति ईमानदार थे। प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि उनके सम्मान में राजद के राज्य कार्यालय में पार्टी का झंडा आधा झुका दिया गया। प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह, राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता प्रो. मनोज कुमार झा, राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, प्रदेश के प्रधान महासचिव रणविजय साहू आदि ने शोक प्रकट किया है। राजो बाबू मधेपुरा से कांग्रेस व राजद के टिकट पर विधायक रहे थे। वार्ड कमिश्नर से शुरू हुई उनकी राजनीतिक-यात्रा नगरपालिका के अध्यक्ष, विधायक होते हुए उद्योग राज्य मंत्री तक पहुंची।

## दीपावली काली पूजा व छठ पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक में थानाध्यक्ष ने कहा

# पटाखे का न करें उपयोग, डीजे पर प्रतिबंध



**खैरा/जमुई (निंस)।** खैरा थाना परिसर में रविवार के दिन काली पूजा दीपावली और छठ पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों व समाजसेवियों ने भाग लिया। इस अवसर पर थाना अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार ने उपस्थित लोगों से कहा कि दीपावली काली पूजा और छठ पर्व केवल धार्मिक ही ने बल्कि भाईचारा और एकता का पर्व है। इसमें समाज के सभी लोगों को मिल-जुल कर शांति व्यवस्था कायम रखने में सक्रिय भूमिका निभाना चाहिए। उन्होंने कहा कि दीपावली में बड़ा पटाखा किसी भी हालत में उपयोग नहीं करना है क्योंकि उससे लोगों का नुकसान हो सकता है। डीजे के संबंध में कहा कि किसी भी हाल में डीजे नहीं बजाना है। प्रखंड के जिन जिन क्षेत्रों में काली पूजा का आयोजन किया जा रहा है स्थानीय लोग कमिटी का गठन कर स्वयंसेवकों का सूची बना ले और वह सूची थाना को उपलब्ध करावे। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों से अब तक काली पूजा के लिए आवेदन नहीं दिया है वैसे जगह से थाना में अपना आवेदन जमा कर दें।खैरा हरदी मोह खड़हुई चौकी टाँड़ एवम मझगांव मैं काली प्रतिमा की स्थापना की जा रही है।इन सभी जगह से लाइसेंस के लिए आवेदन आ चुका है।छठ पर्व के संबंध में उन्होंने कहा कि यह पूजा समाज के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण होता है इसमें एक दूसरे को सहयोग कर पर्व मनावे अगर कहीं कोई हरकत करें तो इसकी सूचना अभिलंब थाना को दें।थाना पुलिस की गाड़ी जगह-जगह पर पुलिस बल के साथ गस्ती में जाएगी मौके पर पुलिस अवर निरीक्षकविद्या रंजन मधु कुमारी रूपेश कुमार सहित काफी संख्या में पंचायत प्रतिनिधि व समाजसेवी उपस्थित थे।

### दीपावली का त्योहार अंधेरे पर उजाले की जीत का प्रतीकः बीडीओ

**गिद्धौर/जमुई (निंस)।** गिद्धौर थाना परिसर में सीओ आरती भूषण की अध्यक्षता में शांति समिति सदस्यों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें बीडीओ सुनील कुमार, थाना प्रभारी पंकज कुमार सहित शांति समिति के दर्जनों सदस्यों ने भाग लिया। मौके पर सभी सदस्यों से संबंधित पदाधिकारियों ने दीपावली, महापर्व छठ व काली पूजा को शांतिपूर्वक सामाजिक समरसता के साथ मनाने की अपील की गई। बैठक में मुखिया रामाशीष साह, भोला यादव,धनराज यादव, पूर्व प्रमुख श्रवण यादव, पूर्व पैक्स अध्यक्ष गुरुदत्त प्रसाद सहित शांति समिति के सदस्यों से सीओ आरती भूषण ने कहा कि दीपावली, काली पूजा एवं छठ पर्व को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। बीडीओ सुनील कुमार ने कहा कि दीपावली का त्योहार अंधेरे पर उजाले की जीत का परिचायक है। छठ पर्व लोक आस्था का महान पर्व है, इसे सामाजिक रीतियों के साथ परंपरा अनुरुप संपन्न कराना हमारी जिम्मेवारी बनती है।वहीं थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने कहा कि दीपावली व काली पूजा पर्व के दौरान



आस्था से खिलवाड़ करने वाले असामाजिक तत्वों,जुआरियों आदि पर प्रशासन की सख्त निगाह बनी रहेगी।किसी भी प्रकार से त्योहार के दौरान गड़बड़ी या सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करनेवाले असमाजिक तत्वों एवं उचक्कों को त्योहार के दौरान बख्शा नहीं जाएगा।वहीं पूजा के दौरान होनेवाले कठिनाइयों पर भी आपसी विचार विमर्श किया गया।बैठक में सीओ-बीडीओ द्वारा छठ पर्व को लेकर घाटों की साफ-सफाई को लेकर संबंधित पंचायतों के मुखिया से अपने स्तर से सामाजिक व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पर्व पर विधि व्यवस्था को लेकर पहल करने की बात कही गई। बैठक में सहायक अवर निरीक्षक राजेश्वर साह के अलावे शांति समिति के सदस्य मथुरा मिस्त्री, शंभु यादव, मंसूर अली, नंदन यादव, नियाज खान, संजय कुमार, शिव शंकर कुमार, सोनू कुमार पंडित, सदानंद पंडित, अनिल वर्णवाल, दिलीप कुमार वर्मा, अमर नाथ केशरी, शिवेंदु कुमार, बहादुर यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएसन की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा

**गिद्धौर/जमुई(निंस)।** गिद्धौर के गिद्धौर सेंट्रल स्कूल परिसर में प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन के जिला समिति की महत्वपूर्ण बैठक संगठन के कार्यकारी जिलाध्यक्ष अमर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष लक्ष्मण झा, उपाध्यक्ष अमर साह, सचिव जितेंद्र सिंह, महासचिव विजय सिंह सहित दर्जनों सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्यों से जिलाध्यक्ष लक्ष्मण झा एवं कार्यकारी जिलाध्यक्ष अमर सिंह ने संयुक्त रूप से कहा संघ की संगठनात्मक शक्तियों को बनाए रखने एवं मजबूती के साथ इसे आगे ले जाने के लिए सभी संघीय साथियों का सहयोग अपेक्षित है। सभी संघ के सदस्य समान रूप से एकरूपता के साथ संघीय कार्यों में अभिरुचि लें,



ताकि जिले से प्रदेश स्तर तक निजी विद्यालयों के संचालन से जुड़ी समस्याओं के निदान में गति लाई जा सके। बैठक में भाग ले रहे जिला महासचिव विजय सिंह ने कहा कि प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्यों को निजी विद्यालयों के संचालन में कई तरह के समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जब हम सभी संघीय साथी संघ को मजबूत बनाने में अपनी शत प्रतिशत भागीदारी निभाएंगे तो हमारी समस्याओं को विभाग एवं अधिकारी भी गंभीरता से लेंगे।वहीं संघ ने किसी भी आपदा की स्थिति में राहत कार्य हेतु सदस्यों को संघ संचालन को ले अंशदान कर संघ को सहयोग करने की बात कही। बैठक को संघ के आशीष कुमार, जय प्रकाश, विजय पासवान, समीर दुबे, एस पीटर, मुरारी सिंह, अमर साह, विजय सिंह, जितेंद्र कुमार सिंह, रजनीश कौशिक, प्रवीण सिन्हा, पंकज कुमार, राजेश पाठक, ई.जॉनसन, सहनाथ ने भी संबोधित किया एवं संगठन हित में अपने विचार व्यक्त किए।

### विधिक जागरुकता शिविर आयोजित

**जमुई (निंस)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में बुधवार को जिले के खैरा प्रखंड अंतर्गत हरियाडीह गांव के काली मंदिर प्रांगण में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन प्राधिकार के पैनल अधिवक्ता अभय किशोर प्रसाद तथा पाराविधिक




स्वयंसेवक प्रभाकर कुमार सिंह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का विषय पर्यावरण संबंधित कानून तथा विधिक सहायता प्राप्त करने में पारा विधिक सेवा की भूमिका तथा विधिक सेवा संस्थाओं के द्वारा निशुल्क एवं सक्षम विधिक सेवा प्रदान करने की व्यवस्था के विषय पर था। पैनल अधिवक्ता ने उपस्थित लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा चलाई जा रही निशुल्क विधिक सेवा एवं नालसा के निर्देश पर विभिन्न योजनाओं के संबंध में लोगों को जानकारी प्रदान किया।पर्यावरण से संबंधित संरक्षण में आम लोगों की भूमिका एवं उनके संबंध में विधिक जानकारी लोगों को मुहैया कराया। उन्होंने लोगों को बताया कि विभिन्न गांव में पर विधिक सेवक लोगों को निशुल्क विधिक सेवा के संबंध में जानकारी देने के लिए प्राधिकार के द्वारा सूचीबद्ध किए गए हैं।आप इसे विशेष जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।पैनल अधिवक्ता एवं लीगल ए डिफेंस काउंसिल सिस्टम के द्वारा लोगों को विधिक सेवा प्रदान की जाती है।सरकार के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की क्रियान्वयन की जानकारी लोगों को दी जाती है जिससे वह लाभ प्राप्त कर सकें।राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन प्राधिकार के द्वारा किया जाता है जिसमें सुलहनीय विभागीय वादों का निस्तारण आपसी सहमति से किया जाता है।उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि आप आवश्यकता पड़ने पर इन सेवाओं का लाभ अवश्य प्राप्त करें।

### जन सुराज पार्टी के प्रशांत ने कहा- बिहार के लोग बदलाव के लिए तैयार

**कैमूर(एजेंसी)।** बिहार के कैमूर में जन सुराज के सूत्रधार और राजनीतिक पंडित प्रशांत किशोर ने एक पत्रकार के भाई की हत्या पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि इस घटना ने पत्रकारों की दुर्दशा को एक खतरनाक उदाहरण के रूप में पेश किया है। पीके ने कहा कि पत्रकारों की हालत यह है कि वे अपनी दुर्दशा के बारे में भी खुलकर नहीं बता सकते हैं। यह नीतीश कुमार और बीजेपी के सुशासन का हाल है, जहां कोई भी सुरक्षित नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि मंत्री और विधायक यहां घूम रहे हैं, लेकिन उन्हें लोगों की स्थिति की कोई परवाह नहीं। बता दें हाल ही में कैमूर जिले में अज्ञात बाइक चोरों ने एक पत्रकार के भाई की हत्या कर दी थी, जो चोरों का पीछा कर रहे थे। इस घटना के संदर्भ में प्रशांत ने बिहार में युवाओं पर कहा कि बिहार में केवल एक ही चीज बन रही है, वह है जवान लड़के मजदूर बनाए जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि लालू और नीतीश ने समाज को अनपढ़ बना दिया है और हर बच्चा मजदूर बन रहा है। इस निराशाजनक स्थिति के बावजूद पीके ने कहा कि बिहार के लोग बदलाव के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि बिहार का युवा यह दिखाएगा कि यदि उनके पास बेहतर विकल्प है, तो वह वोट करना। उन्होंने कहा कि जनता की भावनाएं बदल रही हैं और लोग अब इस नरक जैसी जिंदगी से बाहर निकलने का प्रयास कर रहे हैं। प्रशांत ने लोगों से अपील की कि वे बीजेपी प्रत्याशियों से पूछें कि इस हत्या मामले में क्या कार्रवाई की गई है और यह कि सरकार केवल दिखावे के लिए है।

## कटौना हाल्ट पर ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन जारी

**बरहट (एप्र)।** कटौना हाल्ट पर ट्रेन के ठहराव की मांग को लेकर रविवार को राष्ट्रीय भ्रष्टाचार मुक्ति मोर्चा के जिलाध्यक्ष चंद्रचूड सिंह के नेतृत्व मे एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिलाध्यक्ष चंद्रचूड सिंह ने अनशन के दौरान कहा कि कटौना हाल्ट पर 1999 से 2020 तक कुल सात जोड़ी ट्रेनों का ठहराव हो रहा था। कोरोना काल में जब अन्य हाल्ट पर लोकल ट्रेन के ठहराव को बंद कर दिया गया तो कटौना हाल्ट पर भी ठहराव बंद हो गया। किंतु कोरोना



काल के बाद जब अन्य स्टेशनों पर फिर से ठहराव शुरू किया गया किन्तु कटौना हाल्ट पर ठहराव नहीं हुआ। इसके लिए ग्रामीणों ने 36 महीने अनशन भी किया किन्तु सरकार के कानों पर जूं तक नहीं रेंगा।उन्होंने बताया कि 1999 में तत्कालीन रेल राज्यमंत्री दिग्विजय सिंह के अथक प्रयास से पैसेंजर ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित हुआ था ।इसके लिए रेलवे ने तकरीबन 35 एकड़ जमीन भी ली थी तथा रेलवे का 40 करोड़ रुपए भी खर्च हुआ बावजूद हाल्ट पर ठहराव सुनिश्चित नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि ट्रेन का ठहराव नहीं होने से 50 गांव के लोग प्रभावित हुए हैं।

धरना प्रदर्शन में लठाने, सुग्गी, कटौना, तेतरिया डाढा सहित दर्जनों गांव के ग्रामीण शामिल थे।

## दीपावली एवं छठ के मद्देनजर और 04 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

**हाजीपुर(एजेंसी)।** दीपावली एवं छठ के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु रेलवे द्वारा कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने कहा कि इसी कड़ी में और 04 जोड़ी स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है जिनका विवरण निम्नानुसार है-



1) गाड़ी संख्या 09803/09804 कोटा-दानापुर-कोटा स्पेशल-गुना, सागर, कटनी, प्रयागराज छिवकी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं. के रास्ते कोटा और दानापुर के मध्य गाड़ी संख्या 09803/09804 कोटा-दानापुर-कोटा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। इस स्पेशल ट्रेन में तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 19 कोच होंगे। यह स्पेशल कोटा से 27.10.2024 से 10.11.2024 तक प्रत्येक रविवार एवं गुरूवार को तथा दानापुर से 28.10.2024 से 11.11.2024 तक प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को परिचालित की जायेगी। गाड़ी सं. 09803 कोटा-दानापुर स्पेशल कोटा से रविवार एवं गुरूवार को 21.25 बजे खुलकर अगले दिन 20.00 बजे दानापुर पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी सं. 09804 दानापुर-कोटा स्पेशल सोमवार एवं शुक्रवार को दानापुर से 21.30 बजे खुलकर अगले दिन 22.25 बजे कोटा पहुंचेगी।

2) गाड़ी संख्या 05739/05740 पटना-न्यूजलपाईगुड़ी-पटना स्पेशल-सिलीगुड़ी, किशनगंज, कटिहार, बरौनी, मोकामा के रास्ते न्यूजलपाईगुड़ी और पटना जं. के मध्य गाड़ी संख्या 05739/05740 पटना-न्यूजलपाईगुड़ी-पटना स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। इस स्पेशल ट्रेन में प्रथम वातानुकूलित श्रेणी का 01, द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी के 02, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 06 कोच, तृतीय वातानुकूलित इकोनोमी श्रेणी का 01 कोच एवं शयनयान श्रेणी के 06 कोच होंगे। यह स्पेशल 02.11.2024 से 30.11.2024 तक न्यूजलपाईगुड़ी एवं पटना जं. से प्रत्येक शनिवार को परिचालित की जायेगी। गाड़ी सं. 05740 न्यूजलपाईगुड़ी-पटना स्पेशल न्यूजलपाईगुड़ी से शनिवार को 05.00 बजे खुलकर उसी दिन 17.40 बजे पटना जं. पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी सं. 05739 पटना-न्यूजलपाईगुड़ी स्पेशल शनिवार को पटना जं. से 19.30 बजे खुलकर अगले दिन 09.30 बजे न्यूजलपाईगुड़ी पहुंचेगी।

3) गाड़ी संख्या 07541/07542 कटिहार-दौरम मधेपुरा-कटिहार स्पेशल-पूर्णिया, बनमनखी, जानकीनगर, मुरलीगंज के रास्ते कटिहार और दौरम मधेपुरा के मध्य गाड़ी संख्या 07541/07542 कटिहार-दौरम मधेपुरा-कटिहार स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। यह स्पेशल 28.10.2024 से 30.11.2024 तक प्रतिदिन कटिहार और दौरम मधेपुरा के मध्य परिचालित की जायेगी। गाड़ी संख्या 07541 कटिहार-दौरम मधेपुरा स्पेशल कटिहार से प्रतिदिन 19.00 बजे खुलकर 22.00 बजे दौरम मधेपुरा पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी सं. 07542 दौरम मधेपुरा-कटिहार स्पेशल दौरम मधेपुरा से प्रतिदिन 22.45 बजे खुलकर देर रात्रि 02.30 बजे कटिहार पहुंचेगी।

4) गाड़ी संख्या 05744/05743 कटिहार-छपरा-कटिहार स्पेशल-नवगछिया, मानसी, खगड़िया, बरौनी, शाहपुर पटोरी, हाजीपुर सोनपुर के रास्ते कटिहार और छपरा के मध्य गाड़ी संख्या 05744/05743 कटिहार-छपरा-कटिहार स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। इस स्पेशल का परिचालन कटिहार से 27.10.2024 से 28.11.2024 तक प्रत्येक बृहस्पतिवार, रविवार एवं सोमवार को तथा छपरा से 28.10.2024 से 29.11.2024 तक प्रत्येक शुक्रवार, सोमवार एवं मंगलवार को किया जायेगा। गाड़ी सं. 05744 कटिहार-छपरा स्पेशल कटिहार से 16.00 बजे खुलकर देर रात्रि 00.20 बजे छपरा पहुंचेगी। वापसी में 05743 छपरा-कटिहार स्पेशल छपरा से 04.30 बजे प्रस्थान कर उसी दिन से 12.30 बजे कटिहार पहुंचेगी। इस गाड़ी में वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 01, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 03, शयनयान श्रेणी के 12, साधारण श्रेणी के 05 कोच होंगे।

हिन्दी दैनिक
श्वेत पत्र
आपकी बात सच के साथ
देवघर, सोमवार, 28 अक्टूबर, 2024



## एक नजर

### पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों के घटने और बढ़ने के दौरान घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के भाव रविवार को स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार देश में रविवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर साप्ताहांत पर अमेरिकी क्रूड 2.14 प्रतिशत उबलकर 71.69 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया जबकि लंदन ब्रेंट क्रूड 0.20 प्रतिशत उतरकर 75.90 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। देश के चार महानगरों में पेट्रोल और डीजल की कीमत इस प्रकार रही। दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर 87.62 रुपए प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर, डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 प्रति लीटर, डीजल 92.34 रुपए प्रति लीटर और कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपए प्रति लीटर, डीजल 90.76 रुपए प्रति लीटर है।

### रिजर्व बैंक के गवर्नर दास को शीर्ष केंद्रीय बैंकर का पुरस्कार मिला

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास को अमेरिका की पत्रिका ग्लोबल फाइनेंस ने शीर्ष केंद्रीय बैंकर का दर्जा दिया है। यह लगातार दूसरा वर्ष है जब उन्हें विश्व स्तर पर शीर्ष केंद्रीय बैंकर का दर्जा दिया गया है। आरबीआई ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि गवर्नर शक्तिकांत दास को लगातार दूसरे साल सेंट्रल बैंक रिपोर्ट कार्ड 2024 में ह्यए प्लसह्न का पुरस्कार दिया गया है। ग्लोबल फाइनेंस द्वारा अमेरिका के वाशिंगटन डीसी में आयोजित एक कार्यक्रम में यह सम्मान दिया गया। दास को तीन केंद्रीय बैंक गवर्नरों की सूची में शीर्ष पर रखा गया है, जिन्हें ह्यए प्लसह्न रेटिंग दी गई है। ग्लोबल फाइनेंस पत्रिका ने बयान में कहा कि मुद्रास्फीति पर नियंत्रण, आर्थिक वृद्धि लक्ष्यों, मुद्रा स्थिरता और ब्याज दर प्रबंधन में सफलता के लिए श्रेणी ह्यएह्न से ह्यएफह्न के पैमाने पर रेटिंग दी गई। यहां ह्यएह्न उत्कृष्ट प्रदर्शन को दशार्ता है जबकि ह्यएफह्न पूरी तरह से विफलता को दशार्ता है। डेनमार्क के क्रिश्चियन केटल थॉमसन और स्विट्जरलैंड के थॉमस जॉर्डन को भी केंद्रीय बैंकरों की ह्यए प्लसह्न श्रेणी में स्थान दिया गया है।

### अगस्त में ईएसआई योजना में 20.74 लाख नए कर्मचारी शामिल हुए

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने बताया कि अगस्त, 2024 में ईएसआई योजना के तहत करीब 20.74 लाख नए श्रमिक जोड़े गए हैं। मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार नए पंजीकरण में 25 वर्ष तक की आयु वर्ग के लगभग 9.89 लाख युवा कर्मचारी शामिल हैं। पेरोल आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि ईएसआई योजना में नामांकित महिला सदस्यों की कुल संख्या 4.14 लाख थी। आंकड़ों से पता चलता है कि अगस्त 2024 के महीने में लगभग 28,917 नए प्रतिष्ठानों को ईएसआई योजना के सामाजिक सुरक्षा दायरे में लाया गया है, जिससे अधिक श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित होगी। वर्ष दर वर्ष विश्लेषण से पता चलता है कि अगस्त 2023 की तुलना में शुद्ध पंजीकरण में 6.80 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसके अलावा वर्ष दर वर्ष विश्लेषण से पता चलता है कि पिछले वर्ष अगस्त की तुलना में शुद्ध पंजीकरण में 6.80 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसके अलावा अगस्त, 2024 के महीने में कुल 60 ट्रांसजेंडर कर्मचारियों को भी ईएसआई योजना के तहत पंजीकृत किया गया है, जो समाज के हर वर्ग को इसका लाभ पहुंचाने के लिए ईएसआईसी की प्रतिबद्धता को प्रमाणित करता है।

### केटीएम ने पेश की 1390 सुपर एडवेंचर एस ईवो

**मुंबई (एजेंसी)।** ऑस्ट्रियाई बाइक निमार्ता केटीएम ने अपनी पहली ऑटोमेटेड मैनुअल ट्रांसमिशन (एटीएम) बाइक, 2025 केटीएम 1390 सुपर एडवेंचर एस ईवो को पेश किया है। यह केटीएम की पहली ऐसी बाइक है जो ऑटोमैटिक और मैन्युअल दोनों मोड्स में ऑपरेट हो सकती है, जिससे राइडर को कम स्पीड और क्रूजिंग के दौरान बेहतर नियंत्रण मिलता है। नए मॉडल में बड़ा 1350सीसी का इंजन है, जो 173 पीएस की पावर और 145 एनएम का टॉर्क जनरेट करता है, और यह यूरो 5+ मानकों के अनुरूप है। इस बाइक में सेमी-एक्टिव सस्पेंशन टेक्नोलॉजी (एसएटी) और 8.8-इंच का वर्टिकल टीएफटी डिस्प्ले है, जो दस्तानों के साथ भी आसानी से ऑपरेट होता है। इसमें 19-इंच का फ्रंट और 17-इंच का रियर व्हील दिया गया है, जो नए डनलप मेरिडियन टायर के साथ आता है। बेहतर ब्रेकिंग के लिए ब्रेम्बो फ्रंट मास्टर सिलेंडर और अपग्रेडेड ब्रेक पैड्स लगाए गए हैं। पांच राइडिंग मोड्स और बॉस का 5वीं पीढ़ी का फ्रंट रडार सेंसर इस बाइक को और भी सुरक्षित बनाते हैं।

### जियो भारत 4जी फोन सिर्फ 699 रुपये में उपलब्ध

**मुंबई (एजेंसी)।** दूरसंचार कंपनी जियो फेस्टिव सीजन में रिलायंस की तरफ से अभी हाल ही में रिचार्ज प्लान में कई तरह के उपहार का ऐलान किया गया था। वहीं अब रिलायंस जियो ने अपने जियोभारत 4जी फोन की कीमतों में बड़ी कटौती की है। दिवाली के इस खास ऑफर के तहत अब जियोभारत 4जी फोन सिर्फ 699 रुपये में उपलब्ध होगा, जो पहले 999 रुपये में मिल रहा था। कंपनी ने इस सीमित समय के ऑफर की घोषणा करते हुए कहा कि यह ऑफर सभी यूजर्स के लिए उपलब्ध है। इस फोन में 1.77 इंच का क्यूवीजीए टीएफटी डिस्प्ले है और इसमें 1000एमएएच की रिमूवेबल बैटरी दी गई है। फोन में टॉर्च लाइट, एफएम रेडियो, हेडफोन जैक और 0.3 मेगापिक्सल का कैमरा है। यह फोन 128जीबी तक के एसडी कार्ड को सपोर्ट करता है, जिससे स्टोरेज बढ़ाया जा सकता है। हालांकि, इस फोन में केवल जियो का सिम इस्तेमाल किया जा सकता है।

### टीवीएस रेडर आईगो वेरिएंट का बूस्ट मोड युवाओं को आएगा पंसद

**मुंबई (एजेंसी)।** टीवीएस रेडर 125 का नया आईगो वेरिएंट लांच किया है। इस नए मॉडल में कई इनोवेटिव फीचर्स दिखने को मिलने वाले हैं, जिसमें सबसे प्रमुख बूस्ट मोड है, जो इस सेगमेंट में पहली बार दिखाई देगा है। इस वेरिएंट की एक्स-शोरूम कीमत 98,389 रुपये रखी गई है।

टीवीएस रेडर आईगो वेरिएंट में बूस्ट मोड से 0.55 प्रतिशत अतिरिक्त टॉर्क और 10 प्रतिशत तक अधिक माइलेज मिलती है, जो खासकर युवाओं के लिए आकर्षक है। बाइक में अपग्रेडेड रिवर्स एलसीडी कनेक्टेड क्लस्टर है, जो 85 से अधिक कनेक्टेड फीचर्स के साथ आता है।

# वैश्विक रुख और कंपनी के नतीजे से तय होगी शेयर बाजार की दिशा : विशेषज्ञ




**नई दिल्ली (ईएमएस)।** स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस कम कारोबारी सत्र वाले सप्ताह के दौरान विदेशी निवेशकों की गतिविधियों, वैश्विक रुख और कंपनियों के तिमाही नतीजों से तय होगी। बाजार के विश्लेषकों ने कहा है कि मासिक डेरिवेटिव्स अनुबंधों के निपटान की वजह से बाजार में कुछ और गिरावट देखने को मिल सकती है। विदेशी कोषों की भारी निकासी और कंपनियों के दूसरी तिमाही के नतीजे अच्छे नहीं रहने की वजह से पिछले सप्ताह बाजार में बड़ी गिरावट आई थी। एक विशेषज्ञ ने कहा कि अगले महीने की शुरूआत में अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से पहले निवेशकों के सतर्क रहने से निकट अवधि में बाजार में कमजोरी का रुख जारी रह सकता है। दिवाली के मौके पर शुक्रवार को शेयर बाजार बंद रहेंगे, लेकिन शाम को एक घंटे के लिए विशेष मुहूर्त कारोबार होगा। प्रमुख स्टॉक एक्सचेंज बीएसई और एनएसई एक नवंबर को दिवाली के अवसर पर एक घंटे का विशेष मुहूर्त कारोबार आयोजित करेंगे, जो नए संवत 2081 की शुरूआत का प्रतीक है। बाजार के विश्लेषकों ने कहा कि हमें उम्मीद है कि अल्पावधि में बाजार में गिरावट जारी रहेगी। इस रुख में बदलाव एफआईआई की बिकवाली की रफ्तार कम होने और अमेरिका के राष्ट्रपति चुनावों के नतीजों पर निर्भर करेगा। आगे चलकर एफआईआई का प्रवाह बाजार की दिशा निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, जबकि अक्टूबर के वायदा एवं विकल्प निपटान की वजह से बाजार में उतार-चढ़ाव रहने की उम्मीद है। अभी दूसरी तिमाही के नतीजों का सत्र चल रहा है। ऐसे में आगामी तिमाही नतीजे बाजार को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि वैश्विक मोर्चे पर भू-राजनीतिक घटनाक्रम, विशेष रूप से ईरान-इजराइल संघर्ष और कच्चे तेल की कीमतों पर इसका असर बाजार की दिशा के लिए महत्वपूर्ण रहेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से पहले दुनियाभर के बाजार सतर्क और इंतजार करो का रुख अपना सकते हैं। महत्वपूर्ण आंकड़े जैसे अमेरिका के रोजगार के आंकड़े, सकल घरेलू उत्पाद के आंकड़े, चीन का पीएमआई विनिर्माण आंकड़ा बाजार के लिए महत्वपूर्ण संकेतक होंगे। अमेरिका का मुख्य पीसीई मूल्य सूचकांक 31 अक्टूबर को जारी होगा, जिसके आधार पर अमेरिकी केंद्रीय बैंक महंगाई का आकलन करता है। इसके अलावा बैंक ऑफ जापान भी 31 अक्टूबर को अपने ब्याज दर पर निर्णय की घोषणा करने वाला है। इस सप्ताह अदाणी पावर, बीएचईएल, अदाणी एंटरप्राइजेज, अदाणी पोर्ट्स और डाबर इंडिया अपने तिमाही नतीजों की घोषणा करेंगी। एक विश्लेषक ने कहा कि अक्टूबर की शुरूआत में शुरू हुई एफपीआई की बिकवाली का सिलसिला जारी है और अभी इस रुख के पलटने का कोई संकेत नहीं है। चीन द्वारा प्रोत्साहन उपायों की घोषणा के बाद एफपीआई की बिकवाली शुरू हुई है। इसके अलावा चीन के शेयरों का मूल्यांकन भी कम है। भारत में शेयरों के ऊंचे मूल्यांकन की वजह से एफपीआई बिकवाल बने हुए हैं। एफपीआई की बिकवाली से बाजार धारणा प्रभावित हुई है और निफ्टी अपने शीर्ष स्तर से आठ प्रतिशत नीचे आ गया है। कमजोर वैश्विक संकेतों, दूसरी तिमाही के उम्मीद से कमजोर नतीजों की वजह से कुल मिलाकर निफ्टी 26,277 अंक के सर्वकालिक उच्चस्तर से आठ प्रतिशत नीचे आ गया है। अमेरिका में पांच नवंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनावों की वजह से अभी बाजार में कमजोरी का यह रुख जारी रहेगा।

## डीएलएफ की बिक्री बुकिंग अप्रैल-सितंबर में 66 फीसदी बढ़कर 7094 करोड़



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** रियल एस्टेट क्षेत्र की प्रमुख कंपनी डीएलएफ की बिक्री बुकिंग मजबूत आवास मांग के कारण चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) में 66 प्रतिशत बढ़कर 7,094 करोड़ रुपये हो गई। पिछले साल इसी अवधि में इसकी बिक्री बुकिंग 4,268 करोड़ रुपये थी। कंपनी पहली तिमाही में मजबूत प्रदर्शन के कारण अप्रैल-सितंबर अवधि के दौरान बिक्री बुकिंग में वृद्धि हासिल करने में सक्षम रही है। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के दौरान डीएलएफ की बिक्री बुकिंग तीन गुना होकर लगभग 6,400 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले साल की समान अवधि में 2,040 करोड़ रुपये थी। हालांकि, 2024-25 की दूसरी तिमाही में बिक्री बुकिंग 69 फीसदी घटकर 692 करोड़ रुपये रह गई, जो एक साल पहले समान अवधि की 2,228 करोड़ रुपये थी। निवेशकों को डीएलएफ ने बताया कि नए उत्पाद पेश के लिए अपेक्षित अनुमोदन प्राप्त करने में देरी के कारण बिक्री में कमी आई है।

## यस बैंक का मुनाफा सितंबर तिमाही में बढ़कर 566.59 करोड़ हुआ



**मुंबई (एजेंसी)।** निजी क्षेत्र के यस बैंक का मुनाफा चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही के लिए 147 प्रतिशत बढ़कर 566.59 करोड़ रुपए रहा है। बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में बैंक का मुनाफा 228.64 करोड़ रुपए रहा था। पिछली अप्रैल-जून तिमाही में बैंक का मुनाफा 516 करोड़ रुपए रहा था। समग्र कर्ज में 12.4 प्रतिशत की वृद्धि तथा शुद्ध ब्याज मार्जिन के 2.4 प्रतिशत तक बढ़ने के कारण समीक्षाधीन तिमाही में मुख्य (कोर) शुद्ध ब्याज आय 14.3 प्रतिशत बढ़कर 2,200 करोड़ रुपए हो गई। बैंक की गैर-ब्याज आय 16.3 प्रतिशत बढ़कर 1,407 करोड़ रुपए हो गई। कुल जमा राशि 18 प्रतिशत रही, जो उद्योग-व्यापी प्रवृत्ति के विपरीत है कि यह ऋण वृद्धि से कम रही। बैंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक (एमडी) प्रशांत कुमार ने कहा कि बैंक ने चालू वित्त वर्ष में जमा में 17-18 प्रतिशत और कर्ज में 13-14 प्रतिशत की वृद्धि का लक्ष्य रखा है। परिसंपत्ति गुणवत्ता के मोर्चे पर, बैंक की सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (एनपीए) सितंबर 2024 के अंत तक घटकर सकल कर्ज का 1.6 प्रतिशत रह गई, जबकि एक साल पहले यह दो प्रतिशत थी। इसी प्रकार शुद्ध एनपीए घटकर 0.42 प्रतिशत रह गया, जो पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के अंत में 0.43 प्रतिशत था। एकीकृत आधार पर बैंक का मुनाफा 19 प्रतिशत की वृद्धि के साथ सितंबर तिमाही में 12,948 करोड़ रुपए हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 10,896 करोड़ रुपये थी।

## जर्मन कंडोम कंपनी ने एक नया ऐप कैमडोम लांच किया




**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** यौन संक्रामक रोगों से सुरक्षा तो नहीं, लेकिन आपके यौन जीवन को सुरक्षित रखने के लिए अब डिजिटल कंडोम उपलब्ध हैं। जर्मन कंडोम कंपनी बिली बॉय ने एक नया ऐप लॉन्च किया है, जिसका नाम कैमडोम है। यह ऐप आपकी सहमति के बिना किसी को भी तस्वीरें लेने, वीडियो बनाने या ऑडियो रिकॉर्ड करने से रोकता है। कैमडोम के निमार्ता इसे डिजिटल कंडोम कहते हैं और दावा करते हैं कि इसका उपयोग असली कंडोम के इस्तेमाल से भी आसान है। इसका उद्देश्य रिवेंज पोर्न को रोकना है, जो कि आज के युग में एक गंभीर समस्या बन चुका है। अक्सर, यौन संबंधों के दौरान, एक या दोनों पक्षों की सहमति के बिना अश्लील सामग्री को रिकॉर्ड किया जाता है, जो बाद में बड़े पैमाने पर साझा कर दिया जाता है। कैमडोम ऐप का इस्तेमाल करना काफी सरल है। उपयोगकर्ता अपने स्मार्टफोन को एक-दूसरे के करीब रखते हैं और सभी कैमरों और माइक्रोफोनों को ब्लॉक करने के लिए एक वर्चुअल बटन को स्वाइप करते हैं। यदि कोई व्यक्ति चुपके से तस्वीर लेने की कोशिश करता है, तो एक अलार्म बजता है, जो पार्टनर को संभावित सुरक्षा उल्लंघन के बारे में सचेत करता है। इस ऐप का विकास उन यौन रूप से सक्रिय लोगों को रिवेंज पोर्न के मनोवैज्ञानिक, भावनात्मक और व्यावसायिक नुकसान से बचाने के लिए किया गया है। रिवेंज पोर्न, जहां बिना सहमति के यौन सामग्री साझा की जाती है, हाल के वर्षों में एक गंभीर अपराध बन गया है, और कई सेलिब्रिटी और आम लोग इस समस्या का सामना कर चुके हैं। कैमडोम के निमार्ता फेलिप अल्मेडा का कहना है कि स्मार्टफोन अब हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा बन गए हैं और उन पर संवेदनशील डेटा होता है। उन्होंने कहा कि हमने पहला ऐप बनाया है जो ब्लूटूथ के माध्यम से आपके कैमरे और माइक्रोफोन को ब्लॉक कर सकता है। अल्मेडा का उद्देश्य डिजिटल पीढ़ी को उन खतरों से बचाना है जिनसे सामान्य कंडोम नहीं निपट सकते, जैसे कि सेक्स के दौरान गैर-सहमति वाले वीडियो का लीक होना। इस नवाचार के जरिए, बिली बॉय एक बार फिर यौन सुरक्षा के क्षेत्र में एक नया कदम उठाने का प्रयास कर रहा है।

## भारतीय के साथ विदेशियों को भी खूब भा रही ये कार... निर्यात में उछाल

**मुंबई(एजेंसी)।** मारुति सुजुकी ऑल्टो भारतीय ग्राहकों के बीच काफी पंसद की जाने वाली कार है। सितंबर 2024 में ऑल्टो ने घरेलू बाजार में 8,655 यूनिट्स की बिक्री के साथ टॉप 10 में 10वां स्थान हासिल किया। इसके साथ ही, ऑल्टो ने निर्यात में भी बेहतर प्रदर्शन करते हुए 927.91 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज की है, जहां पिछले महीने इसकी 442 यूनिट्स का निर्यात हुआ, जबकि सितंबर 2023 में यह मात्र 43 यूनिट्स थी।

ऑल्टो के10 में 1.0-लीटर का पेट्रोल इंजन है जो 67 बीएचपी की पावर और 89 एनएम का टॉर्क जनरेट करता है। यह 5-स्पीड मैनुअल और ऑटोमेटिक गियरबॉक्स के साथ आता है। सीएनजी वेरिएंट 57 बीएचपी की पावर और 82एनएम का टॉर्क देता है। कंपनी का दावा है कि इसका मैनुअल वेरिएंट 24.39 किलो मीटरप्रतिलीटर , ऑटोमेटिक वेरिएंट 24.90 किलो मीटरप्रतिलीटर और सीएनजी वेरिएंट 33.85 किलोमीटर/ किलोग्राम का माइलेज देता है। यह कार 7-इंच के टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम, एंड्रॉइड ऑटो, एप्पल कारप्ले, डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, और स्टीयरिंग माउंटेड कंट्रोल्स के साथ आती है। सेफ्टी के लिहाज से इसमें डुअल एयरबैग्स, एबीएस, और रियर पार्किंग सेंसर दिए गए हैं। रेनॉल्ट क्विड और मारुति एस-प्रेसो से टक्कर लेकर ऑल्टो के10 की शुरूआती एक्स-शोरूम कीमत 3.99 लाख रुपये से शुरू होती है और टॉप वेरिएंट में 5.96 लाख रुपये तक जाती है।

# जल्द ही भारत अमेरिका और यूरोप की कतार में खड़ा होगा




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जल्द ही भारत अमेरिका और यूरोप की कतार में खड़ा होने वाला है। दरअसल, टाटा समूह ने हवाई जहाज निर्माण क्षेत्र में प्रवेश कर लिया है। उसका एक प्लांट गुजरात के बडोदरा शहर में बनकर तैयार है। इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और स्पेन के उनके समकक्ष पेड्रो सांचेज सोमवार करेंगे। टाटा के इस एयरक्राफ्ट कांप्लेक्स में सी-295 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट का निर्माण किया जाएगा। यह पहली बार है जब देश की कोई निजी कंपनी भारतीय सेना के लिए सैन्य विमान बनाएगी। गौरतलब है कि दुनिया में इस वक्त विमान निर्माण की कुछ चुनिंदा कंपनियां हैं। सबसे चर्चित कंपनी है बोइंग और एयरबस। ये कंपनियां अमेरिका और यूरोप की हैं। रूस और चीन के यहां विमान निर्माण कंपनियां हैं लेकिन वे इतनी लोकप्रिय नहीं हैं। ऐसे में भारत का यह कदम उसे अगली कतार में खड़ा करता है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान जारी कहा कि टाटा समूह का बडोदरा प्लांट में एक पूरा इकोसिस्टम बनेगा। जहां विमानों के निर्माण से लेकर उनकी एसेंबली की जाएगी। सितंबर 2001 में रक्षा मंत्रालय ने 56 विमानों के लिए एयरबस के साथ 21,935 करोड़ रुपये का एक कान्ट्रेक्ट किया था। इनमें से 40 विमानों का निर्माण भारत में करना था। इसके लिए टाटा एडवांस सिस्टम लिमिटेड और एयरबस ने समझौता किया था। भारत सरकार के साथ समझौते के मुताबिक एयरबस को पूरी तरह तैयार 16 विमान सेना को सौंपने थे। बाकी का भारत में निर्माण करना था।

# विदेशी निवेशकों ने अक्टूबर में शेयरों से 85,790 करोड़ निकाले

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) का भारतीय शेयर बाजार में बिकवाली का सिलसिला जारी है। इस महीने एफपीआई ने अब तक भारतीय बाजार से 85,790 करोड़ रुपये या 10.2 अरब डॉलर की निकासी की है। चीन के प्रोत्साहन उपायों, वहां शेयरों के आकर्षक मूल्यांकन तथा घरेलू शेयरों के ऊंचे मूल्यांकन की वजह से एफपीआई भारतीय बाजार में लगातार बिकवाली कर रहे हैं। विदेशी कोषों की निकासी के मामले में अक्टूबर का महीना सबसे खराब साबित हो रहा है। मार्च, 2020 में, एफपीआई ने शेयरों से 61,973 करोड़ रुपये निकाले थे। इससे पहले सितंबर में एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजार में 57,724 करोड़ रुपये का निवेश किया था, जो उनके निवेश का नौ माह का उच्चस्तर है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, जून से विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक लगातार लिवाल बने हुए थे। अप्रैल-मई में उन्होंने जरूर 34,252 करोड़ रुपये की निकासी की थी। बाजार के विशेषज्ञों ने कहा कि भविष्य में एफपीआई का भारतीय बाजार में निवेश भू-राजनीतिक स्थिति और ब्याज दरों में उतार-चढ़ाव जैसे वैश्विक घटनाक्रमों पर निर्भर करेगा। उन्होंने कहा कि घरेलू मोर्चे पर मुद्रास्फीति का रुख, कंपनियों के तिमाही नतीजे और त्योहारी सत्र की मांग पर एफपीआई की निगाह रहेगी। आंकड़ों के अनुसार एफपीआई ने एक से 25 अक्टूबर के बीच भारतीय शेयर बाजार से 85,790 करोड़ रुपये की निकासी की है। एफपीआई की निरंतर बिकवाली ने बाजार की धारणा को प्रभावित किया है, जिससे एनएसई का निफ्टी अपने शीर्ष स्तर से आठ प्रतिशत नीचे आ गया है। एफपीआई की निरंतर बिकवाली के रुख में तत्काल बदलाव आने की संभावना नहीं है। चीन के प्रोत्साहन उपायों की वजह से एफपीआई वहां के बाजार का रुख कर रहे हैं। इसके अलावा भारत में मूल्यांकन ऊंचा होने की वजह से भी एफपीआई बिकवाल बने हुए हैं। आंकड़ों के अनुसार एफपीआई ने समीक्षाधीन अवधि के दौरान बॉन्ड से सामान्य सीमा के माध्यम से 5,008 करोड़ रुपये निकाले हैं और स्वैच्छिक प्रतिधारण मार्ग (वीआरआर) से 410 करोड़ रुपये का निवेश किया। इस साल अब तक एफपीआई ने शेयरों में 14,820 करोड़ रुपये और ऋण या बॉन्ड बाजार में 1.05 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया है।

## भारत में फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस में वृद्धि की महत्वपूर्ण संभावना: एरिक्सन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** स्वीडन की दूरसंचार उपकरण विनिमार्ता कंपनी एरिक्सन का कहना है कि भारत में अंतिम उपयोगकर्ता तक डेटा खपत बढ़ने से उसकी वृद्धि का अगला चरण नेटवर्क सघनीकरण (नेटवर्क डेंसिफिकेशन) से आगे बढ़ेगा। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह बात कही है। एरिक्सन के भारत में प्रबंध निदेशक और दक्षिण-पूर्व एशिया, ओसियाना और भारतीय बाजार क्षेत्र के लिए एक अधिकारी ने बताया कि भारत में फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस में वृद्धि की महत्वपूर्ण संभावना है, और तैनाती की संख्या के मामले में यह जल्द ही अमेरिका के आंकड़े को पार कर जाएगी। अधिकारी ने कहा कि वृद्धि का अगला चरण मुख्य रूप से नेटवर्क उपयोग को बढ़ाने के लिए नेटवर्क सघनीकरण के माध्यम से बढ़ती ट्रैफिकह्न जरूरतों को पूरा करने पर केंद्रित है। नेटवर्क का इस्तेमाल बढ़ने से नेटवर्क सघन होता है। नेटवर्क सघनीकरण नेटवर्क में नोड्स का घनत्व बढ़ाने की प्रक्रिया है, जिससे क्षमता, कवरेज सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होता है। एरिक्सन का अनुमान है कि भारत में डेटा ट्रैफिक 2029 तक प्रति स्मार्टफोन उपयोगकर्ता प्रतिमाह 29 जीबी से बढ़कर 68 जीबी तक पहुंच जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि यह रुख जारी रहता है तो सेवाप्रदाता उपयोगकताओं के अनुभव को बढ़ाने के लिए नेटवर्क को सघन करेंगे। भारत में 2022 की दूसरी छमाही और 2023 की शुरूआत में 5जी की तेजी से शुरूआत की वजह से एरिक्सन और अन्य दूरसंचार उपकरण विनिमार्ताओं के कारोबार में काफी तेजी आई थी।

संक्षिप्त समाचार

## मेरे स्वास्थ्य से जरूरी यमुना की सफाई, वीरेंद्र सचदेवा बोले- हमारी एक डुबकी ने...

**नईदिल्ली, एजेंसी।** यमुना में डूबकी लगाने के बाद भाजपा की दिल्ली इकाई के प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा बीमार पड़ गए हैं। वीरेंद्र सचदेवा की त्वचा में संक्रमण हो गया है। उनके शरीर और चेहरे पर जगह-जगह लाल-लाल स्पॉट पाए गए हैं। उनको खुजली और सांस लेने में तकलीफ की शिकायत के बाद शनिवार को आरएमएल (राम मनोहर लाल) अस्पताल में भर्ती कराया गया। अब उनका बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि मेरे लिए मेरे स्वास्थ्य ज्यादा महत्वपूर्ण, छठ पूजा से पहले यमुना की सफाई है। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि दिल्ली के मंत्री गोपाल राय जी ने मेरे स्वास्थ्य की कामना की है। मैं उनका धन्यवाद देता हूं। मैं उनसे कहना चाहता हूं कि मेरे लिए मेरे स्वास्थ्य से ज्यादा जरूरी यमुना जी की सफाई है। ऐसे में जब छठ पर्व सामने है। माताएं बहनें जब छठ की आराधना करने जाएंगी। हमारी एक डुबकी ने बता दिया की आपकी सरकार ने भ्रष्टाचार में लिप्त रहकर किस तरह मां यमुना को गंदा किया है। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि आज मुझे संतोष है की यमुना में मेरे डुबकी लगाने के बाद से यमुना सफाई के नाम पर आम आदमी वार्टी सरकार के भ्रष्टाचार एवं लापरवाही की चौतरफा निंदा हो रही है। यह अंत नही है, मैं ठीक होते ही तुरंत मुख्यमंत्री आतिशी मार्लेना के घर जाकर छठ पर्व से पहले यमुना की सफाई एवं जल बहाव बढ़ाने की मांग करूंगा।

## अतिक्रमण के खिलाफ दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने भी संभाली कमान, चला अभियान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी के खजूरी चौक पर अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया। पुलिस ने कहा कि इलाके में ट्रैफिक की भीड़भाड़ को कम करने के लिए उसकी ओर से उक्त कार्रवाई की गई। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने बयान जारी कर कहा कि 26 अक्टूबर को सिग्नेचर ब्रिज के पास खजूरी चौक पर अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया। इस दौरान अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने अपने बयान में कहा कि अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की गई और अधिकांश अतिक्रमण हटा दिए गए। इस अभियान में दिल्ली नगर निगम यानी एमसीडी के अधिकारियों ने भी भाग लिया।अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कानून की उचित धाराओं के तहत कुल 42 चालान जारी किए गए। एमसीडी के कर्मचारियों की कार्रवाई में भी बड़ी मात्रा में सामान जब्त किया गया। बता दें कि सिग्नेचर के पास खजूरी चौक राष्ट्रीय राजधानी के यमुना पार क्षेत्र के सबसे व्यस्त चौराहों में शुमार है। यहां बड़ी संख्या में लोगों और वाहनों की आवाजाही होती है। यह चौराहा खजूरी ट्रैफिक सर्कल के अधिकार क्षेत्र में आता है। इस इलाके में अक्सर ट्रैफिक की समस्या देखी जाती है।

## रोहिंग्या बच्चों को स्कूल ने नहीं दिया दाखिला, हाईकोर्ट में याचिका, एमसीडी को भी लपेटा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका (पीआईएल) में आधार कार्ड नहीं होने के कारण म्यांमार से आए रोहिंग्या शरणार्थी बच्चों को स्कूल में दाखिला नहीं दिए जाने के खिलाफ गुहार लगाई गई है। जनहित याचिका में दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) को भी लपेटा गया है। याचिका में एमसीडी की ओर से उसके स्कूलों में नामांकित म्यांमार के रोहिंग्या शरणार्थी छात्रों को वैधानिक लाभ देने से मना करने का भी उल्लेख किया गया है। एमसीडी के इस रवैये को मनमाना और गैरकानूनी करार दिया गया है। सोशल ज्यूरिस्ट नामक एक एनजीओ ने यह पीआईएल दाखिल की है। इसमें कहा गया है कि स्कूल का यह रवैया इन बच्चों के लिए शिक्षा के मौलिक अधिकार का उल्लंघन करता है। याचिका में संविधान के अनुच्छेद 14, 21 और 21-ए का हवाला दिया गया है। याचिका में कहा गया है कि संविधान का उक्त अनुच्छेद और मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा के अधिकार का अधिनियम, 2009 के तहत अनिवार्य शिक्षा बच्चों का मौलिक अधिकार है। उनके पास आधार कार्ड, बैंक खाते और यूएनएचआरसी की ओर से जारी शरणार्थी कार्ड को छोड़कर अन्य दस्तावेज नहीं हैं।

# फूट-फूटकर रोने लगे सत्येंद्र जैन पिता की बात करते हुए भावुक हुए

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
लंबे समय तक जेल में रहने के बाद जमानत पर बाहर निकले आम आदमी पार्टी (आप) के नेता और दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने एक बार फिर खुद को बेगुनाह बताते हुए कहा कि उन्हें झूठे मामले में फंसाया गया। जैन ने कहा कि 7 साल से सीबीआई जांच कर रही है, लेकिन अभी तक उनके खिलाफ जांच पूरी नहीं हो पाई है। एक इंटरव्यू के दौरान वह अपने परिवार और खासकर पिता का जिक्र करके फूट-फूटकर रोने लगे। उन्होंने बताया कि कैसे उनका परिवार शुरुआत में उनके चुनाव लड़ने के विरोध में था और फिर उन्होंने ही आगे बढ़ने को कहा। अपने एक सहयोगी को दिए इंटरव्यू में सत्येंद्र जैन कहा



कि जेल में उनके मन में इस बात का गिल्ट था कि परिवार को कहां फंसा दिया। उनकी तो कोई गलती नहीं थी, मुझे शौक चढ़ा था ना कि देश के लिए कुछ करूं, मेरे परिवार का क्या अपराध था। गिल्ट था कि अपने परिवार के साथ मैंने ऐसा क्या किया, दूसरा ख्याल यह आता था मन में कि मेरे साथ ऐसा क्यों हुआ जब मैंने कोई गलत काम नहीं किया। आप के यूट्यूब चैनल पर अपलोड किए गए इंटरव्यू में सत्येंद्र जैन अपने पिता की बात करते हुए भावुक हो जाते हैं। उन्होंने खुद को संभालने की कोशिश की, लेकिन फूट-फूटकर रोने लगे। चुनाव लड़ने को लेकर पिता से हुई बातचीत और फिर उनके निधन की बात करके वह रोने लगे। जैन ने कहा कि कोरोना काल में वह स्वास्थ्य मंत्री के रूप में काम करते हुए इतने व्यस्त थे कि पिता के निधन पर एक दिन रो भी ना सके।

याद किया कि कैसे उनके पिता और पत्नी शुरुआत में उनके चुनाव लड़ने का विरोध कर रहे थे और फिर बाद में उन्होंने कहा कि अब पीछे नहीं हटना है। जैन ने कहा, जब 2012 में मुझे पहली बार टिकट मिला तो मेरे पिता ने कहा कि यह लुच्चे लफंगों का काम है।

## गैस चेम्बर बनी दिल्ली में घुट रहा लोगों का दम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में तेज धूप और पूर्वी हवा के चलते सप्ताहभर तक पारा सामान्य से ज्यादा रहने का अनुमान है। शनिवार को भी सफदरजंग में अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से एक-एक डिग्री अधिक दर्ज किया गया। दिल्ली में आमतौर पर अक्टूबर के अंत तक हल्की ठंड शुरू हो जाती है, लेकिन इस बार अभी तक ठंड की आमद नहीं हुई है। सुबह-शाम भले ही मौसम खुशनुमा हो रहा है पर ठंड का अहसास शुरू नहीं हुआ है। दिल्ली के ज्यादातर इलाकों में शनिवार सुबह से तेज धूप निकली रही। सफदरजंग में अधिकतम तापमान 33 डिग्री रहा, जबकि न्यूनतम तापमान 18.6 डिग्री सेल्सियस रहा। दोनों ही तापमान सामान्य से एक-एक डिग्री कम है। इस समय तक हवा की दिशा उत्तरी पश्चिमी हो जाती है। यह हवा अपने साथ उच्च हिमालयी क्षेत्रों की ठंड लेकर आती है। लेकिन, इस बार हवा की दिशा भी मुख्य तौर पर पूर्वी बनी हुई है। प्रदूषण का स्तर भी कम होने का नाम नहीं ले रहा। शनिवार को दिल्ली की एयर क्वालिटी 372 दर्ज कई गई जो की बेहद खराब श्रेणी है। इससे पहले शनिवार को 255 एक्यूआई दर्ज की गई थी। इस बीच एक पर्यटक हिमांशु ने कहा कि बढ़ता प्रदूषण में दम घुटने जैसा लगता है। सरकार को इस पर गौर करना चाहिए कि प्रदूषण को कम करने के लिए क्या किया जा सकता है।

## *मुझे मारना चाहते हैं, हमला किया गया; भाजपा को एक चुनौती दे बोले अरविंद केजरीवाल*

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को भाजपा पर हमले की साजिश रचने का आरोप लगाते हुए जोरदार हमला बोला। केजरीवाल ने उत्तर-पश्चिम दिल्ली के बादली में पदयात्रा के दौरान जनता को संबोधित करते हुए कहा कि कल मैं विकासपुरी गया था। उन्होंने (भाजपा ने) विकासपुरी में अपने गुंडों का इस्तेमाल कर मुझ पर हमला किया। क्या आप मुझे मारना चाहते हैं? अगर आपमें दम है तो चुनाव लड़िए।

केजरीवाल ने कहा कि शुक्रवार को मेरे ऊपर हमला करवाया गया, ये लोग मुझे मरवाना चाहते हैं। क्योंकि इन्हें पता है कि यह चुनाव नहीं जीत सकते है। मैंने दिल्ली में 500 मोहल्ला क्लिनिक बनाये, इनकी 22 राज्यों में सरकार है इन्हें 5,000 मोहल्ला क्लिनिक बना देने चाहिए। मैं जेल गया तो दिल्ली चमका देते लेकिन भाजपा ने दिल्ली बर्बाद कर दी, चिंता मत करना, अब मैं आ गया हूं, सभी काम करवा दूंगा। इनकी कोई साजिश सफल नहीं होगी। केजरीवाल ने सरकार की मुफ्त सेवाओ का जिक्र करते हुए कहा कि अगर भाजपा सत्ता में आई तो यह मुफ्त बिजली, पानी, महिलाओं को बस यात्रा बंद करा देंगे। उन्होंने कहा कि मैं सत्ता का लालची नहीं, मुझे चिंता है कि दस साल में जो काम हुए वह रुकने नहीं चाहिए। दस साल पहले दिल्ली में बिजली के कट लगते थे। हमने उसे बिल्कुल बंद कर दिया है। वहीं दूसरी ओर यूपी में भाजपा की सरकार है तो वहां मुख्यमंत्री ट्वीट कर रहे हैं कि सुनिश्चित किया जाये कि त्योहारों में यूपी में बिजली न कटे। दिल्ली में पूरे साल 24 घंटे और मुफ्त बिजली आती है। केजरीवाल ने जनता से अपील करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव में दिल्ली के कामों पर बटन दबाना और जिसने काम किए उसके लिए दबाना। जिसने काम रोके, उसके लिए बटन मत दबाना। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मैं अभी जेल से आया हूं, मेरे पीछे से मुझे पता चला कि इन्होंने आप लोगों को बहुत तंग किया। दिल्ली के सारे काम बंद करा दिए। सीवर ओवरफ्लो कर रहे हैं, सड़कें टूटी पड़ी हैं, बुजुर्गों की पेंशन रोक दी। मैंने जेल से निकलने के बाद सारे काम शुरू करा दिए हैं। सड़कों की रिपेयर शुरू करा दी। सीवर का काम भी करा रहा हूं। बुजुर्गों की पेंशन भी शुरू करा दी है। बस मार्शलों को नौकरी पर लगा रहा हूं। एक-एक काम करूंगा, कोई काम नहीं रुकेगा।

## कनॉट प्लेस के पालिका बाजार में मिला चाइनीज जैमर, दिल्ली पुलिस ने टेली कम्यूनिकेशन विभाग को दी सूचना

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
राजधानी दिल्ली के प्रशांत विहार इलाके में सीआरपीएफ स्कूल के बाहर हुए धमाके की घटना के बाद से दिल्ली पुलिस संदिग्ध लोगों और सामान की लगातार जांच-पड़ताल कर रही है। इस दौरान कनॉट प्लेस थाना पुलिस ने पालिका बाजार से एक चाइनीज मोबाइल फोन सिग्नल जैमर बरामद किया है, जिसकी रेंज करीब 50 स्क्वायर यार्ड की है। वहीं, मध्य जिला पुलिस ने चोरी के 115 मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। कनॉट प्लेस थाना पुलिस ने यह चाइनीज मोबाइल फोन सिग्नल जैमर पालिका बाजार के एक दुकानदार पास से बरामद किया है। इस तरह के जैमर बनाने से लेकर इसे रखने व इसकी खरीद-बिक्री के लिए भी जरूरी दस्तावेज की आवश्यकता होती है, लेकिन यह जैमर बिना किसी दस्तावेज के होने के कारण अवैध था। पुलिस ने जब दुकानदार से पूछताछ की तो उसने खुलासा किया कि यह जैमर उसने न्यू लाजपत राय मार्केट से एक शख्स से 25 हजार रुपये में खरीदा था और वह महंगी कीमत पर इसे बेचना चाहता था। बहरहाल, पुलिस ने टेली कम्यूनिकेशन विभाग को इस बारे में सूचित कर दिया है। दूसरी ओर पुलिस ने मध्य जिला से चोरी किए गए या लूटे अथवा झपटे गए 115 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। एक विशेष कार्यक्रम के तहत पुलिस ने इनमें से 96



मोबाइल फोन उनके मालिकों को सौंप भी दिए हैं। यह कार्रवाई सड़कों पर होने वाले अपराध को लेकर चलाए गए विशेष अभियान के तहत की गई। पुलिस का दावा है कि इस प्रयास के तहत 2023 की तुलना में 2024 में मध्य जिले में झपटमारी से संबंधित पीसीआर कॉल में करीब 40 प्रतिशत कमी आई है, जबकि लूटपाट से संबंधित पीसीआर कॉल में 10 प्रतिशत की गिरावट आई है। बता दें कि, रोहिणी के प्रशांत विहार इलाके में 20 अक्टूबर को सीआरपीएफ स्कूल की दीवार के पास एक जोरदार धमाका हुआ था। इस धमाके में कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन इससे आसपास की दुकानों के होर्डिंग्स और इलाके में खड़े कुछ वाहनों की खिड़कियों के शीशे क्षतिग्रस्त हो गए थे। घटना से पहले वाली रात के एक संदिग्ध का सीसीटीवी फुटेज बरामद किया गया था और धमाके से ठीक पहले घटनास्थल के पास देखे गए दो दर्जन से अधिक लोगों से पूछताछ की गई थी। दिल्ली पुलिस के साथ ही एनआईए, एनएसजी, सीआरपीएफ समेत देश की तमाम बड़ी एजेंसियां इस मामले की जांच कर रही हैं।

## जर्मनी ने भारतीय कुशल श्रमिकों के लिए वीजा कोटा 350% बढ़ाकर 90,000 किया

**बर्लिन, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि जर्मनी ने कुशल भारतीय पेशेवरों के लिए अपना वार्षिक वीज़ा कोटा 20,000 से बढ़ाकर 90,000 कर दिया है, जो 3.5 गुना वृद्धि दर्शाता है। इस कदम के बारे में आशा व्यक्त करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि बढ़ा हुआ वीज़ा कोटा जर्मनी की कुशल श्रम की मांग को संबोधित करके उसकी आर्थिक वृद्धि को बढ़ाएगा और दोनों देशों के बीच आर्थिक सहयोग को भी मजबूत करेगा। नतीजतन, भारतीय पेशेवरों को जर्मनी में अधिक रोजगार के अवसर मिलेंगे। जो जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज की भारत यात्रा के बाद हुआ। इससे पहले दोनों नेताओं ने राष्ट्रीय राजधानी में पीएम मोदी के आधिकारिक आवास पर आमने-सामने की बैठकें कीं। स्कोल्ज़ की तीन दिवसीय भारत यात्रा शनिवार को समाप्त हो रही है। आज बाद में भारत और जर्मनी 7वें अंतर-सरकारी परामर्श का भी आयोजन करेंगे, जिसकी सह-अध्यक्षता दोनों नेता करेंगे। इस दौरान सुरक्षा और रक्षा साझेदारी बढ़ाने, प्रतिभाओं की गतिशीलता बढ़ाने और आर्थिक सहयोग बढ़ाने पर चर्चा होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने सम्मेलन में कहा- यह वर्ष भारत-जर्मनी रणनीतिक साझेदारी का 25वां वर्ष है। अब आने वाले 25 वर्ष इस साझेदारी को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। हमने आने वाले 25 वर्षों में भारत के विकास के लिए एक रोडमैप तैयार किया है। दिल्ली में अपने कार्यक्रमों के बाद शोल्ज दो जर्मन नौसैनिक जहाजों, फ्रिगेट बाडेन-वुर्टेमबर्ग और सहायक जहाज फ्रैंकफर्ट एम मेन का स्वागत करने के लिए गोवा की यात्रा भी करेंगे। यह परियोजना जर्मनी की इंडो-पैसिफिक तैनाती का एक हिस्सा है।

# खालिस्तानी उग्रवादी समूहों से जुड़ी घटनाओं ने कनाडा में सार्वजनिक सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ाई

**टोरंटो एजेंसी।**
हाल के हफ्तों में, खालिस्तानी उग्रवादी समूहों से जुड़े घटनाओं ने कनाडा में सार्वजनिक सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है। इसने देश की प्रसिद्ध बहुसांस्कृतिक व्यवस्था पर बहस को जन्म दिया है। एडमोंटन से सांसद चंद्र आर्य ने इस मुद्दे पर एक संसदीय बयान दिया। उसने एक चिंताजनक व्यक्तिगत अनुभव साझा किया, जिसमें कहा, दो हफ्ते पहले, मैं एडमोंटन में एक हिंदू कार्यक्रम में केवल आरसीएमपी (रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस) अधिकारियों की सुरक्षा के साथ भाग ले सका, क्योंकि खालिस्तानी विरोधियों ने मेरे खिलाफ प्रदर्शन किया था।आर्य ने स्थिति की गंभीरता पर जोर देते हुए कहा, कनाडा में, हमने लंबे समय से खालिस्तानी उग्रवाद की समस्या को पहचाना और अनुभव किया है। कृपया स्पष्ट कर दूं। कनाडा की संप्रभुता का सम्मान करना अनिवार्य है और यहां विदेशी हस्तक्षेप किसी भी रूप में अस्वीकार्य है। ऋष्टक्क ने खालिस्तानी उग्रवाद के कारण पैदा होने वाली चुनौतियों को स्वीकार किया है। आर्य ने आरसीएमपी



की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा, खालिस्तानी उग्रवाद कनाडा की समस्या है और आरसीएमपी ने कहा है कि राष्ट्रीय कार्यबल इस पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। यह कार्यबल देश में काम कर रहे विभिन्न उग्रवादी समूहों के द्वारा उत्पन्न खतरों को रोकने और संबोधित करने के प्रयास में है। विशेषज्ञों का मानना है कि उग्रवाद और आतंकवाद अंतरराष्ट्रीय मुद्दे हैं जो राष्ट्रीय सीमाओं को नहीं मानते। उग्रवादी विचारधाराएं आसानी से सीमाओं को पार कर सकती हैं। हमारी जुड़ी हुई दुनिया में, डॉ. माया सिंह, टोरंटो विश्वविद्यालय की एक आतंकवाद-निरोधक विश्लेषक ने कहा। कनाडा की विविधता इसकी ताकत है, लेकिन यह सुनिश्चित करने के लिए मजबूत तंत्र की आवश्यकता है कि उग्रवादी तत्व सार्वजनिक सुरक्षा और सामाजिक समरसता को कमजोर न करें।

लिए अधिक सतर्कता की मांग की है। आर्य ने कनाडाई अधिकारियों से अपील की, मैं हमारे कानून प्रवर्तन एजेंसियों से कहता हूँ कि इस मुद्दे को पूरी गंभीरता के साथ लें। समुदाय के नेताओं ने शांति बनाए रखने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है। जब हम किसी भी प्रकार के हिंसा या उग्रवाद की निंदा करते हैं, तो यह जरूरी है कि हम समुदाय के सदस्यों के साथ संवाद करें ताकि उन मुद्दों को समझा जा सके।

जो ऐसे आंदोलनों को बढ़ावा देते हैं, कहा हरप्रीत कौर ने, एडमोंटन सिख समुदाय परिषद के प्रवक्ता ने। जैसे-जैसे कनाडा इन चुनौतियों से जूझता है, सवाल उठता है कि क्या यह देश अपनी सुरक्षा और समावेशिता के मूल्यों को कायम रख सकेगा जो इसके लिए जाना जाता है। आर्य ने एक प्रश्न उठाते हुए कहा, क्या यह वह कनाडा है जिसे हम सभी जानते हैं? यह सवाल उन लोगों के लिए एक साझा भावना है जो चिंतित हैं कि बढ़ते उग्रवाद से देश की बहुसांस्कृतिक और शांति का नाम खराब हो सकता है।

# पाकिस्तान में पुलिस वैन पर हमले के बाद मुठभेड़ में 2 आतंकवादी ढेर

**पेशावर , एजेंसी।**
पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में आतंकवादियों ने शनिवार को एक पुलिस मोबाइल वैन पर हमला कर दिया और इस दौरान जवाबी कार्रवाई में दो आतंकवादी मारे गए। पुलिस ने बताया कि आतंकवादियों ने बन्नू जिले में छावनी पुलिस थाने के तहत आने वाले क्षेत्र में गश्त पर गयी वैन पर घात लगाकर हमला कर दिया। इसके बाद हुई मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए। हमले में कोई पुलिस अधिकारी हताहत नहीं हुआ।

प्राधिकारियों ने मृतक आतंकवादियों की शिनाख्त कर ली है। एक अन्य घटना में प्रांत के बजौर जिले के नवागई इलाके में पुलिस और अर्द्धसैन्य फ्रंटियर कोर की एक संयुक्त चौकी पर हमला किया गया। बहरहाल, हमले को विफल कर दिया गया और इसमें कोई हताहत नहीं हुआ। एक और घटना में जमीयत-ए-उलेमा-इस्लाम (जेयूआई-एफ) से संबद्ध हाजी शरीफुल्ला की बन्नू जिले में अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।



## खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बड़ा आत्मघाती हमला, आठ लोगों की मौत

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शनिवार को एक पुलिस चौकी को निशाना बनाकर किए गए आत्मघाती हमले में कानून प्रवर्तन एजेंसियों के छह कर्मियों सहित कम से कम आठ लोग मारे गए और कई अन्य लोग घायल हो गए। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार, यह विस्फोट अफगानिस्तान की सीमा से लगे उत्तरी वजीरिस्तान कबायली जिले के मीर अली तहसील में असलम जांच चौकी पर हुआ। सूत्रों ने बताया कि तीन पहिया वाहनों पर सवार होकर आए हमलावरों ने जांच चौकी और सुरक्षा बलों के वाहनों को टक्कर मारी, जिसमें कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई। सूत्रों के मुताबिक, मारे गये लोगों में चार पुलिसकर्मी, दो सैनिक और दो नागरिक शामिल हैं। सूत्रों ने बताया कि विस्फोट में कई अन्य लोग घायल हुए हैं, जिन्हें मीरान शाह अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूत्रों के अनुसार, हताहतों की संख्या बढ़ सकती है। अभी तक किसी भी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। इस बीच, सुरक्षा बलों ने इलाके को घेर लिया है। खैबर पख्तूनख्वा के गवर्नर फैसल करीम कुंदी ने हमले की निंदा की। उन्होंने कहा, आतंकवाद के खिलाफ युद्ध में सुरक्षा बलों के बलिदान को लंबे समय तक याद रखा जाएगा। क्षेत्र से आतंकी संगठनों के पूरी तरह खत्म होने तक उनके खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

आर. एन .आई रजि0 न0 JHAHIN/2006/24924 स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक-मुद्रक कमलेश तुलस्यान एस बी राय रोड देवघर द्वारा प्रकाशित तथा आदित्य पब्लिकेशन हाउस, बंधा बाय-पास रोड,बंधा, देवघर (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक-कमलेश तुलस्यान (मो0 9431132132)। कार्यकारी संपादक- श्याम कुमार श्रृंगारी' (इस अंक में प्रकाशित समाचारों का चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी)। फोन नं. 7004539007 फैक्स नं. (06432) 275355, डाक पंजीयन संख्या : SP-13/09 Email : shwetpatra10@gmail.com

**डब्ल्यूटीटी चैम्पियंसः**

## मनिका बत्रा का सफर क्वार्टर फाइनल में हुआ समाप्त

### चीन की इस खिलाड़ी को नहीं दे पाईं मात



**नईदिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रमंडल खेलों में कई पदक जीतने वाली मनिका ने तीनों गेम में विरोधी खिलाड़ी को अच्छी टक्कर दी, लेकिन चीन की खिलाड़ी ने महत्वपूर्ण अंकों पर बेहतर प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। भारत की स्टार महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा का डब्ल्यूटीटी चैंपियंस टूर्नामेंट में सफर क्वार्टर फाइनल में ही समाप्त हो गया। मनिका को क्वार्टर फाइनल में चीन की कियान टियानयी के खिलाफ सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। मनिका से इस टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही थी, लेकिन दुनिया की 30वें नंबर की भारतीय खिलाड़ी को सिर्फ 25 मिनट में टियानयी के खिलाफ 8-11, 8-11, 10-12 से शिकस्त का सामना करना पड़ा।

राष्ट्रमंडल खेलों में कई पदक जीतने वाली मनिका ने तीनों गेम में विरोधी खिलाड़ी को अच्छी टक्कर दी, लेकिन चीन की खिलाड़ी ने महत्वपूर्ण अंकों पर बेहतर प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। डब्ल्यूटीटी क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय मनिका ने शुक्रवार को दुनिया की 14वें नंबर की खिलाड़ी रोमानिया की बर्नाडेट जोक्स को 11-9, 6-11, 13-11, 11-9 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई थी।

टियानयी ने भी प्री क्वार्टर फाइनल में उलटफेर करते हुए दुनिया की चौथे नंबर की खिलाड़ी और शीर्ष वरीय हमवतन यिडी वैंग को 11-7, 11-9, 13-11 से शिकस्त दी थी। डब्ल्यूटीटी में हिस्सा ले रहीं एक अन्य भारतीय दुनिया की 25वें नंबर की खिलाड़ी श्रीजा अकुला को पहले दौर में ही दुनिया की 13वें नंबर की खिलाड़ी पुएर्टो रिको की एड्रियाना डियाज ने 6-11, 11-7, 11-1, 8-11, 11-8 से हराया था।

## पीएम मोदी ने अर्जुन एरिगेसी को 2800 शतरंज रेटिंग पार करने पर दी बधाई, बोले-अभूतपूर्व उपलब्धि

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईएलओ 2800 रेटिंग क्लब में शामिल होना आसान नहीं है। इतिहास में अब तक केवल 16 खिलाड़ियों ने प्रकाशित रेटिंग में 2800 ईएलओ अंकों को पार किया है। अर्जुन की रेटिंग फिलहाल 2802.1 है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को भारतीय शतरंज खिलाड़ी अर्जुन एरिगेसी को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने लाइव शतरंज रेटिंग में अर्जुन एरिगेसी के 2800 अंक पार करने को अभूतपूर्व उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह एक बहुत बड़ी व्यक्तिगत उपलब्धि होने के अलावा कई अन्य युवाओं को शतरंज खेलने और वैश्विक मंच पर चमकने के लिए प्रेरित करेगा। पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद के बाद एरिगेसी 2800 ईएलओ रेटिंग को पार करने वाले केवल दूसरे भारतीय खिलाड़ी बन गए थे। ईएलओ 2800 रेटिंग क्लब में शामिल होना आसान नहीं है। इतिहास में अब तक केवल 16 खिलाड़ियों ने प्रकाशित रेटिंग में 2800 ईएलओ अंकों को पार किया है। अर्जुन की रेटिंग फिलहाल 2802.1 है। हाल ही में अर्जुन ने भारत





की ऐतिहासिक शतरंज ओलंपियाड जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। हंगरी के बुडापेस्ट में अर्जुन का प्रदर्शन शानदार रहा था। भारत के लिए तीसरे बोर्ड पर खेलते हुए उन्होंने 11 राउंड में नौ जीत और दो ड्रॉ दिए, जिससे भारत की टीम की जीत में महत्वपूर्ण योगदान मिला।

मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, लाइव शतरंज रेटिंग में 2800 अंक का आंकड़ा पार करने के लिए अर्जुन एरिगेसी को बधाई! यह एक अभूतपूर्व उपलब्धि है। उनकी असाधारण प्रतिभा और दृढ़ता हमारे पूरे देश को गौरवांवित करती है। एक महान व्यक्तिगत उपलब्धि होने के अलावा, यह कई और युवाओं को शतरंज खेलने और वैश्विक मंच पर चमकने के लिए प्रेरित करेगा। उनके भविष्य के प्रयासों के लिए उन्हें शुभकामनाएं।

**अर्जुन की शतरंज शैली काफी विकसित हुई** - अर्जुन की शतरंज शैली पिछले कुछ वर्षों में काफी विकसित हुई है। उन्हें शुरू में एक स्थितिगत खिलाड़ी के रूप में जाना जाता था, लेकिन धीरे-धीरे उन्होंने अपने खेल को समझा और कई सुधार किए और अब दुनिया के शीर्ष खिलाड़ियों में उनका नाम आता है। अर्जुन के ग्रैंडमास्टर बनने का सफर बहुत कम उम्र में शुरू हो गया था। उन्होंने 2017 में अपना अंतरराष्ट्रीय मास्टर खिताब अर्जित किया था और एक साल बाद 14 साल की उम्र में अपना ग्रैंडमास्टर खिताब हासिल किया। वह 14 साल की उम्र में विश्व युवा शतरंज चैंपियनशिप में अंडर -2017 डिवीजन में उपविजेता बने थे।



## ब्राजील के फुटबॉल खिलाड़ी को तीन सेकेंड के भीतर दिखाया गया लाल कार्ड

**साओ पाउलो, एजेंसी।** ब्राजील के एक फुटबॉल खिलाड़ी को शीर्ष डिविजन मुकाबले में दौरान विरोधी खिलाड़ी को कोहनी मारने के लिए मैच शुरू होने के तीन सेकेंड के भीतर लाल कार्ड दिखाया गया। क्रुजेइरो के राफा सिल्वा ने एथलेटिको परेनाएंसे के केइके रोचा को मैच शुरू होते ही कोहनी मारी जिससे टीम को बाकी मुकाबला 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। रैफरी रोड्रिगो जोस परेरा डि लिमा ने क्रुजेइरो के 32 साल के खिलाड़ी सिल्वा को लाल कार्ड दिखाया जो फुटबॉल के इतिहास में सबसे जल्दी दिखाए गए लाल कार्ड में से एक है। क्रुजेइरो को इस मैच में 0-3 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

## ऑस्ट्रेलिया और जिम्बाब्वे दौरे के लिए पाकिस्तान टीम का ऐलान

### अभी भी सामने नहीं आया कप्तान का नाम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज में मिली शानदार जीत के बाद अब पाकिस्तान की टीम को ऑस्ट्रेलिया का दौरा करना है. ऑस्ट्रेलिया में पाकिस्तान टीम को वनडे और टी20 सीरीज खेलनी है. इस दौरे की शुरुआत 4 नवंबर से होगी. इसके बाद पाकिस्तान की टीम जिम्बाब्वे का दौरा करेगी. इस दौरे पर भी 3 वनडे और इतने ही टी20 मैच खेले जाएंगे. इस दोनों दौरों के लिए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने टीम का ऐलान कर दिया है. खास बात ये है कि इस बार कई नए चेहरों का शामिल किया गया है. पाकिस्तान क्रिकेट के सेलेक्टर्स ने ऑस्ट्रेलिया और जिम्बाब्वे के दौरे के लिए 15 सदस्यीय टीम का ऐलान किया है. ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे और टी20 सीरीज के लिए बाबर आजम, नसीम शाह और शाहीन अफरीदी को टीम में चुना गया है. इन तीनों स्टार खिलाड़ियों को इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के बीच टीम से अलग किया गया था. लेकिन इन



खिलाड़ियों को जिम्बाब्वे दौरे के लिए आराम दिया गया है. वहीं, मोहम्मद रिजवान ऑस्ट्रेलिया दौरे के अलावा जिम्बाब्वे के खिलाफ वनडे सीरीज का हिस्सा होंगे. वह भी टी20 सीरीज से बाहर रहेंगे.

**इन खिलाड़ियों के लिए बड़ा मौका** - ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए वनडे टीम में आमिर जमाल, अराफात मिन्हास, फैसल अकरम, हसीबुल्लाह, मुहम्मद इरफान खान और सैम अयूब को पहली बार शामिल किया गया है. दूसरी ओर जहानदाद खान और सलमान अली आगा पहली बार टी20 टीम में चुने गए हैं. वहीं, मोहम्मद हसनैन की लंबे समय के बाद टीम में वापसी हुई है.

**अभी भी नहीं हुआ नए कप्तान के नाम का ऐलान** - दरअसल, बाबर आजम ने हाल ही में वनडे और टी20 टीम की कप्तानी छोड़ी थी. ऐसे में ऑस्ट्रेलिया दौरे से टीम को नया कप्तान मिलेगा. लेकिन पाकिस्तान क्रिकेट के सेलेक्टर्स ने टीम के ऐलान के साथ कप्तान के नाम का खुलासा नहीं किया है. पीसीबी की ओर से जारी की गई प्रेस रिलीज के मुताबिक, कप्तान के नाम का ऐलान 27 अक्टूबर यानी आज दोपहर 4 बजे किया जाएगा.

### ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए पाकिस्तान की टीम

**वनडे टीमः** आमिर जमाल, अब्दुल्ला शफीक, अराफात मिन्हास, बाबर आजम, फैसल अकरम, हारिस रऊफ, हसीबुल्लाह (विकेटकीपर), कामरान गुलाम, मोहम्मद हसनैन, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), मुहम्मद इरफान खान, नसीम शाह, सईम अयूब, सलमान अली आगा, शाहीन शाह अफरीदी.

**टी20 टीमः** अराफात मिन्हास, बाबर आजम, हारिस रऊफ, हसीबुल्लाह, जहांदाद खान, मोहम्मद अब्बास अफरीदी, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), मोहम्मद इरफान खान, नसीम शाह, ओमैर बिन यूसुफ, साहिबजादा फरहान, सलमान अली आगा, शाहीन शाह अफरीदी, सुफियान मोकीम, उस्मान खान.

### जिम्बाब्वे दौरे के लिए पाकिस्तान की टीम

**वनडे टीमः** आमिर जमाल, अब्दुल्ला शफीक, अबरार अहमद, अहमद दानियाल, फैसल अकरम, हारिस रऊफ, हसीबुल्लाह (विकेटकीपर), कामरान गुलाम, मोहम्मद हसनैन, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), मुहम्मद इरफान खान, सईम अयूब, सलमान अली आगा, शाहनवाज दहानी और तैय्यब ताहिर.

**टी20 टीमः** अहमद दानियाल, अराफात मिन्हास, हारिस रऊफ, हसीबुल्लाह (विकेटकीपर), जहांदाद खान, मोहम्मद अब्बास अफरीदी, मोहम्मद हसनैन, मुहम्मद इरफान खान, ओमैर बिन यूसुफ, कासिम अकरम, साहिबजादा फरहान, सलमान अली आगा, सुफयान मोकिम, तैयब ताहिर और उस्मान खान.

**अंडर-23 विश्व चैंपियनशिपः**

## अंडर-23 विश्व कुश्ती में अंजलि ने जीता रजत, चिराग फाइनल में पहुंचे

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय महिला पहलवान अंजलि ने अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप के 59 भारवर्ग में रजत पदक हासिल किया। वहीं, फ्री स्टाइल में चिराग ने 55 किग्रा भारवर्ग में कम से कम रजत पदक तय कर दिया है। नेहा शर्मा (57 भारवर्ग), शिक्षा (65 ) और मोनिका (68 भारवर्ग) कांस्य पदक जीतने में सफल रहीं। नेहा और मोनिका ने चीन और शिक्षा ने जापान की पहलवान को हराया। ग्रीको रोमन में रामचंद्र मोरे (55 भारवर्ग) ने भी कांस्य पदक अपनी झोली में डाला। सेमीफाइनल में इअली की अयुरोरा को चित करने वालीं अंजलि फाइनल में यूक्रेन की सोलामिया से अंकों के आधार पर हार गईं। चिराग का फाइनल में किर्गिस्तान के अबदीमलिक काराचोव से मुकाबला होगा। अठारह साल के चिराग ने लगातार तीन कुश्तियां जीतकर खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया है। अभिषेक गुप्ता (61 भारवर्ग), सुजीत (70 भारवर्ग) भी कांस्य की होड़ में हैं।



## लुईस का शतक, वेस्टइंडीज ने तीसरे और अंतिम वनडे में श्रीलंका को हराया




**पाल्लेकल (श्रीलंका), एजेंसी।** एविन लुईस के नाबाद 102 रन की मदद से वेस्टइंडीज ने शनिवार को वर्षा से प्रभावित तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में डकवर्थ-लुईस पद्धति के तहत श्रीलंका को आठ विकेट से हराया। श्रीलंका ने 2-1 से श्रृंखला जीती। वर्ष 2021 से अपना पहला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेल रहे लुईस ने छक्के के साथ 61 गेंद में अपना पांचवां शतक पूरा किया और टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। इस सलामी बल्लेबाज ने 51 रन के स्कोर पर टखना मुड़ने के बावजूद खेलना जारी रखा। श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट पर 156 रन बनाए थे लेकिन इसके बाद बारिश के कारण पांच घंटे खेल रुका रहा और मैच को 23 ओवर का कर दिया गया। वेस्टइंडीज को 195 रन का लक्ष्य मिला और टीम ने 22 ओवर में दो विकेट पर 196 रन बनाकर जीत दर्ज की। श्रीलंका को जीवनदान पाने वाले दोनों सलामी बल्लेबाजों पथुम निसांका (56) और अविष्का फर्नांडो (34) ने पहले विकेट के लिए 17 आवेर में 81 रन जोड़कर अच्छी शुरुआत दिलाई। इसके बाद बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा। दोबारा खेल शुरू होने पर कुसाल मेंडिस (नाबाद 56) ने शुरुआती चार गेंद पर चौके लगाए। निसांका ने रन आउट होने से पहले 58 गेंद में अपना 15वां अर्धशतक पूरा किया। मेंडिस ने सिर्फ 19 गेंद में अर्धशतक जड़ा। उन्हें भी दो जीवनदान मिले। उन्होंने 22 गेंद का सामना करते हुए नौ चौके और एक छक्का मारा। लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज ने 36 रन के स्कोर पर ब्रेंडन किंग (16) का विकेट गंवा दिया।

## कोहली दूसरे टेस्ट में खराब प्रदर्शन के बाद नाराज दिखे, पानी के बक्से पर दे मारा बल्ला

**पुणे (एजेंसी)।** पुणे में दूसरे टेस्ट में विराट कोहली के पहली पारी में आउट होने का कारण खराब शॉट चयन हो सकता है, लेकिन दूसरी पारी में वे थोड़े बदकिस्मत रहे, क्योंकि मिशेल सेंटनर की गेंद नीचे रह गई। भारतीय बल्लेबाज निराश थे और वापस पवेलियन लौटते समय उन्हें गुस्सा आ गया और उन्होंने पानी के बक्से पर बल्ला दे मारा जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि जब वे स्टेडियम की सीढ़ियों पर चढ़ रहे थे, तो 35 वर्षीय खिलाड़ी ने गुस्से में पानी के डिब्बे पर बल्ला मारा और गुस्सा निकाला। कोहली ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट की पहली पारी में शून्य पर आउट होने के बाद दूसरी पारी में 70 रन बनाए थे। वहीं दूसरे मैच की पहली पारी में भी कोहली का बल्ला नहीं चला था और एक रन पर आउट हो गए थे। लेकिन दूसरे टेस्ट की दूसरी पारी में भी वह कुछ खास नहीं कर पाए और मात्र 17 रन ही बना पाए। लाल गेंद के क्रिकेट में खराब दौर से गुजर रहे 35 वर्षीय खिलाड़ी ने सकारात्मक इरादे से बल्लेबाजी की और मिड-विकेट पर कुछ बेहतरीन शॉट खेले। शुरुआत में खराब निर्णय के कारण पंत को विकेट गंवाना पड़ा। जब भारत को साझेदारी की जरूरत थी तब कोहली आउट हो गए और 359 रनों



के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की स्थिति खराब हो गई। सुबह के सत्र में बल्लेबाजी के साथ अच्छा घंटा बिताने के बाद मेजबान टीम लंच के बाद भी लय खोती रही। अंत में रोहित शर्मा की टीम 113 रन से पीछे रह गई और दूसरे टेस्ट के साथ सीरीज भी हार गई।

## दिवाली वाले दिन पता चलेगा आईपीएल टीमें किन-किन खिलाड़ियों को करेगी रिटेन, जानिए कहां होगी रिटेंशन की लाइव स्ट्रीमिंग

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बीसीसीआई ने आईपीएल की सभी 10 टीमों को अगले सीजन के लिए खिलाड़ियों को रिटेन करने की आखिरी तारीख 31 अक्टूबर तक की दी है। 31 तारीख तक सभी टीमें रिटेन किए जाने वाले खिलाड़ियों की सूची बीसीसीआई को सौंप देगी। 31 अक्टूबर को दीवाली है और इस दिन ही क्रिकेट फैंस को पता चल पाएगा कि किस टीम ने किस खिलाड़ी को रिटेन किया और किसे बाहर किया। अब सवाल ये है कि इसका पता क्रिकेट फैंस को कैसे पता चलेगा तो चलिए इसके बारे में हम आपको बताते हैं। आईपीएल 2025 के लिए रिटेन किए जाने वाले खिलाड़ियों के बारे में पूरी जानकारी जियो सिनेमा पर दी जाएगी। जियो सिनेमा पर 31 अक्टूबर को शाम 4.30 बजे से इसके लिए विशेष कार्यक्रम पेश किया जाएगा और इसके जरिए पूरी जानकारी सबको उपलब्ध हो पाएगी। इसके जरिए खेल प्रशंसकों को आसानी से पता चल जाएगा कि किसे रिटेन किया गया है और किसे रिलीज किया जा रहा है।

फ्रेंचाइजियों के लिए अपने खिलाड़ियों को रिटेन करने की आखिरी तारीख 31 अक्टूबर है। टीमों को अधिकतम 6



खिलाड़ियों को रिटेन करने की अनुमति दी गई है, जिनकी कीमत क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे रिटेंशन के लिए 18 करोड़ रुपये, 14 करोड़ रुपये और 11 करोड़ रुपये है। वहीं चौथे रिटेंशन के लिए भी 18 करोड़ जबकि पांचवें रिटेंशन के लिए भी 14 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। एक खिलाड़ी को कोई भी टीम अनकैप्ड प्लेयर के रूप में रिटेन कर सकती है जिसके लिए 4 करोड़ रुपये की अनुमति दी गई है।

**आईपीएल 2025 रिटेंशन लाइव स्ट्रीमिंग की पूरी डिटेल** - क्रिकेट फैंस जियो सिनेमा ऐप और वेबसाइट पर इंडियन प्रीमियर लीग 2025 रिटेंशन की मुफ्त लाइव स्ट्रीमिंग का आनंद ले सकते हैं। जियो सिनेमा ने 31 अक्टूबर को अपने प्लेटफॉर्म पर इस इवेंट को मुफ्त में देखने की घोषणा की है।

**आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी कब होगी** - इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 की मेगा नीलामी की तारीख अभी घोषित नहीं की गई है। हालांकि यह अनुमान लगाया जा रहा है कि यह नवंबर के अंत या दिसंबर की शुरुआत में होगी।

## शमी की अनुपस्थिति बड़ा झटका, लेकिन भारत के रिजर्व तेज गेंदबाजों को कम नहीं आंकेगे: मैकडोनाल्ड

**सिडनी, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड का मानना है कि अगले महीने से शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैच की बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला के दौरान भारत को मोहम्मद शमी की बहुत कमी खलेगी लेकिन उन्होंने कहा कि उनकी टीम इस अनुभवी तेज गेंदबाज की जगह लेने वाले तेज गेंदबाजों को कम नहीं आंकेगी। शमी ने 2018 में ऑस्ट्रेलिया दौरे में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। वह टखने की चोट के कारण पिछले साल नवंबर में वनडे विश्व कप फाइनल के बाद से नहीं खेले हैं। उनका ऑपरेशन किया गया। इसके बाद वह राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में थे। हाल में उनके घुटनों में सूजन आ गई जिससे उनकी पूर्ण फिटनेस हासिल करने की प्रक्रिया प्रभावित हुई।

मैकडोनाल्ड ने कहा, 'मोहम्मद शमी की अनुपस्थिति उनके लिए बहुत बड़ा झटका है। जिस तरह से हमारे बल्लेबाज उनके जज्बे, उनकी लाइन और लेंथ और अपने काम के प्रति उनके समर्पण की बात करते हैं उसे देखते हुए भारत को उनकी कमी खलेगी। भारत ने




दिल्ली के तेज गेंदबाज हर्षित राणा और आंध्र के ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी को पहली बार मौका दिया है। तेज गेंदबाज आकाश दीप और प्रसिद्ध कृष्णा को भी ऑस्ट्रेलिया के दौरे के लिए भारतीय टीम में चुना गया है। तेज गेंदबाजी विभाग की कमान जसप्रीत बुमराह संभालेंगे।

मैकडोनाल्ड ने कहा, 'लेकिन हम जानते हैं कि पिछली बार क्या हुआ था। उनके रिजर्व खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करके भारत को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी, इसलिए उनके खिलाड़ियों को बिल्कुल भी कम करके नहीं आंका जा सकता है। ऑस्ट्रेलिया घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करने वाले युवा बल्लेबाज सैम कोन्स्टास को अपनी टीम में चुन सकता है। वह उस्मान ख्वाजा के साथ पारी का आगाज करने के लिए दौड़ में शामिल हैं। मैकडोनाल्ड ने कहा, 'हम अपनी सर्वश्रेष्ठ टीम का चयन करेंगे और अगर इसमें कोई युवा खिलाड़ी शामिल होता है, तो हम उस दिशा में आगे बढ़ेंगे। यदि चयनकर्ताओं को लगता है कि वह सबसे अच्छा विकल्प है तो हम उसे मौका देंगे।